वर्ष 72 अंक 356 पृष्ठ 12
रीवा, मंगलवार 23 सितंबर, 2025
आश्विन शुक्ल पक्ष 02, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com


शिक्षा सबसे सशक्त हथियार है, जिससे दुनिया को बदला जा सकता है।
-नेल्सन मंडेला

## ऑफ बीट

### रिकॉर्ड: उगाया दुनिया का सबसे बड़ा बैंगन



*बैंगन का सेवन केवल भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में किया जाता है। चाहे इटली का पिज्जा हो, ग्रीस का मौसाका हो या फिर देसी भरता, यह सब्जी कई व्यंजनों की मुख्य सामग्री रहती है। आपने गोल, लंबे आकार वाले कई बैंगन देखे होंगे। हालांकि, हैरानी तो तब होगी जब आपके आगे कोई विशाल बैंगन ला कर रख दे। अमेरिका के एक व्यक्ति ने ऐसा ही एक विशाल बैंगन अपने खेत में उगाया है। यह कमाल एरिक गनस्ट्रोम नाम के व्यक्ति ने किया है, जो अमेरिका के पेंसिल्वेनिया के निवासी हैं। उन्होंने इतना बड़ा बैंगन उगाया है, जिसका वजन एक बिल्ली के बराबर है। इसका वजन 3.969 किलोग्राम है, जिससे यह दुनिया का सबसे बड़ा बैंगन बन गया है। इस बैंगन के जरिए गनस्ट्रोम का नाम गिनीज बुक में शामिल हो गया है। ग्रेट पम्पकिन कॉमनवेल्थ के विशाल फल, सब्जी विशेषज्ञों ने बैंगन के वजन को मापा और इसे सबसे भारी घोषित किया। गनस्ट्रोम पिछले 3 सालों से फल, सब्जियां उगा रहे हैं। उन्होंने बताया कि विशाल सब्जियां उगाना बहुत पसंद है, जो अब उनका जुनून बन गया है। मेरे लिए प्रतिस्पर्धात्मक खेती की शुरुआत 2 दशक पहले विशाल कद्दुओं से हुई थी।*

### एशिया कप में आज

पाकिस्तान बनाम श्रीलंका
समय : शाम 8.00 बजे से
प्रसारण: सोनी स्पोर्ट्स, सोनी लिव पर

# व्यभिचार से शादी टूटी तो प्रेमी/प्रेमिका को भरना होगा हर्जाना

## हाईकोर्ट बोला- एक्स्ट्रामैरिटल अफेयर क्राइम नहीं, इसके नतीजे खतरनाक

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को कहा कि व्यभिचार यानी एक्स्ट्रामैरिटल अफेयर अपने-आप में कोई अपराध नहीं है, बल्कि यह एक वैवाहिक वजह है, जिसे तलाक या वैवाहिक विवाद के मामलों में आधार बनाया जा सकता है। जस्टिस पुरुषेंद्र कौरव ने कहा कि कोई भी पति या पत्नी अपने साथी के प्रेमी पर मुकदमा कर सकता है, और अपनी शादी तोड़ने, आपसी प्रेम को नुकसान पहुंचाने के लिए आर्थिक मुआवजे की मांग भी कर सकता है। यह इसलिए कि इसके नतीजे खतरनाक हो सकते हैं। याचिका में पत्नी ने पति की प्रेमिका से भावनात्मक नुकसान और साथी की हानि के लिए मुआवजा मांगा है। हालांकि, पति और उसकी प्रेमिका को नोटिस जारी किया गया है, ताकि इस बात पर फैसला हो सके कि शादी टूटने की वजह महिला है या नहीं।



अगर किसी तीसरे व्यक्ति के कारण शादी टूटती है, तो पत्नी उसे सिविल कोर्ट में हर्जाना मांग सकती है। न्यायमूर्ति पुरुशेंद्र कुमार कौरव ने बताया कि यद्यपि व्यभिचार अब अपराध नहीं है, फिर भी इसके नुकसान के लिए हर्जाना लिया जा सकता है। यह मामला सिविल कानून से जुड़ा है, इसलिए फैमिली कोर्ट में नहीं बल्कि सिविल कोर्ट में देखा जाएगा। यह फैसला भारत में 'अलीनेशन ऑफ अफेक्शन' सिद्धांत को लागू करने की दिशा में पहला उदाहरण बन सकता है। यह सिद्धांत कहता है कि शादी में प्यार, विश्वास को जानबूझकर तोड़ने वाले व्यक्ति को कानूनी तौर पर जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। 15 सितंबर को हुई सुनवाई में कोर्ट ने यह टिप्पणी की।

### यह है पूरा मामला

यह मामला एक पत्नी की पति की प्रेमिका के खिलाफ दर्ज शिकायत से जुड़ा है। महिला ने 2012 में शादी की। 2018 में उसके जुड़वां बच्चे हुए, लेकिन समस्या तब शुरू हुई जब 2021 में दूसरी महिला उसके पति के व्यवसाय में शामिल हो गई। उसने आरोप लगाया कि दूसरी महिला उसके पति के साथ यात्राओं पर जाती थी। दोनों बेहद करीब आ गए। परिवार के दखल के बावजूद यह सब जारी रहा। महिला का पति सार्वजनिक स्थलों पर प्रेमिका के साथ दिखाई दिया, बाद में तलाक के लिए अर्जी लगा दी। इसके बाद पत्नी ने पति के खिलाफ हाईकोर्ट में केस किया। हालांकि, पति और प्रेमिका ने दावा किया कि शादी से जुड़े मामलों की सुनवाई फैमिली कोर्ट में की जानी चाहिए, हाईकोर्ट में नहीं। सुनवाई के दौरान बेंच ने जोसेफ शाइन मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का जिक्र किया, जिसमें कोर्ट ने व्यभिचार को अपराध से मुक्त कर दिया। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर के लिए लाइसेंस घोषित नहीं किया था। अगर मौजूदा मामला आगे बढ़ता है, तो इस तरह का यह पहला मामला बन सकता है।

### सीपीसीबी की ताजा रिपोर्ट, महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा प्रदूषित नदी क्षेत्र

# नागदा से मंदसौर तक चंबल देश के सर्वाधिक प्रदूषित नदी क्षेत्रों में

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देशभर में प्रदूषित नदी खंडों की संख्या में मामूली कमी आयी है। प्रदूषित नदी क्षेत्रों की संख्या 311 से घटकर 296 रह गई है। सर्वाधिक प्रदूषित खंड महाराष्ट्र में स्थित हैं, लेकिन सर्वाधिक प्रदूषित नदी खंडों में मप्र की चंबल का नागदा से मंदसौर का हिस्सा, दिल्ली में पल्ला से असगरपुर तक यमुना खंड, अहमदाबाद में साबरमती, कर्नाटक एवं तमिलनाडु में क्रमशः तुंगभद्रा व सरबंगा खंड शामिल हैं।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा सोमवार को जारी मूल्यांकन रिपोर्ट के अनुसार 2022 और 2023 में 2,116 स्थानों से लिए गए जल गुणवत्ता आंकड़ों की गयी समीक्षा में 32 राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों की 271 नदियों के 296 हिस्से प्रदूषित मिले। महाराष्ट्र में प्रदूषित नदी खंडों की संख्या सबसे ज्यादा (54) बनी हुई है। प्रदूषित हिस्सों की पहचान के लिए पिछला मूल्यांकन 2022 में किया गया था, जिसमें 2019 और 2021 के आंकड़ों का इस्तेमाल किया गया था, जबकि महामारी के कारण 2020 के आंकड़ों को छोड़ दिया गया था। प्राथमिकता वर्ग-५ में 3.1-6 मिग्रा/लीटर का बीओडी स्तर है, जो सबसे कम प्रदूषण और कम हस्तक्षेप की आवश्यकता को दर्शाता है। 3 मिग्रा/लीटर से कम बीओडी स्तर वाले स्नान के लिए उपयुक्त माने जाते हैं। जिन खंडों में बीओडी की सांद्रता 30 मिलीग्राम/लीटर से अधिक है, उन्हें प्राथमिकता-1 सबसे प्रदूषित खंडों की श्रेणी में रखा जाता है।



**नागदा।** चंबल में बारिश में अभी यह स्थिति है, तो सूखे में अंदाजा लगाया जा सकता है।

#### प्रदूषित नदी खंड

नदी के लगातार दो या दो से अधिक प्रदूषित स्थानों को प्रदूषित खंड कहते हैं। जिन खंडों में जैव रासायनिक ऑक्सीजन (बीओडी) 3 मिलीग्राम प्रति लीटर से अधिक होती है, उन्हें सीपीसीबी द्वारा प्रदूषित खंड की श्रेणी में रखा जाता है। निर्धारित स्तर से अधिक बीओडी, विशेष रूप से जल में रहने वाले जीवों के लिए काफी खतरनाक होता है।

#### गुणवत्ता में गिरावट के साथ नदी का विस्तार

जिन प्रमुख नदियों के खंडों की गुणवत्ता में गिरावट देखी गई, उनमें जम्मू -कश्मीर में झेलम, बिहार में गंगा, रामरेखा व सिकरहना, छग में हसदेव, महानदी, गोवा में साल व मापुसा, कर्नाटक में कावेरी, तुंगभद्रा, केरल में पेरियार और महाराष्ट्र में अंबा व सावित्री शामिल हैं। तेलंगाना में कृष्णा और उत्तराखंड में कोसी के खंड भी शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार, कार्ययोजनाएं बनाने और प्रदूषण कम करने के लिए नदी पुनरुद्धार समितियों का गठन किया गया है। सीपीसीबी ने राज्यों को नदी जलग्रहण,बेसिन प्रबंधन, बाढ़ के मैदानों के संरक्षण और सीवेज जल के उपचार पर ध्यान केंद्रित करने का निर्देश दिया है। वर्तमान में राष्ट्रीय जल गुणवत्ता निगरानी कार्यक्रम के अंतर्गत 645 नदियों के 2,155 स्थानों पर जल गुणवत्ता निगरानी की जाती है। यह कार्यक्रम राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों के सहयोग से सीपीसीबी द्वारा एक राष्ट्रव्यापी पहल है।

### सीआईआई अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा सम्मेलन में वर्चुअली शामिल हुए डॉ. यादव

# निर्माण गतिविधियों का केंद्र बन रहा मध्यप्रदेश: सीएम

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि मप्र अब केवल भारत का दिल नहीं, बल्कि निर्माण गतिविधियों का केंद्र भी बन रहा है। यह समय हमारे लिए निर्णायक है, वैश्विक परिस्थितियां बदल रही हैं और पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मविश्वास से आगे बढ़ रहा है। मेक इन इंडिया और विकसित भारत के संकल्प को साकार करते हुए एक ऐसे भारत की नींव रखी जा रही है जो सुरक्षित, सक्षम और विश्व को मार्गदर्शन करने की सामर्थ्य रखता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को नई दिल्ली के होटल ताज में सीआईआई के अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा सम्मेलन को निवास से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, पीएम मोदी के नेतृत्व में हम सभी नेट जीरो के लक्ष्य की ओर दृढ़ संकल्पित होकर कदम बढ़ा रहे हैं। आने वाले वर्षों में भारत और मप्र विश्व के स्वच्छ ऊर्जा भविष्य का मार्गदर्शक बनेगा। मुरैना सोलर प्लस स्टोरेज परियोजना के शुभारंभ के साथ ही नवकरणीय ऊर्जा में मध्यप्रदेश ने राष्ट्रीय स्तर पर नया मानक स्थापित किया है।



#### अगला अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा सम्मेलन मप्र में

सीएम ने अगला अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा सम्मेलन मप्र में करने के लिए सभी को आमंत्रित किया। डॉ. यादव ने कहा, यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि आज भारत को वैश्विक स्तर पर नजर अंदाज नहीं किया जा सकता। हमारी मातृभूमि भारत अब सिर्फ एक उभरती अर्थव्यवस्था नहीं है, बल्कि पूरी दुनिया की आशा और भरोसे का केंद्र बन चुकी है। भारत आज ऊर्जा और नवकरणीय ऊर्जा, टेक्सटाइल, आईटी, कृषि, फार्मा, रक्षा और अंतरिक्ष हर क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ रहा है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने ऊर्जा क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है एवं भारत को स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकी में वैश्विक स्तर पर एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में स्थापित किया है। भारत ने 2070 तक नेट-ज़ीरो और 2030 तक 500 गीगावाट नॉन-फॉसिल फ्यूल क्षमता का लक्ष्य रखा है।


MARUTI SUZUKI ARENA

त्योहारों की ख़ुशी
अब हुई और बड़ी

GST लाभ और सीमित अवधि फैस्टिव ऑफ़र्स के साथ
30 सितंबर, 2025 तक मान्य

| MODEL | S-PRESSO | ALTO K10 | CELERIO | WAGONR | SWIFT | DZIRE | BREZZA | ERTIGA | EECO |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| REDUCTION IN PRICE^ (₹) UP TO | 129 600 | 107 600 | 94 100 | 79 600 | 84 600 | 87 700 | 112 700 | 46 400 | 68 000 |
| NOW STARTING AT^ (₹) | 349 900 | 369 900 | 469 900 | 498 900 | 578 900 | 625 600 | 825 900 | 880 000 | 518 100 |
| ADDITIONAL FESTIVE OFFERS* (₹) UP TO | 60 000 | 70 000 | 65 000 | 75 000 | 70 000 | 5 000 | 56 000 | 7 500 | 50 000 |

BOOK NOW | UP TO 100% PROCESSING FEE WAIVER ON CAR FINANCE#



ARENA SAFETY SHIELD


SCAN TO CONNECT TO SHOWROOM NEAR YOU

E-BOOK TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM

Contact us at 1800-102-1800

T&C available at dealership. Features/accessories vary by variant. Black glass shade on the vehicle is due to lighting effect. *Offers / Prices differ by variant/model/location/city and may change or end without notice. Includes consumer, exchange, and institutional/rural offers (where applicable) on select models. Offer values shown are maximums. Prices subject to GST rates as notified by the Government. ^Reductions and starting prices vary by variant. #Valid with select financiers, for personal-use vehicles only.

नवरात्रि पर विशेष
द्वितीय दिवस
शुभ नवरात्रि
माँ ब्रह्मचारिणी



आप सभी को
नवरात्रि व दशहरा दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाइयां

MINERVA THE MEDICITY
मिनर्वा द मेडिसिटी
NABH CERTIFIED
मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, रीवा



फोर्टिस हॉस्पिटल के विशेषज्ञों द्वारा
एंजियोप्लास्टी, बाईपास सर्जरी
(CABG), वाल्व रिप्लेसमेंट सर्जरी,
जन्मजात हृदय रोग सर्जरी
(Congenital Heart Disease)
कार्डियक सर्जरी
आयुष्मान योजना के तहत
निःशुल्क इलाज
असुविधा से बचने के लिए पूर्व में ही रजिस्ट्रेशन करवाएं
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैंड, रीवा (म.प्र.)
9893516364, 8770288324 | टोल-फ्री नंबरः- 18008892250



# गाजे-बाजे, जयकारे के साथ हुई मां शक्तिदायनी की घटस्थापना

## रानी तालाब सहित सभी प्रमुख देवी मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

### आकर्षक लाइटों से सजे मां के पंडाल नौ दिनों तक चलेगा मातारानी की भक्ति का दौर



**जागरण, रीवा।** शहर सहित अंचलों में गाजे-बाजे व जयकारों के साथ मां आदिशक्ति मां दुर्गा की घटस्थापना की गई। वैसे तो रविवार से ही दिनभर विभिन्न मंडल, संगठनों द्वारा माता की प्रतिमा ले जाने का दौर शुरू हो गया था। सब अपनी-अपनी सुविधा अनुसार माताजी की प्रतिमा आयोजन स्थल तक गाजे-बाजे के साथ रंग, गुलाल उड़ाते, जयकारे लगाते ले गए। सोमवार सुबह से ही मंडलों द्वारा वाहनों को सजाकर प्रतिमाएं ले जाने एकत्रित होते रहे, मां दुर्गा की प्रतिमा की दुकानों पर खासी भीड़ लगी रही। नवदुर्गा पर्व को लेकर बच्चे, बड़े सभी में उल्लास देखने को मिल रहा था। आगामी नौ दिवस तक नवदुर्गा पर्व उत्साह, उमंग व उल्लास के साथ मनाया जाएगा। कहीं धार्मिक अनुष्ठान होंगे, कहीं रास गरबों का आयोजन तो कहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मंडलों द्वारा कन्या भोज का आयोजन कर कन्या पूजन किया जाएगा। सुबह-शाम मां अम्बे की आरती कर प्रसाद का वितरण किया जाएगा। अष्टमी, नवमीं पर यज्ञ, हवन का आयोजन किया जाएगा।

**आकर्षक विद्युत सज्जा की गई :** माताजी की प्रतिमाएं विराजित करने मंडल व संगठनों द्वारा आकर्षक पंडाल सजाए जाकर विद्युत सज्जा की गई है, जहां दिनभर माता की भक्ति का दौर चलता रहेगा। घटस्थापना के पूर्व ही पंडालों में डीजे आदि में माता के जयकारे, भजन गूंजने लगे। शहर में खन्ना चौराहा माता का दरबार, अमहिया, विकास कॉलोनी, उपरहटी, रतहरा, सिविल लाइन क्षेत्र, ढेकहा तिराहा, बीड़ा मोड़ सहित शहर भर में मातारानी विराजित हैं। पूजन का शुभ मुहूर्त सोमवार रात का होने से कई पंडालों में मां अष्टभुजा की आरती पूजन कर विधि विधान से घटस्थापना की गई।

## गरबा महोत्सव का आगाज 25 से, 1000 कलाकार करेंगे गरबा



**रीवा।** शारदीय नवरात्रि पर्व पर हिंदू उत्सव समिति धर्म परिवार द्वारा इस वर्ष सात दिवसीय गरबा महोत्सव का आयोजन 25 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक शाम 6 बजे कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में धर्म परिवार के अध्यक्ष गुरमीत सिंह मंगू के मार्गदर्शन में किया जा रहा है जिसकी पूर्ण तैयारी हो गई हैं। धर्म परिवार के आजीवन संरक्षक सुनील अग्रवाल, महासचिव सुरेश विश्नोई, नगर अध्यक्ष अनिल मिश्रा एडवोकेट, युवा अध्यक्ष राजीव वर्मा गुड्डू ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि इस वर्ष गरबा महोत्सव को विशेष यादगार बनाने गुजराती गरबा के साथ ही क्षेत्रीय परिधान में गरबा नृत्य की प्रस्तुति विंध्य की प्रमुख गरबा टीमों द्वारा दी जाएगी। दूधिया लाइटिंग के बीच 15 ग्रुप टीमों के 1000 कलाकार गरबा की प्रस्तुति देंगे। गरबा में बढ़ते हुए नशे की प्रवृति से समाज में पड़ रहे दुष्प्रभाव व महिला सशक्तिकरण का संदेश परक नाटिका, झांकी की प्रस्तुति दी जायेगी। विशेष लाइव आर्केस्ट्रा में ओपन गरबा नृत्य कार्यक्रम होगा, गरबा महोत्सव पूर्ण रूप से निःशुल्क है, सभी कला प्रेमियों को बैठने की उचित व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम में इस बार देश के बड़े सेलिब्रिटीज को बतौर विशेष मेहमान आमंत्रित किया गया है जिसमें 28 सितंबर को मिसेज इंडिया फेम मुस्कान जिज्ञासी सहित राजनैतिक व सामाजिक चर्चित चेहरे अतिथि के रूप में उपस्थित रह कर कलाकारों का उत्साहवर्धन करेंगे। इस के साथ ही 4 अक्टूबर को धर्म परिवार द्वारा शहर में मानस भवन से श्री राम धर्म विजय यात्रा निकलेगी व मानस भवन में ही गरबा महोत्सव का समापन पुरस्कार वितरण के साथ किया जाएगा।

## 69वीं शालेय राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का रंगारंग आगाज

# पहले दिन ग्वालियर और जबलपुर संभाग की टीमों ने दर्ज की जीत

### 10 संभागों से पहुंचे करीब 250 खिलाड़ी व स्टाफ



**जागरण,रीवा।** 69वीं शालेय राज्य स्तरीय वालीबॉल क्रीड़ा प्रतियोगिता का रंगारंग आगाज सोमवार को मार्तंड क्रमांक एक के मैदान में हुआ। 10 संभाग से करीब 250 खिलाड़ी व स्टॉफ प्रतियोगिता में शामिल हुए। पहले दिन लीग मैच खेले गए। उपस्थित अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए गए। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद जनार्दन मिश्र मौजूद रहे। अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि सांसद श्री मिश्र ने ध्वजारोहण कर वालीबॉल खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। क्रीड़ा अधिकारी चंदन सिंह ने बताया कि 10 संभागों की लगभग 250 खिलाडियों की टीम उनके कोच उनकी व्यवस्था के लिए लगभग 25 कर्मचारियों की सेवाएं ली जा रही हैं। खिलाड़ियों के रुकने खाने-पीने, ठहरने आदि की समुचित व्यवस्था की गई है।

**ग्वालियर और जबलपुर रहे विजेता :** पहले दिन बालिका वर्ग में ग्वालियर एवं उज्जैन संभाग के बीच मैच खेला गया। जिसमें ग्वालियर संभाग ने उज्जैन संभाग को 2-0 से हराया। वहीं बालक वर्ग में जनजाति विभाग एवं जबलपुर के बीच वालीबॉल खेला गया जिसमें जबलपुर की टीम 2-0 से विजयी रहा। आज सुबह 8 बजे से प्रतियोगिता के अन्य मैच खेले जाएंगे। निर्णायक की भूमिका यशवंत, माधुरी शर्मा जबलपुर, अरूण तिवारी, संजय सिंह, एसडी सिंह, धर्मेन्द्र पांडेय, अविनाश गौतम, जीवेन्द्र सिंह, छत्तर सिंह, बख्तावर खान, सलकांत बहादुर सिंह, रमेश सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

**आकर्षक रहा मार्च पास्ट :** कार्यक्रम के प्रारम्भ में अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। स्वागत भाषण जिला शिक्षा अधिकारी रामराज मिश्रा ने दिया। जय ज्योति स्कूल के छात्रों ने सुंदर बैंड की प्रस्तुति कर खेल प्रेमियों का दिल जीत लिया। संगीत शिक्षक प्रफुल्ल तिवारी एवं उनके सहयोगी छात्रों द्वारा टीम ने मनमोहक स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इसके बाद सभी 10 संभागों की टीमों ने मार्च पास्ट कर अपना-अपना परिचय दिया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक विवेक नामदेव द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन मार्तंड तीन के प्राचार्य आरएल दीपांकर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जेडी कार्यालय रीवा से उप संचालक केपी तिवारी, डीईओ कार्यालय रीवा के सहायक संचालक राजेश मिश्रा, बीईओ आकांक्षा सोनी, शहरी क्षेत्र के स्कूलों के प्राचार्य, कई सेवानिवृत्त पीटीआई, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

विन मेडिसेल फार्मा - हेल्थ केयर
रीवा शहर एवं गांवों में
दवाइयों की
फ्री होम डिलीवरी
(मिनिमम ऑर्डर 500रू.)
आज ही संपर्क करें 7898391090, 8085222741
नियर विकास आटा चक्की, मझियार रोड, नीम चौराहा, रीवा

## महापौर की मौजूदगी में आरसीसी नाली निर्माण का हुआ भूमिपूजन



**जागरण, रीवा।** नगर निगम रीवा क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 15 में राजबहोर यादव के घर से रजनीश शुक्ला के घर होते हुए इन्फॉमेटिव स्कूल तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन महापौर अजय मिश्रा बाबा की उपस्थिति में वार्ड के वरिष्ठ नागरिक पन्नालाल मिश्रा द्वारा नारियल तोड़कर संपन्न किया गया। उक्त निर्माण कार्य की स्वीकृत लागत 33.30 रुपये लाख है। इस निर्माण कार्य के माध्यम से क्षेत्रवासियों को स्वच्छता और जल निकासी की बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। भूमिपूजन के अवसर पर वार्ड पार्षद नीतू अशोक पटेल झब्बू, कांग्रेस शहर अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू, नगर निगम सहायक यंत्री शुभम तिवारी, समयपाल केशव पटेल, रामनरेश पटेल, मधु पटेल, कृष्ण कुमार पटेल, अरुण पटेल, रोहणी पटेल, छोटेलाल पटेल, रामचरण पटेल, रजनीश सोहगौरा, रमाशंकर यादव, मुरलीधर द्विवेदी, महावीर प्रसाद मिश्रा, नन्दू साकेत, मोहन साकेत, रामकृपाल साकेत, शेषमणि तिवारी, आशीष तिवारी एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

विंध्य प्रदेश का पहला होम्योपैथिक अस्पताल एवं डे-केयर यूनिट
डॉ अभय मिश्रा
M.D., Ph.D. Homoeopathy
क्यों चुनें हमें?
- 15+ वर्षो का अनुभव
- पूरी तरह वैज्ञानिक होम्योपैथिक इलाज
- काउंसलिंग +डाइट + लाइफस्टाइल मैनेजमेट
- कोई साइड इफेक्ट नहीं

- क्रॉनिक बीमारियों का इलाज (Asthma, Diabetes, Arthritis, Skin & Hair andi)
- Pain Management Therapy
- Skin Care & Liver Detox Therapy
- Weight Management (Obesity/Fat Loss)
- महिला एवं शिशु स्वास्थ्य (PCOD/ Infertility) Menopause Care
- मानसिक स्वास्थ्य (Stress, Anxiety, OCD, Depression)
- Folli plus therapy

किरण होमियोपैथिक हेल्थ, वेलनेस & हीलिंग-सेंटर रीवा
पता:MIG 3/3/47, ऑक्सफोर्ड स्कूल के सामने, नेहरू नगर (नया बस स्टैंड), रीवा
07662454132 | 9406752495

वर्ष 72 अंक 356 पृष्ठ 12
रीवा, मंगलवार 23 सितंबर, 2025
आश्विन शुक्ल पक्ष 02, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com


इस दुनिया में किसी के साथ खुद की तुलना मत करो यदि आप ऐसा करते हैं, तो आप खुद का अपमान कर रहे हैं।
-बिल गेट्स

## संक्षिप्त खबरें

### 0.25% घट सकती है ब्याज दरः एसबीआई

**नई दिल्ली, जेएनएन।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी (एमपीसी) 29-30 सितंबर को होने वाली बैठक में ब्याज दरों में 25 बेसिस पॉइंट की कटौती कर सकती है। एसबीआई ने एक ताजा रिपोर्ट में इस बात की जानकारी दी। अगर ऐसा होता है तो लोन और ब्याज की दरें थोड़ी कम हो सकती हैं, जिससे आम लोगों और कारोबारियों को राहत मिल सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अभी महंगाई पूरी तरह काबू में है और आगे भी इसके और कम होने की उम्मीद है। रिपोर्ट के मुताबिक, सितंबर-अक्टूबर में महंगाई दर 2% से भी नीचे रह सकती है और वित्त वर्ष 2027 तक यह 4% या उससे कम बने रहने की संभावना है। साथ ही कहा है कि जीएसटी में कटौती से अक्टूबर में महंगाई 1.1% तक गिर सकती है, जो 2004 के बाद सबसे कम होगी।

### छग : नक्सलियों का शांति वार्ता से इनकार

**बस्तर, जेएनएन।** नक्सलियों की केंद्रीय समिति, दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी ने शांति वार्ता की संभावनाओं को खारिज कर दिया है। सोमवार को संयुक्त प्रेस नोट में दोनों संगठनों ने स्पष्ट किया कि वे हथियार नहीं छोड़ेंगे और शांति वार्ता में शामिल नहीं होंगे। केंद्रीय समिति के प्रवक्ता अभय, दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के प्रवक्ता विकल्प ने संयुक्त बयान जारी किया। उन्होंने कहा, अभय के नाम से पोलित ब्यूरो सदस्य सोनू ने पत्र जारी किया था। यह सोनू का व्यक्तिगत फैसला है। केंद्रीय समिति का इससे कोई लेना-देना नहीं है। नक्सलियों का कहना है कि बसवा राजू द्वारा शांति वार्ता के लिए किए गए प्रयासों को गलत तरीके से पेश किया गया है। उनका मानना है कि शांति वार्ता पर मत जानने का प्रयास संगठन में विभाजन ला सकता है। 3 पन्नों के प्रेसनोट में नक्सलियों ने कहा, हथियारबंद संघर्ष को छोड़ना क्रांतिकारी पार्टी को संशोधन वादी पार्टी में बदलने जैसा होगा।

### छतरपुर मर्डर केस में सीबीआई डायरेक्टर, सीएस और डीजीपी तलब

# भाजपा विधायक को गिरफ्तार क्यों नहीं किया : सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने मप्र के छतरपुर एसपी और राजनगर सीट से भाजपा विधायक अरविंद पटेरिया को नोटिस जारी किया है। विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान राजनगर से कांग्रेस के तत्कालीन विधायक कुंवर विक्रम सिंह के ड्राइवर सलमान खान की 17 नवंबर 2023 को गाड़ी से कुचलकर हत्या कर दी गई थी। सलमान की पत्नी राजिया ने भाजपा विधायक पटेरिया पर हत्या का आरोप लगाते हुए एफआईआर कराई थी। डेढ़ साल बाद भी आरोपी विधायक की गिरफ्तारी और कार्रवाई नहीं होने पर उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की, जिस पर कोर्ट ने सुनवाई करते हुए एसपी से जवाब मांगा है। कोर्ट ने सीबीआई डायरेक्टर, डीजीपी, मुख्य सचिव और संबंधित जिले के एसपी को स्टेटस रिपोर्ट के साथ बुलाया है। आरोपी पटेरिया, जिन्हें मप्र सरकार ने सुरक्षा प्रदान की है, को भी नोटिस जारी किया है। दो हफ्ते बाद मामले में अगली सुनवाई होगी।

### डेढ़ साल बाद भी न गिरफ्तारी न ही जांच

**आरोपी समझौता का बना रहे दबावः** ड्राइवर खान की पत्नी राजिया ने कोर्ट में दायर याचिका में कहा है कि घटना को डेढ़ साल से ज्यादा हो गया है, न तो आरोपियों की गिरफ्तारी हुई और न ही जांच पूरी हुई। मुख्य आरोपी पटेरिया चुनाव जीतकर राजनगर से विधायक बन गए हैं और उनका पुलिस-प्रशासन पर दबदबा है। राजिया ने कहा कि स्थानीय पुलिस आरोपियों को संरक्षण और सुरक्षा प्रदान कर रही है, जबकि उन्हें और उनके परिवार को लगातार यह दबाव बनाया जा रहा है कि वे समझौता कर लें।

**सीबीआई या एसआईटी को जांच सौंपने की मांगः** राजिया ने कोर्ट से अनुरोध किया है कि अपराध 321/2023 की जांच पुलिस से हटाकर सीबीआई या एसआईटी को सौंपी जाए। साथ ही उसे व परिवार के जीवन, संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कोर्ट से परिस्थिति के अनुसार उचित आदेश पारित करने की भी मांग की है।

### कांग्रेस ने 18 के खिलाफ कराई थी एफआईआर

17 नवंबर 23 को छतरपुर की राजनगर से कांग्रेस के तत्कालीन विधायक विक्रम सिंह के ड्राइवर सलमान खान की सुबह ३ बजे एक विवाद में मौत हो गई थी। इस घटना के बाद विक्रम सिंह नातीराजा की शिकायत पर पुलिस ने भाजपा विधायक पटेरिया समेत 18 लोगों के खिलाफ धारा 302, 307 सहित 6 धाराओं में नामजद रिपोर्ट दर्ज की थी। एफआईआर में कहा गया कि पटेरिया और उनके काफिले में शामिल वाहन उस समय सलमान खान की गाड़ी को कुचलकर हत्या कर गए थे।

### भाजपा ने भी 12 लोगों पर दर्ज कराया था मामला

घटना के दो दिन बाद भाजपा नेता नीरज चतुर्वेदी की शिकायत पर 19 नवंबर को पुलिस ने पूर्व विधायक नातीराजा समेत 12 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया। चतुर्वेदी की ओर से दर्ज एफआईआर में आरोप लगाया गया कि विक्रम सिंह और उनके साथी योगेंद्र सिंह ने पटेरिया को जान से मारने की कोशिश और फायरिंग की। पुलिस को मौके पर फायरिंग का सबूत नहीं मिला। फायरिंग में इस्तेमाल गाड़ी जब्त कर एफएसएल परीक्षण कर बैलिस्टिक जांच के लिए भेजा गया।

### मानहानि को आपराधिक श्रेणी से हटाना होगा

**सुप्रीम कोर्ट की बड़ी टिप्पणी**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक मानहानि मामले की सुनवाई के दौरान अहम टिप्पणी की है। कोर्ट ने द वायर मीडिया आउटलेट से संबंधित मामले पर विचार करते हुए कहा, मानहानि के मामलों को आपराधिक श्रेणी से हटाए जाने का समय आ गया है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने 2016 के एक फैसले में आपराधिक मानहानि कानूनों की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा था। इस दौरान कोर्ट ने यह भी कहा था कि प्रतिष्ठा का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और सम्मान के मौलिक अधिकार के अंतर्गत आता है। अब कोर्ट ने इससे अलग टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी उस याचिका पर सुनवाई के दौरान की है जिसमें जेएनयू की एक प्रोफेसर द्वारा दायर आपराधिक मानहानि के मामले में न्यूज आउटलेट द वायर को जारी समन को चुनौती दी गई थी। बार एंड बेंच की रिपोर्ट एक रिपोर्ट के मुताबिक यह मामला द वायर की उस न्यूज रिपोर्ट से जुड़ा है, जिसमें कहा गया था कि प्रो. अमिता सिंह जेएनयू के शिक्षकों के एक ग्रुप की संचालक थीं, जिन्होंने 200 पन्नों का एक डोजियर तैयार किया था, जिसमें जेएनयू को 'संगठित सेक्स रैकेट का अड्डा' बताया गया था।

### आतंकी पन्नू की धमकी-दिवाली पर अयोध्या में अंधेरा करूंगा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** खालिस्तानी आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस ने धमकी दी कि पंजाब में वही रहेगा, जो दिवाली नहीं मनाएगा। इस साल दिवाली पर अयोध्या में लाखों दीए जलाए जाएंगे, तो वह वहां अंधेरा करवाएगा। संगठन के सरगना गुरपतवंत सिंह पन्नू ने वीडियो जारी कर यह धमकी दी है।

### झारखंड में बक्सर-टाटा सुपर फास्ट ट्रेन में आग, यात्री कूदे

**रांची, जेएनएन।** झारखंड में बक्सर-टाटा सुपरफास्ट ट्रेन की एक बोगी में विद्यासागर-जामताड़ा स्टेशन के बीच कालाझरिया के पास आग लग गई। लोको पायलट ने तत्परता दिखाते हुए ट्रेन रोक दी। घटना से घबराए यात्री बोगियों से बाहर कूदने लगे। हालांकि, किसी यात्री को गंभीर चोट नहीं आई न ही कोई नुकसान नहीं हुआ।

### प्लेन क्रैश मामलाः पायलट की गलती की चर्चा अफसोसजनकः सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रैश में पायलट की गलती को लेकर उठ रही चर्चाओं को अफसोसजनक बताया है। इसके लिए कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) और विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) से जवाब मांगा है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की बैंच ने इस मामले में स्वतंत्र जांच करवाने की संभावना पर भी ध्यान दिया है।

### पति ने सुपारी देकर पत्नी पर करवाए चाकू से 40 वार

**जागरण, खंडवा।** आए दिन अलग-अलग महिलाओं संग अय्याशी करने वाले पति ने विरोध करने पर पत्नी की सुपारी देकर नृशंस हत्या करवा दी। सुपारी लेने वालों ने पति के सामने 35 से 40 बार चाकू से वार किए। हालांकि, अय्याश पति दिनभर पुलिस को गुमराह करता रहा कि सड़क पर गाड़ी खड़ी कर शराब पी रहे बदमाशों ने मेरी पत्नी को चाकुओं से गोद डाला। बदमाशों ने मेरे साथ भी मारपीट की। खंडवा के डिगरीस निवासी पप्पी उर्फ संतोष बाई की रविवार रात नृशंस हत्या कर दी गई। पति महेंद्र पटेल ने रात एक बजे पुलिस को सूचना दी। गांव वालों को भी फोन पर बताया। महेंद्र ने कहा, पेट में तेज दर्द था,तो पत्नी के साथ अस्पताल जा रहा था, गांव के बाहर कुछ बदमाश बाइक अड़ाकर शराब पी रहे थे। पत्नी ने गालियां दीं तो उन्होंने पत्नी की चाकू से हत्या कर दी। झूमाझटकी में मेरा मोबाइल कहीं गिर गया। फिर बाइक लेकर भाग गए।


**भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
भारत सरकार का उपक्रम

**रुचि व्यक्त करने के लिए सूचना**

भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बी.पी.सी.एल.) बीपीसीएल को मध्य प्रदेश के शहडोल शहर में सीजीडी परियोजना के लिए गोदाम सुविधाएं स्थापित करने हेतु पट्टे के आधार पर उपयुक्त जगह की आवश्यकता है. (निविदा आईडी: BPCL/GAS/MP-1/EOI/Warehouse/25-26/01)

सूचना विवरणिका के साथ निविदा का विवरण हमारी बीपीसीएल वेबसाइट पर उपलब्ध है

**लिंक:** https://www.bharatpetroleum.in/tenders/view-tenders.aspx → विभाग चुनें (select department) → गैस (Gas)

ईओआई (EOI) को नोटिस में उल्लिखित प्रक्रिया के अनुसार मुद्रित रूप मे १३ अक्तूबर २०२५ तक प्रस्तुत किया जाना चाहिए.

आवेदक/आवेदकों को अपना आवेदन भरने और जमा करने से पहले उपर्युक्त वेबसाइट पर दिए गए विवरणों को ध्यानपूर्वक पढ़ लेना चाहिए. निगम बिना कोई कारण बताए अपने विवेकानुसार इस विज्ञापन को रद्द/वापस लेने/संशोधित करने या नियत तिथि बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित रखता है.

यदि अंग्रेजी समाचार पत्रों और स्थानीय दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञापन में किसी भी विसंगति के मामले में, अंग्रेजी समाचार पत्र में दिए गए निर्देश/सूचना को प्राथमिकता दी जाएगी.

यदि कोई सुधार होता है, तो वह केवल बी.पी.सी.एल की वेबसाइट www.bharatpetroleum.com पर उपलब्ध होगा.

**टिप्पणी :** विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से निविदा जमा करने की अंतिम तिथि: **१३ अक्तूबर २०२५**

विज्ञापन के बारे में किसी भी जानकारी के लिए आवेदक नीचे दिए गए पते पर संपर्क कर सकते हैं:

| शहडोल जिले में स्थान | पता और संपर्क अधिकारी | मोबाइल नंबर |
|---|---|---|
| शहडोल शहर, सरकार फिलिंग स्टेशन से १५ किमी के भीतर. | कौस्तुभ महिरे<br>सी-४०५ , स्वस्तिक गैलक्सी, बस स्टैन्ड रोड, बबलू डेरी के पास, शहडोल, मध्य प्रदेश, ४८४००१<br>GST23AAACB2902M1Z1 | ७०६६७६५६५६<br>८२०८८१२८६० |

GAS Bharat Petroleum Aviation Service MAK LUBRICANTS Bharatgas
Energising Lives, Energising Naya Bharat




वन नेशन-वन सब्सक्रिप्शन पॉलिसी का छात्रों को मिलेगा लाभ

# शोधार्थियों के लिए खुलेगा 'दुनिया का दरवाजा', नि:शुल्क पढ़ सकेंगे महंगे जर्नल्स

## एपीएसयू विवि सहित जिले के अन्य कॉलेजों को किया गया शामिल

**जागरण, रीवा।** नई शिक्षा नीति में बदलाव का एक फायदा अब जिले और शहर के तमाम कॉलेजों के विद्यार्थियों को मिलेगा। शोध कार्यों में सहायक महंगे रिसर्च जनरल अब उन्हें आसानी से उपलब्ध होंगे। 'वन नेशन-वन सब्सक्रिप्शन' योजना के तहत स्टूडेंट्स को वेबसाइट पर फ्री लॉगिन उपलब्ध कराया जाएगा। इससे खासकर शोध के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आ सकता है। नई व्यवस्था से नेशनल-इंटरनेशनल जनरल सीधे विद्यार्थियों को उपलब्ध हो पाएंगे। इसमें रीवा के एपीएसयू सहित कई बड़े शिक्षा संस्थान भी सहयोग करेंगे ऐसा कहा जा रहा है। अभी तक जिले के कुछ कॉलेज ही इसमें शामिल थे लेकिन अब सभी कॉलेजों को शामिल किया जा रहा है। इस वर्ष जिले के शासकीय महाविद्यालयों में यूजी में 11522 प्रवेश व पीजी में कुल 5666 प्रवेश हुए हैं।

**हजार छात्रों को लाभ :** जिले में 18 शासकीय कॉलेज है, जिसमें लगभग उच्च शिक्षा में 50-55 हजार छात्र अध्ययनरत हैं। न्यू एजुकेशन पॉलिसी के तहत कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में नए पाठयक्रम शुरू किए जा रहे हैं। ऐसे में एक प्लेटफार्म पर सभी तरह की उच्चस्तरीय शिक्षण सामग्री उपलब्ध होने से पाठयक्रम निर्माण में आसानी होगी। देश-दुनिया के पाठ्यक्रमों को समावेश हो सकेगा। एक साल में इस प्रक्रिया को विस्तार दिया गया है। महंगे रिसर्च पेपर एक जगह उपलब्ध नहीं होने से कई बार सब्सक्रिप्शन लेना पड़ता था। वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन की निःशुल्क व्यवस्था से हजारों शोधार्थियों की समस्या दूर होगी।

### यह होती हैं समस्या...

- रिसर्च के लिए मटेरियल कम
- महंगे जनरल होने से मिलना कठिन
- अतर्राष्ट्रीय जनरल बेहद सीमित
- पाठ्यक्रम बनाने में कठिनाई

### पहले चरण में ये कॉलेज

बता दें कि इसे शुरू करने के बाद पहले चरण में एपीएसयू सहित जिले के अग्रणी महाविद्यालय ने अच्छा कार्य किया और यहां खुद रजिस्ट्रेशन के बाद स्टाफ और छात्रों का रजिस्ट्रेशन कराया गया। इसी प्रकार जीडीसी, टीआरएस, न्यू साइंस सहित अन्य कॉलेज भी इस योजना का लाभ छात्रों को दिलाने में जुटे हुए हैं। प्राचार्यों द्वारा नई शिक्षा नीति को छात्र हित में बताते हुए इससे संबंधित सभी योजनाओं पर काम किया जा रहा है।

वन नेशन-वन सब्सक्रिप्शन योजना के तहत स्टूडेंट्स को वेबसाइट पर फ्री लॉगिन उपलब्ध कराया जा रहा है, इसका लाभ छात्रों को मिल रहा है। स्टूडेंट्स को वेबसाइट पर फ्री लॉगिन उपलब्ध है।

**डॉ.रवीन्द्रनाथ तिवारी**
**प्राचार्य अग्रणी महाविद्यालय रीवा**

# 36 माह भी नहीं टिकी, 36 लाख की लागत से बनी सड़क

## कीचड़ में ग्रामवासियों का हुआ चलना मुश्किल, विधायक निधि से हुआ था निर्माण



**जागरण, रीवा।** ग्राम पंचायत बहुरीबांध के ग्राम मढ़ा से लेकर बंदरिया तक विधायक निधि से 36 लाख रुपए में निर्मित सड़क 36 माह भी नहीं टिकी। करीब दो ढाई वर्ष पूर्व ग्रामवासियों की मांग पर तत्कालीन विधायक केपी त्रिपाठी द्वारा विधायक निधि से सड़क निर्माण के लिए 36 लाख रुपए स्वीकृत किए गए थे, किन्तु निर्माण में किए गए भ्रष्टाचार की पोल सड़क निर्माण के 36 माह बीतने पूर्व ही खुल गई।वर्तमान में पूरी सड़क बड़े-बड़े गड्ढों से पटी है, बारिश होने पर इन गड्ढों में पानी भर जाता है जो बारिश रुकने के बाद भी कई दिनों तक भरा रहता है, पानी निकासी की कोई जगह ही नहीं है, सड़क पूरी तरह से उखड़ने से कीचड़ से पट गई है, जिसमें वाहन तो ठीक लोगों का पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया है।

**कोई वाहन चालक इधर आने नहीं तैयार :** ग्राम मढ़ा के लोग कहीं जाने-आने में परेशान हो रहे हैं, स्कूली बच्चे कीचड़ से सने स्कूल तक पहुंच पाते हैं, बुजुर्ग, महिलाओं का इस सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है। ग्रामवासियों ने बताया कि सड़क में हो रहे कीचड़ व गड्ढों के कारण ग्राम में बड़े वाहन की बात दूर ट्रेक्टर तक नहीं चल पा रहे हैं। किसी के बीमार हो जाने पर अस्पताल ले जाने में दिक्कत होती है, लोग सड़क न होने से परेशान हो रहे हैं। जनप्रतिनिधि चुनाव के दौरान ही इस ओर दिखाई देते हैं जबकि अधिकारियों को ग्रामवासियों से कोई मतलब ही नहीं।

## नशे के खिलाफ दुर्गा पंडालों में पहुंचेगा रथ, नशे से दूरी के लिए दिलाई जाएगी शपथ

### पुलिस और गायत्री परिवार का अभिनव प्रयास



**रीवा।** नशे के दुष्प्रभाव से समाज को बचाने पुलिस और गायत्री परिवार ने नवरात्रि के अवसर पर अनोखी पहल की शुरूआत की है। नशे से दूरी के लिए गायत्री मंदिर से एक रथ दुर्गा पंडालों पर पहुंचेगा जो नशे से दूरी बनाने युवाओं को शपथ दिलाएगा। युवाओं के अंदर लगातार मेडिकल नशे की प्रवृत्ति बढ़ रही है, इसी को रोकने के प्रयास में गायत्री परिवार के विद्वत जनों ने पुलिस के सहयोग से दुर्गा पंडालों में नशे के खिलाफ रथ को रवाना किया गया। ये रथ प्रत्येक दुर्गा पंडाल में जाकर नशा मुक्ति की शपथ दिलाएगा। नशा विरोधी रथ लोगों के बीच जाकर नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक करेगा। बताया गया कि दुर्गा पंडालों में नशा मुक्ति अभियान के तहत नशा छोड़ने को लेकर लोगों को शपथ दिलाइ जाएगी साथ ही उन्हें जागरूक करने का प्रयास किया जाएगा। सीएसपी ने कहा कि इस नई शुरुआत से प्रयास है कि युवाओं को नशे से दूर किया जाएगा जिससे नशा मुक्ति समाज बनाया जा सके।

## पीएम स्वनिधि योजना से लोन दिलाने निगमायुक्त ने की बैंक प्रतिनिधियों से चर्चा

**रीवा।** निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत आयोजित लोक कल्याण मेला में हितग्राहियों को अधिक से अधिक लाभ दिलाने के उद्देश्य से बैंक प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने निर्देश दिए कि योजना अंतर्गत लोन डिस्बर्समेंट की प्रक्रिया सरल और सुगम रहे। नए आवेदन पर शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित करे। सैंक्शन हो चुके पुराने लंबित प्रकरणों की डिस्बर्समेंट भी शीघ्र सुनिश्चित की जाए। निगमायुक्त ने कहा कि मेला में व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक पथ विक्रेताओं को योजना का लाभ दिलाया जाए। अभी तक 85 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, जिनकी संख्या और बढ़ाने के लिए आवश्यक संपर्क कर कार्यवाही की जाए।

**न्यायालय अपर आयुक्त, रीवा संभाग (म.प्र.)**

रीवा दिनांक 22.09.2025

**नोटिस सूचना**

कमलाकांत द्विवेदी तनय स्व. श्री महावीर प्रसाद द्विवेदी निवासी ग्राम पोस्ट पड़री थाना चाकघाट तहसील त्योंथर जिला रीवा (म.प्र.) ............अपीलार्थी

विरूद्ध

1. लक्ष्मीकांत द्विवेदी पिता स्व. श्री रामचंद्र द्विवेदी। 2. श्री नरेन्द्र कुमार पिता श्री विद्याकांत द्विवेदी। 3. पवन कुमार (मृत) द्वारा विधिक वारिसान- (अ)- पूजा द्विवेदी विधवा पत्नी पवन कुमार (ब) कु. वैष्णवी द्विवेदी पुत्री स्व. श्री पवन कुमार। (स) कु. वेदिता द्विवेदी पुत्री स्व. श्री पवन कुमार। (द) वैभव द्विवेदी पुत्र स्व. पवन कुमार। सभी निवासी ग्राम पोस्ट पड़री थाना चाकघाट तहसील त्योंथर जिला रीवा (म.प्र.) ................उत्तरवादी

अपीलार्थी द्वारा यह अपील अनुविभागीय अधिकारी तहसील हुजूर जिला रीवा के राजस्व प्रकरण क्रमांक 96/अपील/2022-23 में पारित आदेश दिनांक 29-10-2024 के विरूद्ध इस न्यायालय में दायर की गई है, जो विचाराधीन है। अतः उत्तरवादी को सूचित किया जाता है कि आप इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 29-10-2025 को स्वत: अथवा अधिकृत अभिभाषक के साथ समय 11:00 बजे दिन उपस्थित होकर पक्ष समर्थन करें। नियत तिथि को अनुपस्थित रहने की स्थिति में आपके विरूद्ध एक, पक्षीय कार्यवाही करते हुए उचित निर्णय लिया जावेगा।

आज दिनांक 22-09-2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा पदमुद्रा से जारी किया गया।

(नीतू माथुर)
अपर आयुक्त
रीवा संभाग, रीवा

RN- 84801

**न्यायालय नायब तहसीलदार वृत्त गढ़ तहसील मनगवॉं, जिला रीवा (म.प्र.)**

**पुल्ली की आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि- 1. आवेदक श्री शिव प्रसाद पटेल पिता श्री वैजनाथ पटेल निवासी ग्राम घोपी तहसील मनगवॉं जिला रीवा म.प्र. बनाम सुदर्शन पटेल पिता विश्वनाथ पटेल बगै. द्वारा ग्राम घोपी प.ह. घोपी रा.नि.म. गढ़ तहसील मनगवॉं जिला रीवा म.प्र. की आराजी नं0 1720 रकवा 0.194हे0 के राजस्व प्रकरण कमांक 0240/अ-27/2024-25 2. आवेदक श्री शिव प्रसाद पटेल पिता श्री वैजनाथ पटेल निवासी ग्राम घोपी तहसील मनगवॉं जिला रीवा म.प्र. बनाम वेवा परगिया पति रामसखी बगै. द्वारा ग्राम घोपी प.ह. घोपी रा.नि.मं. गढ़ तहसील मनगवॉं जिला रीवा म.प्र. की आराजी नं. 1387/2 रकवा 0.304 हे., आराजी नं0 1585 रकवा 0.324 हे0, आराजी नं0 566 रकवा 0.291 हे0, आराजी नं0 634 रकवा 0.073 हे0, आराजी नं0 1719 रकवा 0.097हे., आराजी नं0 1607 रकवा 0.121 हे0, के राजस्व प्रकरण क्रमांक 0055/अ-27/2024-25 न्यायालय नायब तहसीलदार वृत्त गढ़ तहसील मनगवॉं जिला रीवा म.प्र. में विचाराधीन है जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त भूमि के वटवारा के संबध में कोई आपित्त हो तो नियत दिनांक 29/09/2025 के पूर्व स्वंय अथवा अपने प्रतिनिधि द्वारा प्रस्तुत कर सकते है। वाद म्याद प्रस्तुत आपत्ति पर किसी भी प्रकार का विचार नही किया जायेगा।

नायब तहसीलदार
वृत्त गढ़ तहसील मनगवॉं
जिला रीवा (म.प्र.)

RN- 84296

# देवी का स्वरूप होती हैं कन्यायें : उप मुख्यमंत्री

## सिंधु भवन में आयोजित हुआ कन्या पूजन कार्यक्रम



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सिंधु भवन में आयोजित कार्यक्रम में कन्या पूजन किया। उन्होंने कहा कि कन्यायें देवी का स्वरूप होती हैं। बेटियों का सम्मान और उनके विकास को बढ़ावा देकर सरकार महिला सशक्तीकरण सहित अन्य कार्य कर रही है। उन्होंने नवरात्रि पर्व पर सभी को शुभकामना देते हुए कहा कि देवी माता हम सबको सुख, समृद्धि, नई ऊर्जा और शक्ति दें। उप मुख्यमंत्री ने सिंधु यूथ विंग द्वारा आयोजित कन्या पूजन कार्यक्रम की प्रशंसा की। कार्यक्रम में साहित्यकार घनश्याम बेलानी की पुस्तक का विमोचन किया गया। इस अवसर पर 101 कन्याओं का 101 यजमानों द्वारा पैर धोकर पूजन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संतूलाल आहूजा, हुकूतराय होतवानी, रमेश सोनेता, प्रकाश तरानी, अनिल बुधवानी, कैलाश कोटवानी, महेश ठारवानी, नरेश काली,राजेन्द्र निगम, कन्हैयालाल घनशानी, विजय थावानी, कटनी से पधारे हुये कवि घनश्याम बेलानी, पप्पन पंजवानी, मुकेश ठारवानी, पवन तिवारी, सर्व समाज मातृ शक्ति, किशोर बाधवानी, प्रकाश शिवनानी, जयपाल पुरी सहित कई संस्थाओ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बाइक सवारों को तेज रफ्तार वाहन ने मारी टक्कर, युवक की मौत वृद्ध गंभीर

## दुर्गा प्रतिमा लेने जा रहा था बाइक सवार



**जागरण, रीवा।** तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने अलग-अलग बाइक सवार दो लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। घटना में एक युवक की मौत हो गई जबकि एक वृद्ध हादसे में गंभीर रूप से घायल हुआ है। बताया गया कि यह सड़क दुर्घटना रविवार की शाम कटरा-मऊगंज मार्ग में शाहपुर गांव के पास हुई। मिली जानकारी के मुताबिक शाहपुर के पास तेज रफ्तार अज्ञात चार पहिया वाहन चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए दो बाइकों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घायलों को 108 एंबुलेंस से सीएचसी नईगढ़ी पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने बाइक चालक विजय कुमार पटेल 26 वर्ष मौहरिया को मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरी बाइक के चालक मोलाई प्रजापति 80 वर्ष निवासी अकौरी को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था में संजय गांधी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। बताया गया कि मृतक मौहरिया गांव से नईगढ़ी मां दुर्गा जी की प्रतिमा लेने जा रहे थे। इस दौरान शाहपुर के पास अनियंत्रित चार पहिया वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

**कार्यालय प्रमुख अभियंता**
**जल संसाधन विभाग, भोपाल**

ईमेल-cetender.wrdmp@gmail.com
फोन-0755-2767635 फैक्स-0755-2552406

निविदा सूचना क्रमांक-1174/2025-26/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग/ भोपाल, दिनांक 22.09.2025

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र दिनांक 22.10.2025 को 17:30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

| स.क्र. | निविदा क्र. | कार्य | जिला | लागत (लाख) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_WRD_453101 | भाण्डेर मुख्य नहर एवं दबोह वितरिका नहर की मरम्मत एवं रख रखाव का कार्य। | दतिया | 30.86 |
| 2. | 2025_WRD_453105 | चकरपुर बांध स्थल पर स्थित निरीक्षण भवन की बाउण्ड्री वॉल निर्माण सहित सौन्दर्यीकरण, बांध एवं निरीक्षण भवन पर सुरक्षा हेतु गेट तथा मिट्टी के बांध से चकरपुर बांध के शीर्ष पर ट्रेनिंग वॉल तक जाने के लिए दोनों ओर रेलिंग सहित कंक्रीट की सीढ़ियों का निर्माण कार्य। | सागर | 38.00 |
| 3. | 2025_WRD_453106 | मोहनपुरा बांध के डूब क्षेत्र में आने वाली एमपीपीटीसीएल की एल.ओ.सी. नंबर 161 से 181 तक 132 केवी एस/सी पचोर-ब्यावरा लाइन के डायवर्जन का कार्य। | राजगढ़ | 685.35 |
| 4. | 2025_WRD_453107 | टेकापार खुर्द लघु सिंचाई योजना के वेस्ट वियर में शूटफॉल का निर्माण कार्य। | रायसेन | 151.92 |
| 5. | 2025_WRD_453111 | त्योंथर उद्वहन सिंचाई योजना अंतर्गत 830 HP, 6.6 KV H.T मोटर पम्प स. क्र. 134766 एवं 134767 का मरम्मत कार्य। | रीवा | 34.96 |
| 6. | 2025_WRD_453113 | हनौता सिंचाई परियोजना के अन्तर्गत डूब प्रभावित ग्राम महुनाजाट हेतु महुंनजाट से खजराहरचन्द्र के मध्य वैकल्पिक मार्ग एवं 2 नग पक्के कांक्रीट ब्रिज का निर्माण कार्य। | सागर | 646.67 |
| 7. | 2025_WRD_453115 | टर्नकी पद्धति पर:-लुटमरा वियर का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं। | सिवनी | 226.31 |

G-19045/25 (मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)

## नवरात्रि के पहले दिन एसपी ने किया शहर भ्रमण, देखी व्यवस्थाएं



**रीवा।** पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान सोमवार को अचानक शहर के भ्रमण पर निकले। रात में उन्होंने शहर के शिल्पी प्लाजा बाजार के साथ ही तंग गलियों में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जाायजा लिया। पुलिस अधीक्षक ने शहर भ्रमण कर आसपास के व्यापारियों से भी शांति और सौहार्द के साथ नवरात्रि उत्सव सहित आगामी त्योहार मनाने की अपील की। पुलिस अधीक्षक के साथ अमहिया थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल व पुलिस बल मौजूद रहा। एसपी ने नवरात्रि के अवसर पर कानून व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात व्यवस्था के साथ असमासजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश भी पुलिस को दिए हैं।

### गमुशुदा नाबालिग बालिका दस्तयाब

**रीवा।** गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 17 साल की नाबालिग लड़की की गुमशुदगी का मामला 19 सितंबर को सामने आया था। गोविंदगढ़ पुलिस मामला पंजीबद्ध कर नाबालिग लड़की की तलाश शुरू की जिसके बाद पुलिस ने सोमवार को नाबालिग लड़की को सतना से दस्तयाब कर उसके परिजनो को सुपुर्द किया है।

**नाम सुधार सूचना**

मैं अनिल कुमार अग्निहोत्री पिता श्री महेश प्रसाद अग्निहोत्री निवासी सिविल लाइन बोदा रोड सूर्यमुखी हनुमान मंदिर के सामने रीवा तहसील हुजूर जिला रीवा म.प्र. का निवासी हूँ व शपथ पूर्वक करता हूं कि आधार नं. 4527 6400 6306 है। मेरी पुत्री ओजस्विनी अग्निहोत्री के सभी शैक्षणिक दस्तावेज में मेरा नाम अनिल अग्निहोत्री अंकित है। जबकि मेरे समस्त दस्तावेजों में अनिल कुमार अग्निहोत्री अंकित है, जो सही एवं सत्य है। अनिल कुमार अग्निहोत्री व अनिल अग्निहोत्री उक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं यानि कि मेरा ही हैं। अत: मेरी पुत्री ओजस्विनी अग्निहोत्री के सभी शैक्षणिक दस्तावेज में पिता का नाम अनिल अग्निहोत्री की जगह सही नाम अनिल कुमार अग्निहोत्री अंकित किया जाये व माना, पढा एवं समझा जाये

RN- 82713 अनिल कुमार अग्निहोत्री

**उत्तर मध्य रेलवे**

क्रमांकः झाँसी/टी.डी./ड्रा.से./टेन्डर/नोटिस/149 दिनांक : 20.09.2025

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये वरिष्ठ मंडल विद्युत इन्जी. (कर्षण वितरण) झाँसी के निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईनः (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**ई-निविदा सूचना संख्याः** झॉसी-टी.डी.-टेन्डर-2025-06, **कार्य का नामः** झॉसी मंडल के VGLJ-GWL खण्ड में KM 1205/13-15 के बीच LC No. 409 के स्थान पर ROB के निर्माण के सम्बन्ध में ओ.एच.ई. मोडिफिकेशन का कार्य।

**अनुमानित लागत (₹):** 17,51,659.04 | **अमानत राशि/बिड सिक्योरिटी (₹):** 35,000.00

**निविदा बन्द होने की तिथिः** 14.10.2025, 15:00 pm.

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 09 माह

निविदा दिनांक **14.10.2025** को **15:00** बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। 1729/25 (MG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**M.P. STATE AGRICULTURAL MARKETING BOARD**
**26- ARERA HILLS, JAIL ROAD, BHOPAL**

Board/Nirman/P.Cell./Assaying/25-26/1744 Bhopal, Dated : 22.09.2025

**CORRIGENDUM – 01 (EXTENSION OF DATES)**

With reference to the notice **Board/Nirman/P.Cell./Assaying/25-26/1651 Date: 01.09.2025 regarding Notice Inviting Request for Qualification (RFQ) for Empanelment of Manufactures for Supplying, Installing, Commissioning, Testing, Operation, Repair And Maintenance of Two-Directional Automatic Food Grain Analyzer For Quality Assaying Of Food Grains in Various APMCs of Madhya Pradesh (Tender Number : 2025_MPSAM_448339)**, published on the Madhya Pradesh e-tender portal, the following corrigendum is hereby issued :

| S.No. | Key Date | Original Date | Revised Date |
|---|---|---|---|
| 01 | Bid Submission Closing Date | 24.09.2025, 17:00 | 08.10.2025, 17:00 |
| 02 | Bid Opening Date | 26.09.2025, 11:00 | 10.10.2025, 11:00 |

All other terms and conditions of the RFQ shall remain unchanged.

**Note:-** The corrigendum is available on the **https:/mptenders.gov.in** and **https://mpmandiboard.in/**. Any other corrigendum in this RFQ, if required, shall be displayed only on above portals regarding any matter included in this RFQ or otherwise.

M.P. Madhyam/122210/2025 EXECUTIVE ENGINEER (PROJECT CELL)

**सूचना**

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

**आवश्यकता है**

ऑफिस कार्य हेतु लड़की एवं महिलाओं की आवश्यकता है। वेतन 5,000 से 10,000+कमीशन बोनस उम्र 18 वर्ष से 35 वर्ष
पता-न्यू बस स्टैंड रीवा मध्यप्रदेश
संपर्क नं.-9752075387
आर-84258 (3/10)

# सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को हल्के में लेने वालों का रुकेगा इंक्रीमेंट

### आवारा पशुओं की लंबित शिकायतों पर स्वास्थ्य अधिकारी को नोटिस



**जागरण, रीवा।** नगर निगम की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने सीएम हेल्पलाइन, सोशल मीडिया और समाचार पत्रों से प्राप्त शिकायतों एवं टीएल पत्रों की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अनावश्यक रूप से शिकायत लंबित रहने पर कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। बैठक में अधिकारीवार समीक्षा करते हुए 20 तारीख को जारी हुई ग्रेडिंग में खराब प्रदर्शन तथा लापरवाही के कारण लंबित रही निराकरण योग्य शिकायतों पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध एक वेतन वृद्धि रोकने की नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवारा पशुओं की लंबित शिकायतों पर स्वास्थ्य अधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने टीएल पत्रों के प्रतिवेदन समय-सीमा के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए तथा जिनका जवाब समय पर नहीं आया, उन्हें नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। अवैध कॉलोनियों से संबंधित दावा-आपत्तियों की हुई सुनवाई में जवाब निर्धारण कर प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने की समिति को निर्देश दिए गए। एमपीआरडीसी रीवा-शहडोल रोड का सीमांकन कार्य शीघ्र पूर्ण करने के भी निर्देश दिए गए।

**अनुपस्थित रहने वाले कर्मियों को हटाने के निर्देश :** समीक्षा बैठक में निगमायुक्त ने स्वच्छता व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए वार्डवार नोडल अधिकारियों की नियुक्ति करने और लगातार अनुपस्थित रहने वाले कर्मियों को हटाने के निर्देश दिए। सभी मुख्य मार्गों और वार्डों में शीघ्र स्थल चिन्हांकन कर आईडेंटीफिकेशन बोर्ड लगाने को सुनिश्चित करने के लिए भी कहा।

**कार्यालय नगर पालिक निगम सतना (म.प्र.)**

N.I.T क्र 23 (E.T)/ निर्माण/ न.पा.नि/2025-26 सतना दिनांक 19.09.2025

**//निविदा आमंत्रण सूचना//**

नगर पालिक निगम सतना द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | निविदा क्र व जारी दिनांक | टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | वार्ड क्र | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 23/01 19.09.2025 | 2025_UAD _453254_1 | पेवर्स सडक निर्माण सैनिक कॉलोनी में | 04 | 41,31,200/- | 50,000/- | 5000/- | 05 माह |
| 2 | 23/02 19.09.2025 | 2025_UAD _453255_1 | सी.सी. रोड निर्माण एवं मरम्मत कार्य विभिन्न स्थानों में | 24 | 28,06,125/- | 50,000/- | 5000/- | 04 माह |
| 3 | 23/03 19.09.2025 | 2025_UAD _453256_1 | नाली/ पुलिया निर्माण विभिन्न स्थानों टपरिया बस्ती | 12 | 26,05,470/- | 50,000/- | 5000/- | 04 माह |
| 4 | 23/04 19.09.2025 | 2025_UAD _453257_1 | बाउण्ड्रीवाल एवं पेंटिंग कार्य सामुदायिक भवन में | 42 | 25,39,035/- | 50,000/- | 5000/- | 05 माह |
| 5 | 23/05 19.09.2025 | 2025_UAD _453258_1 | मरम्मत कार्य नाली, पुलिया, सड़क एवं पेवर्स विभिन्न स्थानों में (पार्षद निधि ) | 27 | 21,16,725/- | 42,400/- | 5000/- | 04 माह |
| 6 | 23/06 19.09.2025 | 2025_UAD _453259_1 | सी.सी. रोड निर्माण जोन आफिस से आर.पी. स्कूल तक | 15 | 23,52,561/- | 47,100/- | 5000/- | 04 माह |
| 7 | 23/07 19.09.2025 | 2025_UAD _453260_1 | नाली मरम्मत एवं पेवर्स रोड कार्य विभिन्न स्थानों में (पार्षद निधि) | 40 | 20,99,019/- | 42,000/- | 5000/- | 04 माह |
| 8 | 23/08 19.09.2025 | 2025_UAD _453262_1 | पेवर्स रोड कार्य विभिन्न स्थानों में | 22 | 20,94,146/- | 41,900/- | 5000/- | 04 माह |
| 9 | 23/09 19.09.2025 | 2025_UAD _453264_1 | सी.सी. रोड निर्माण विभिन्न स्थानों में | 25 | 18,82,948/- | 37,700/- | 2000/- | 04 माह |
| 10 | 23/10 19.09.2025 | 2025_UAD _453265_1 | नाली निर्माण नारायण विहार कालोनी एवं विभिन्न स्थानों में | 31 | 17,99,644/- | 36000/- | 2000/- | 04 माह |
| 11 | 23/11 19.09.2025 | 2025_UAD _453266_1 | सी.सी. रोड लल्लू पयासी के घर से गोलू गुप्ता के घर तक | 32 | 10,07,019/- | 20,200/- | 2000/- | 03 माह |

शर्ते :- 1. निविदा प्रपत्र वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर दिनांक 22.09.2025 समय 17:30 से दिनांक 22.10.2025 समय 17:30 बजे तक आनलाइन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेगा। 2. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम सतना म.प्र.



# दुर्गा पूजा, दीपावली एवं छठ पूजा-2025 के अवसर पर भारतीय रेल की पहल



## दिनांक 21.09.2025 से 30.11.2025 तक चलाई जा रही है विशेष रेलगाड़ियाँ

| रेलगाड़ी सं. | स्टेशन से | स्टेशन तक | तिथियाँ से | तिथियाँ तक | आवृत्ति | चलने के दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 08439 | पुरी | पटना जं. | 13.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 08440 | पटना जं. | पुरी | 14.09.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 02811 | भुवनेश्वर | यशवन्तपुर जं. | 13.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 02812 | यशवन्तपुर जं. | भुवनेश्वर | 15.09.25 | 01.12.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 08581 | विशाखापत्तनम | एसएमवीटी बेंगलुरु | 14.09.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 08582 | एसएमवीटी बेंगलुरु | विशाखापत्तनम | 15.09.25 | 01.12.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 08547 | विशाखापत्तनम | तिरुपति | 12.09.25 | 26.11.25 | साप्ताहिक | बुधवार |
| 08548 | तिरुपति | विशाखापत्तनम | 13.09.25 | 27.11.25 | साप्ताहिक | गुरुवार |
| 08579 | विशाखापत्तनम | चर्लपल्ली | 12.09.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 08580 | चर्लपल्ली | विशाखापत्तनम | 13.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 03230 | पटना जं. | पुरी | 25.09.25 | 27.11.25 | साप्ताहिक | गुरुवार |
| 03229 | पुरी | पटना जं. | 26.09.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 03208 | बक्सर | क्यूल | 21.09.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 03207 | क्यूल | बक्सर | 21.09.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 03209 | झाझा | दानापुर | 21.09.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 03210 | दानापुर | झाझा | 21.09.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 05297 | पाटलिपुत्र | बलिया | 01.10.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 05298 | बलिया | पाटलिपुत्र | 01.10.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 03215 | पटना जं. | थावे जं. | 01.10.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 03216 | थावे जं. | पटना जं. | 01.10.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 03677 | धनबाद जं | गोरखपुर जं. | 21.09.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 03678 | गोरखपुर जं | धनबाद जं. | 22.09.25 | 01.12.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 03043 | हावड़ा जं. | रक्सौल जं. | 27.09.25 | 15.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 03044 | रक्सौल जं. | हावड़ा जं. | 28.09.25 | 16.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 03511 | आसनसोल जं. | पटना जं | 19.10.25 | 09.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 03512 | पटना जं. | आसनसोल जं. | 19.10.25 | 09.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 03131 | सियालदह | गोरखपुर जं. | 30.09.25 | 18.11.25 | द्वि-साप्ताहिक | मंगलवार, गुरुवार |
| 03132 | गोरखपुर जं | सियालदह | 01.10.25 | 19.11.25 | द्वि-साप्ताहिक | बुधवार, शुक्रवार |
| 03527 | आसनसोल जं. | गोरखपुर जं. | 26.09.25 | 07.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 03528 | गोरखपुर जं. | आसनसोल जं. | 27.09.25 | 08.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 03007 | हावड़ा जं. | खातीपुरा | 28.09.25 | 02.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 03008 | खातीपुरा | हावड़ा जं. | 30.09.25 | 04.11.25 | साप्ताहिक | मंगलवार |
| 03109 | कोलकाता टर्मिनल | वडोदरा जं. | 30.09.25 | 25.11.25 | साप्ताहिक | मंगलवार |
| 03110 | वडोदरा जं. | कोलकाता टर्मिनल | 02.10.25 | 27.11.25 | साप्ताहिक | गुरुवार |
| 03417 | मालदा टाउन | उधना जं. | 27.09.25 | 08.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 03418 | उधना जं. | मालदा टाउन | 29.09.25 | 10.11.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 03187 | कोलकाता टर्मिनल | मधुबनी | 30.09.25 | 25.11.25 | साप्ताहिक | मंगलवार |
| 03188 | मधुबनी | कोलकाता टर्मिनल | 01.10.25 | 26.11.25 | साप्ताहिक | बुधवार |
| 03465 | मालदा टाउन | दीघा | 27.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 03466 | दीघा | मालदा टाउन | 27.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 03101 | सियालदह | मालतीपाटपुर | 26.09.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 03102 | मालतीपाटपुर | सियालदह | 27.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 03135 | सियालदह | पटना जं. | 05.10.25 | 16.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 03136 | पटना जं. | सियालदह | 05.10.25 | 16.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 03430 | मालदा टाउन | चर्लपल्ली | 30.09.25 | 11.11.25 | साप्ताहिक | मंगलवार |
| 03429 | चर्लपल्ली | मालदा टाउन | 02.10.25 | 13.11.25 | साप्ताहिक | गुरुवार |
| 04131 | कानपुर सेंट्रल | एसएमवीटी बेंगलुरु | 21.09.25 | 09.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 04132 | एसएमवीटी बेंगलुरु | कानपुर सेंट्रल | 24.09.25 | 12.11.25 | साप्ताहिक | बुधवार |
| 07019 | जयपुर जं. | हैदराबाद | 28.09.25 | 23.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 07020 | हैदराबाद | जयपुर जं. | 26.09.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 07029 | अगरतला | चर्लपल्ली | 22.09.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 07030 | चर्लपल्ली | अगरतला | 26.09.25 | 24.11.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 07053 | काचीगुडा | बीकानेर जं. | 27.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 07054 | बीकानेर जं. | काचीगुडा | 23.09.25 | 25.11.25 | साप्ताहिक | मंगलवार |
| 07075 | हैदराबाद | गोरखपुर जं. | 22.09.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 07076 | गोरखपुर जं. | हैदराबाद | 28.09.25 | 23.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 07191 | काचीगुडा | मदुरै जं. | 22.09.25 | 20.10.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 07192 | मदुरै जं. | काचीगुडा | 24.09.25 | 22.10.25 | साप्ताहिक | बुधवार |
| 07193 | हैदराबाद | कोल्लम जं. | 27.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 07194 | कोल्लम जं. | हैदराबाद | 22.09.25 | 01.12.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 07230 | हैदराबाद | कन्याकुमारी | 24.09.25 | 26.11.25 | साप्ताहिक | बुधवार |
| 07229 | कन्याकुमारी | हैदराबाद | 26.09.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 07651 | जालना | छपरा | 27.08.25 | 26.11.25 | साप्ताहिक | बुधवार |
| 07652 | छपरा | जालना | 29.08.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 07153 | नरसापुर | एसएमवीटी बेंगलुरु | 03.10.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 07154 | एसएमवीटी बेंगलुरु | नरसापुर | 04.10.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 07005 | चर्लपल्ली | रक्सौल जं. | 06.10.25 | 24.11.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 07006 | रक्सौल जं. | चर्लपल्ली | 09.10.25 | 27.11.25 | साप्ताहिक | गुरुवार |
| 07717 | तिरुपति | हिसार | 01.10.25 | 26.11.25 | साप्ताहिक | बुधवार |
| 07718 | हिसार | तिरुपति | 05.10.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 07017 | चर्लपल्ली | तिरुपति | 28.09.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 07018 | तिरुपति | चर्लपल्ली | 29.09.25 | 01.12.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 07131 | तिरुपति | नरसापुर | 28.09.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 07132 | नरसापुर | तिरुपति | 29.09.25 | 01.12.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 07233 | चर्लपल्ली | नरसापुर | 27.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 07234 | नरसापुर | चर्लपल्ली | 28.09.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |

| रेलगाड़ी सं. | स्टेशन से | स्टेशन तक | तिथियाँ से | तिथियाँ तक | आवृत्ति | चलने के दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 07445 | काकीनाडा टाउन | लिंगमपल्ली | 22.09.25 | 24.11.25 | त्रि-साप्ताहिक | सोम, बुध, शुक्र |
| 07446 | लिंगमपल्ली | काकीनाडा टाउन | 27.09.25 | 29.11.25 | त्रि-साप्ताहिक | मंगल, गुरु, शनि |
| 07447 | काकीनाडा टाउन | चर्लपल्ली | 27.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 07448 | चर्लपल्ली | काकीनाडा टाउन | 28.09.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 07605 | तिरुपति | अकोला जं. | 26.09.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 07606 | अकोला जं. | तिरुपति | 28.09.25 | 23.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 07609 | जालना | तिरुपति | 23.09.25 | 24.11.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 07610 | तिरुपति | जालना | 24.09.25 | 25.11.25 | साप्ताहिक | मंगलवार |
| 07521 | कड़पा | गुंतकल जं. | 22.09.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 07522 | गुंतकल जं. | कड़पा | 22.09.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 07057 | पूर्णा जं. | जालना | 28.09.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 07058 | जालना | पूर्णा जं. | 25.09.25 | 27.11.25 | साप्ताहिक | गुरुवार |
| 07281 | पूर्णा जं. | जालना | 22.09.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 07282 | जालना | नांदेड़ | 22.09.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 07012 | तिरुपति | चर्लपल्ली | | 27.09.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 07011 | चर्लपल्ली | तिरुपति | | 26.09.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 07055 | काचीगुडा | नागरसोल | | 25.09.25 | एक फेरा | गुरुवार |
| 07056 | नागरसोल | काचीगुडा | | 26.09.25 | एक फेरा | शुक्रवार |
| 07046 | चर्लपल्ली | नाहरलगुन | 27.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 07047 | नाहरलगुन | चर्लपल्ली | 23.09.25 | 02.12.25 | साप्ताहिक | मंगलवार |
| 08611 | संतरागाछी जं. | अजमेर जं. | 22.09.25 | 24.11.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 08612 | अजमेर जं. | संतरागाछी जं. | 25.09.25 | 27.11.25 | साप्ताहिक | गुरुवार |
| 02863 | संतरागाछी जं. | यशवन्तपुर जं. | 25.09.25 | 27.11.25 | साप्ताहिक | गुरुवार |
| 02864 | यशवन्तपुर जं. | संतरागाछी जं. | 27.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 08845 | संतरागाछी जं. | सिकंदराबाद जं. | 19.09.25 | 03.10.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 08846 | सिकंदराबाद जं. | संतरागाछी जं. | 20.09.25 | 04.10.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 08109 | संतरागाछी जं. | पटना जं. | 18.10.25 | 01.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 08110 | पटना जं. | संतरागाछी जं. | 19.10.25 | 02.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 08629 | रांची | गोरखपुर जं. | 18.10.25 | 01.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 08630 | गोरखपुर जं | रांची | 19.10.25 | 02.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 08865 | नेताजी एस.सी. बोस इतवारी जं. | शालीमार | 27.09.25 | 01.10.25 | प्रतिदिन | शनि, रवि, सोम, मंगल, बुध |
| 08866 | शालीमार | नेताजी एस.सी. बोस इतवारी जं. | 28.09.25 | 02.10.25 | प्रतिदिन | शनि, रवि, सोम, मंगल, बुध |
| 06085 | एर्नाकुलम जं. | पटना जं. | 26.09.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 06086 | पटना जं. | एर्नाकुलम जं. | 22.09.25 | 01.12.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 06055 | पोत्तनूर जं. | बरौनी जं. | 27.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 06056 | बरौनी जं. | पोत्तनूर जं. | 09.09.25 | 02.12.25 | साप्ताहिक | मंगलवार |
| 06063 | कोयंबटूर जं. | धनबाद जं. | 26.09.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 06064 | धनबाद जं. | कोयंबटूर जं. | 22.09.25 | 01.12.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 01667 | रानी कमलापति | दानापुर | 27.09.25 | 01.11.25 | द्वि-साप्ताहिक | शनिवार, मंगल |
| 01668 | दानापुर | रानी कमलापति | 28.09.25 | 02.11.25 | द्वि-साप्ताहिक | रवि, बुध |
| 01701 | जबलपुर | दानापुर | 26.09.25 | 05.11.25 | द्वि-साप्ताहिक | बुध, शुक्र |
| 01702 | दानापुर | जबलपुर | 27.09.25 | 06.11.25 | द्वि-साप्ताहिक | गुरु, शनिवार |
| 09821 | सोगरिया | दानापुर | 27.09.25 | 01.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 09822 | दानापुर | सोगरिया | 29.09.25 | 03.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 02192 | रीवा | रानी कमलापति | 27.09.25 | 01.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 02191 | रानी कमलापति | रीवा | 27.09.25 | 01.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 01704 | रीवा | डॉ. अम्बेडकर नगर | 27.09.25 | 25.10.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 01703 | डॉ. अम्बेडकर नगर | रीवा | 28.09.25 | 26.10.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 09059 | उधना जं. | खोरधा रोड जं. | 01.10.25 | 26.11.25 | साप्ताहिक | बुधवार |
| 09060 | खोरधा रोड जं. | उधना जं. | 03.10.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 09025 | वलसाड | दानापुर | 06.10.25 | 24.11.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 09026 | दानापुर | वलसाड | 07.10.25 | 25.11.25 | साप्ताहिक | मंगलवार |
| 09045 | उधना जं. | पटना जं. | 03.10.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 09046 | पटना जं. | उधना जं. | 04.10.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 09007 | वलसाड | खातीपुरा | 02.10.25 | 30.10.25 | साप्ताहिक | गुरुवार |
| 09008 | खातीपुरा | वलसाड | 03.10.25 | 31.10.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 09031 | उधना जं. | जयनगर | 05.10.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 09032 | जयनगर | उधना जं. | 06.10.25 | 01.12.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 09343 | डॉ. अम्बेडकर नगर | पटना जं. | 02.10.25 | 27.11.25 | साप्ताहिक | गुरुवार |
| 09344 | पटना जं. | डॉ. अम्बेडकर नगर | 03.10.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 09195 | वडोदरा जं. | मऊ | 06.10.25 | 24.11.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 09196 | मऊ | वडोदरा जं. | 07.10.25 | 25.11.25 | साप्ताहिक | मंगलवार |
| 09043 | बांद्रा टर्मिनस | बढ़नी | 05.10.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 09044 | बढ़नी | बांद्रा टर्मिनस | 06.10.25 | 01.12.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 09117 | उधना जं. | सूबेदारगंज | 03.10.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 09118 | सूबेदारगंज | उधना जं. | 04.10.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 09075 | मुंबई सेंट्रल | काठगोदाम | 01.10.25 | 26.11.25 | साप्ताहिक | बुधवार |
| 09076 | काठगोदाम | मुंबई सेंट्रल | 02.10.25 | 27.11.25 | साप्ताहिक | गुरुवार |
| 09185 | मुंबई सेंट्रल | कानपुर अनवरगंज | 05.10.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 09186 | कानपुर अनवरगंज | मुंबई सेंट्रल | 06.10.25 | 01.12.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 09039 | उधना जं. | धनबाद जं. | 03.10.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 09040 | धनबाद जं. | उधना जं. | 05.10.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |

INDIAN RAILWAYS भारतीय रेल
www.indianrailways.gov.in
हमें फॉलो करें /RailMinIndia

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## भारत के लिए मुश्किलें खड़ी करेगा पोर्ट पर प्रतिबंध

*अमेरिका ने ईरान के चाबहार बंदरगाह को प्रतिबंधों से छूट वापस ले ली है, जिससे भारत को बड़ा झटका लगा है। भारत ने इस पोर्ट में अरबों का निवेश किया है, जिसका रणनीतिक महत्व है क्योंकि यह पाकिस्तान को दरकिनार कर अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक पहुंच प्रदान करता है। ट्रंप ने दूसरी बार सत्ता संभालने के साथ ही चाबहार को मिली छूट खत्म करने के एग्जिक्यूटिव ऑर्डर पर साइन कर दिए थे। अब इसे 29 सितंबर से लागू करने का आदेश जारी हुआ है। इसके बाद अगर कोई कंपनी या संस्था चाबहार के संचालन में शामिल होती है, तो उस पर भी अमेरिकी प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। भारत इस पोर्ट पर अरबों रुपये का निवेश कर चुका है और यहां एक टर्मिनल बना रहा है। अमेरिकी प्रतिबंधों की वजह से उसके लिए यहां काम करना मुश्किल हो सकता है।*

*यह विडंबना है कि डोनल्ड ट्रंप भारत और पीएम नरेंद्र मोदी को दोस्त बता रहे हैं, लेकिन उनकी नीतियां भारत के खिलाफ जा रही हैं। चाबहार मामला बहुत कुछ रूसी तेल जैसा है। जब यूक्रेन युद्ध रोकने के लिए रूस पर अमेरिका दबाव नहीं बना पाया, तो उसने तेल के व्यापार पर दोष डालना शुरू कर दिया। यही कहानी ईरान के साथ है। पिछले दिनों इजराइल-ईरान टकराव और उसमें अमेरिकी दखल के बावजूद तेहरान झुकने को तैयार नहीं हुआ था, तो अब मैक्सिमम प्रेशर की बात कही जा रही है।*

*भारत के लिए चाबहार बंदरगाह की अहमियत व्यापार से अधिक रणनीतिक है। यह पोर्ट उसे पाकिस्तान को बाईपास कर सीधे अफगानिस्तान, मध्य एशिया तक पहुंच देता है। साल 2023 में पहली बार उसने इस रूट का इस्तेमाल कर अफगानिस्तान को गेहूं भिजवाया था। चाबहार उस इंटरनैशनल नॉर्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर का अहम हिस्सा है, जिसकी शुरुआत भारत, रूस और ईरान ने मिलकर की थी। सड़क और रेल नेटवर्क से जोड़ दिया जाए, तो यह कॉरिडोर सीधे यूरोप तक आसान, सस्ता और छोटा रास्ता देता है। चाबहार पर बैन भारत या ईरान नहीं, आगे चलकर अमेरिका पर भी असर डाल सकता है। इस पोर्ट को पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह का जवाब माना जा रहा है, जो चीन के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट का हिस्सा है। इस क्षेत्र से भारत हटा, तो सीधा फायदा चीन को होगा। वॉशिंगटन की वजह से पेइचिंग को रणनीतिक-व्यापारिक बढ़त मिल जाएगी। यह ट्रंप एडमिनिस्ट्रेशन की सबसे बड़ी खामी कही जाएगी कि विरोधियों पर पकड़ बनाने की उसकी हर कोशिश दोस्तों को नुकसान पहुंचाती है। चाबहार पोर्ट पर छूट खत्म होने से भारत की रणनीतिक योजनाओं और व्यापार पर बड़ा असर पड़ेगा। खासकर इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड , शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया, अदानी पोर्ट्स और लॉजिस्टिक/ऑटोमोबाइल कंपनियों को नुकसान उठाना पड़ सकता है। साथ ही कई दिग्गज भारतीयों पर भी इसका सीधा असर होगा। छूट हटने के बाद अब कई चुनौतियां सामने आएंगी। पोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए उपकरण लाना महंगा और जटिल हो जाएगा। बीमा, शिपिंग और फाइनेंस की लागत बढ़ जाएगी। भारतीय कंपनियों के ठेके और कारोबार पर सीधा असर पड़ेगा। विदेश मंत्रालय को अमेरिका और ईरान, दोनों के साथ संतुलन साधना मुश्किल होगा। स्टील उत्पादन में देश की अग्रणी कंपनियां जिनका सालाना हजारों करोड़ का व्यापार है, उन्हें आयात निर्यात में परेशानी होगी। अगर रेलवे और अन्य प्रोजेक्ट धीमे पड़ते हैं तो इनके ऑर्डर रुक सकते हैं। इससे राजस्व और उत्पादन योजना पर असर होगा. अनुमानतः दसियों करोड़ रुपये का नुकसान संभव है। जाहिर है अमेरिका के इस कदम से भारत की रणनीतिक योजनाओं को बड़ा झटका लग सकता है. सबसे ज्यादा असर कई शीर्ष कंपनियों और उन अधिकारियों पर होगा जो इस परियोजना की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। चाबहार केवल एक बंदरगाह नहीं, बल्कि भारत की क्षेत्रीय कूटनीति और मध्य एशिया से जुड़ने का सपना है। छूट हटने के बाद भारत को वैकल्पिक मार्ग तलाशने होंगे और कूटनीतिक मोर्चे पर अमेरिका से नई बातचीत करनी होगी।*

# जीएसटी सुधार से मांग बढ़ेगी और अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन

कर संरचना

**शंकर अय्यर**



अच्छी खबर यह है कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था में सुधार किया गया है, जिसकी लंबे समय से प्रतीक्षा थी। आप कह सकते हैं कि यह राजनीतिक कारणों से प्रेरित था। 2017 के बाद से हुए बदलावों में अक्सर चुनावी अर्थशास्त्र की गंध आती है, और खाखरा टैक्स का किस्सा तो याद ही होगा। यह भी कहा जा सकता है कि ये बदलाव ट्रंप की टैरिफ नीतियों के बीच घटती मांग से उत्पन्न चुनौतियों के चलते किए गए हैं। हालांकि, सरकार का कहना है कि जीएसटी सुधार न तो बिहार के लिए हैं और न ही ट्रंप के लिए, बल्कि यह 18 महीनों की बैठकों का नतीजा हैं। केंद्र और राज्यों को 'अच्छा' काम करने के लिए 18 महीने लगना अपने आप में एक अलग ही प्रमाण है!

जो भी हो, उम्मीद यही है कि जीएसटी दरों में कटौती से मांग बढ़ेगी और विकास को गति मिलेगी। हालांकि, यह कई कारकों पर निर्भर करता है। वैसे बजट 2025 में कर राहतों से उपभोग में वृद्धि का अभी तक पता नहीं चला है। सरकार को इससे अनुमानित 48,000 करोड़ रुपये की राजस्व हानि होगी, लेकिन इससे 330 लाख करोड़ रुपये की अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। अक्सर, राजनीतिक मंशा अपेक्षाओं के शोरगुल के आगे दब जाती है। उम्मीद है कि सरकार टैरिफ संकट की अनिश्चितता से पैदा हुए इस अवसर को नहीं गंवाएगी। जीएसटी दरों में कटौती लोगों के उत्साही मिजाज का लाभ उठाने और रोजगार, आय व निवेश को बढ़ावा देने के लिए गहन सुधारों को आगे बढ़ाने का एक अवसर प्रदान करती है।

ट्रंप के 50 प्रतिशत टैरिफ के अलावा, अमेरिका को भारतीय निर्यात की चुनौती दीर्घकालिक संरचनात्मक सुधारों से और भी बढ़ जाती है। राजनीति द्वारा लगाई गई आर्थिक लागत भारतीय निर्यात को कम प्रतिस्पर्धी बनाती है। वियतनाम, श्रीलंका या बांग्लादेश पर अमेरिका द्वारा लगाए गए कम टैरिफ के कारण भारत में निवेश करना कठिन हो गया है। अनुमान है कि अमेरिका को भारत से होने वाले 48-60 अरब डॉलर के निर्यात पर टैरिफ लग रहे हैं। इससे सबसे ज्यादा नियोक्ता प्रभावित होने वाले हैं। यह समस्या तमिलनाडु के तिरुपुर से लेकर उत्तर प्रदेश के नोएडा और गुजरात के सूरत तक है, जो हस्तशिल्प, कालीन, इलेक्ट्रॉनिक्स, परिधान और आभूषण जैसे क्षेत्रों में भारतीय निर्यात को प्रभावित कर सकती है। रत्न-आभूषण तथा कपड़ा क्षेत्र कुल मिलाकर पांच करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार देते हैं। ऐसे में सरकार द्वारा इन क्षेत्रों के लिए राहत और संसाधन जुटाने की जरूरत है। हालांकि, निर्यातकों को राहत देने के लिए सरकार के पास गुंजाइश कम है-राजकोषीय घाटे को 4.4 प्रतिशत तक लाने की प्रतिबद्धता और एसएंडपी द्वारा हाल ही में रेटिंग में सुधार से उपलब्ध होने वाले धन की मात्रा का पता चलेगा। इससे परिसंपत्तियों के मुद्रीकरण और विनिवेश पर ध्यान जाता है। नीति आयोग ने मुद्रीकरण के लिए छह लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं की पहचान की है।

> **उम्मीद है कि जीएसटी दरों में कटौती से मांग बढ़ेगी और विकास को गति मिलेगी। हालांकि, यह कई कारकों पर निर्भर करता है। सरकार को इससे अनुमानित 48,000 करोड़ रुपये की राजस्व हानि होगी, लेकिन इससे 330 लाख करोड़ रुपये की अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन मिल सकता है। अक्सर, राजनीतिक मंशा अपेक्षाओं के शोरगुल के आगे दब जाती है। उम्मीद है कि सरकार टैरिफ संकट की अनिश्चितता से पैदा हुए इस अवसर को नहीं गंवाएगी।**

2025 के बजट में 10 लाख करोड़ रुपये के नए परिसंपत्ति के मुद्रीकरण का लक्ष्य रखा गया है। सरकार को पहले प्राप्त राशि का खुलासा करना होगा, उसके उपयोग पर चर्चा करनी होगी और नए लक्ष्य के लिए एक समय-सीमा निर्धारित करनी होगी। पैसा जुटाने का सबसे बड़ा अवसर सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में सरकारी हिस्सेदारी का मूल्य बढ़ाना है। उदारीकरण के तीन दशक बाद भी, भारत सरकार सबसे बड़े व्यावसायिक घरानों में से एक बनी हुई है! पहले भी इस कॉलम में बताया गया था कि सरकार की पूंजी को अमृत काल निधि नामक एक संप्रभु कोष में रखा जाए, जिसका उपयोग संसाधन जुटाने के लिए किया जा सके। विक्टर ह्यूगो के शब्दों में कहें, तो यह एक ऐसा विचार है, जिसका समय आ गया है।

गौर कीजिए कि सूचीबद्ध सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों का कुल बाजार मूल्य 34.33 लाख करोड़ रुपये है और सभी सूचीबद्ध सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का बाजार मूल्य 15.9 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा है। एलआईसी, जीआईसी, आरवीएनएल, आईआरएफसी, मझगांव डॉक्स और कई बैंकों जैसे उपक्रमों में सरकार की हिस्सेदारी 80 प्रतिशत से अधिक है। अगर सरकार अपनी 51 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी किसी फंड में जमा कर दे और उसे भारत फंड के रूप में बाजार में पेश करे, तो इससे डीमैट खाते खोलने के लिए उत्सुक निवेशकों को विकल्प मिलेंगे, राहत की गुंजाइश बनेगी और कुछ समय में बुनियादी ढांचे के लिए अच्छी-खासी रकम जुटाई जा सकेगी।

भारत की अर्थव्यवस्था व्यवस्थागत सुस्ती, पुराने कानूनों और नियामकीय जंजीरों में जकड़ी हुई है। आर्थिक सर्वेक्षण 2024 ने विकास की एक रूपरेखा प्रस्तुत की है, जिसमें विनियमन-मुक्ति की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। सितंबर 2025 में भी इस विचार पर समितियों में बहस चल रही है। निवेशक राज्यों की राजधानियों और दिल्ली में परमिट के लिए कतारों में खड़े हैं। व्यवसायों को ढेर सारे अनुपालन नियमों का सामना करना पड़ रहा है। अभी जिस जीएसटी प्रणाली की सराहना की गई, वह अब भी उपकर, उल्टे शुल्क, वर्गीकरण और कारावास के खतरे से बंधी हुई है। व्यवसायों को नियंत्रित करने वाले 1,843 से अधिक कानूनों में से 800 से अधिक में कारावास की सजा का प्रावधान है। कुछ प्रावधानों को अपराधमुक्त करने का वादा अब तक एक विधेयक ही है।

ट्रंप के टैरिफ के खतरे के चलते नए बाजारों में विस्तार की जरूरत है। सैमसंग, सोनी, टोयोटा और श्याओमी ने वैश्विक ब्रांडों के जरिये अपने देशों के लिए बढ़त हासिल की है। भारतीय कंपनियों को अपना पैमाना और विशिष्ट गुणवत्ता बनाने में काफी संघर्ष करना पड़ा है। प्रणालीगत कठोरता से लेकर खराब ऋण बाजार तक कई कारणों में से एक कारण अनुसंधान एवं विकास में निवेश की कमी है। वैश्विक बढ़त के लिए यह बेहद जरूरी है। फिर भी निजी क्षेत्र के अनुसंधान एवं विकास के लिए बजट में निर्धारित 20,000 करोड़ रुपये अब तक वितरित नहीं किए गए हैं। 'एक जिला, एक उत्पाद' का विचार उत्पादन और निर्यात में विविधता लाने के लिए बनाया गया था, पर यह लड़खड़ा रहा है। विश्व व्यवस्था तेजी से बिखर रही है। भारत के राजनीतिक वर्ग को अपने आसपास देखना होगा और खतरे की अनदेखी बंद करनी होगी। आर्थिक संकट के चलते ही लोकतंत्रों में संघर्ष, फूट और उथल-पुथल होते हैं। केन्द्र की सरकार दिसंबर 2025 तक जीएसटी अपीलीय ट्रिब्यूनल लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह ट्रिब्यूनल विवादों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करेगा, जिससे कारोबारियों और नागरिकों के लिए पारदर्शिता और विश्वास का माहौल बनेगा। यह पुरानी सरकारों के तहत होने वाले उत्पीड़न को समाप्त करेगा। जब वैश्विक अर्थव्यवस्था मंदी के दौर से गुजर रही है, भारत 7.8 फीसदी की वृद्धि दर के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। जीएसटी सुधार 2.0 इस प्रगति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसे सरकार के प्रमुख मिशनों के साथ तालमेल में है। लागत को कम करने और लालफीताशाही को खत्म करने के माध्यम से, पीएम मोदी ने साबित किया है कि सुधार केवल नारे नहीं, बल्कि वास्तविक परिणाम देने वाली कार्रवाइयां हैं। जीएसटी सुधार 2.0 केवल कर प्रणाली में बदलाव नहीं, बल्कि भारत को 2047 तक 'विकसित भारत' बनाने का एक मजबूत आधार है। यह सुधार हर नागरिक को राहत, हर उद्योग को प्रोत्साहन और भारत को वैश्विक आर्थिक मंच पर नई पहचान दे रहा है। सरकार की यह साहसिक पहल आम आदमी, युवाओं, महिलाओं, एमएसएमई और बुनियादी ढांचा क्षेत्र को सशक्त बनाकर भारत की आर्थिक प्रगति को नया आयाम दे रही है। यह कदम पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत को वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

# पहाड़ों को बचाने के लिए जरूरी है जंगलों को सहेजा जाना

प्रकृति संरक्षण

**हिमांशु जोशी**

उत्तराखंड पिछले कुछ सालों से प्राकृतिक आपदाओं की चपेट में बार-बार आ रहा है। इस साल तो लगातार आईं आपदा की खबरों ने हिमालयी राज्य को लेकर चिंता बढ़ा दी है। उत्तराखंड देश के लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि यहां के हिमालय ही पूरे देश के मौसम की स्थिति तय करते हैं। धराली में अचानक आई बाढ़ ने 150 से अधिक घरों, दुकानों और मंदिरों को तहस-नहस कर दिया। कई लोग अभी भी लापता हैं। रुद्रप्रयाग में छेनागाड़ गांव पूरी तरह तबाह हो गया और अब केदारनाथ के पीछे पहाड़ी से टूट रहे ग्लेशियर को सही संकेत नहीं बताया जा रहा है। विशेषज्ञ इसके लिए राज्य में चल रहे अंधाधुंध निर्माण कार्यों और इसके लिए पहाड़ काटने को जिम्मेदार बता रहा है।



> **इन दिनों हो रही प्राकृतिक आपदाओं को रोकना है तो सबसे पहले, हमें अपने जंगलों को सुरक्षित करना होगा। उन्होंने कहा कि जंगलों को फैलाना और संरक्षित करना हमारी पहली जिम्मेदारी है।**

### ऑल वेदर रोड पर उठते सवाल

इन आपदाओं के बाद विशेषज्ञ ऑल वेदर रोड परियोजना पर सवाल उठा रहे हैं। यह परियोजना उत्तराखंड के चार धामों, केदारनाथ, बद्रीनाथ, यमुनोत्री और गंगोत्री तक साल भर सड़क मार्ग से सुगम पहुंच बनाने के लिए शुरू की गई थी। हिमालय की संवेदनशील ढलानों पर इस तरह के बड़े निर्माण कार्य से भूस्खलन और ढलान अस्थिरता का खतरा बढ़ गया है। सड़क में कई जगह पर लगातार भारी भूस्खलन हो रहा है। लगातार यह मार्ग कहीं न कहीं अवरुद्ध रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने 2019 में इस परियोजना के पर्यावरणीय प्रभावों को मॉनिटर करने के लिए ऑल वेदर रोड कमेटी का गठन किया था। इस कमेटी के अध्यक्ष रवि चोपड़ा बनाए गए थे। वह एक प्रतिष्ठित पर्यावरणविद और हिमालयी पारिस्थितिकी के विशेषज्ञ हैं। वो उत्तराखंड स्थित पीपुल्स साइंस इंस्टीट्यूट के निदेशक भी हैं। रवि चोपड़ा की अध्यक्षता वाली कमेटी ने कहा था कि सड़क चौड़ीकरण से पहाड़ी ढलानों पर अस्थिरता बढ़ सकती है। इससे प्राकृतिक आपदाओं का खतरा बढ़ सकता है। रवि चोपड़ा ने फरवरी 2022 में कमेटी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। उनका कहना था कि परियोजना की तीव्र गति के चलते उनकी सिफारिशों को नजरअंदाज किया गया।

### भविष्य की चुनौतियां क्या हैं

देहरादून की दून लाइब्रेरी में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान रवि चोपड़ा से मुलाकात हुई। इस दौरान मैंने उनसे पूछा कि ऑल वेदर रोड को 5.5 मीटर चौड़ा करने की आपकी सिफारिश को दरकिनार कर उसे 10 मीटर किया गया, इससे पर्यावरण को रहे नुकसान को अब आगे कम कैसे किया जा सकता है! इस सवाल पर रवि चोपड़ा ने कहा कि वो हमारी राय नहीं थी कि आप साढ़े पांच मीटर चौड़ी सड़क बनाएं। उन्होंने बताया कि स?क परिवहन मंत्रालय का अपना प्लानिंग डिविजन है। इस इस डिविजन ने 2018 में पिछले पांच साल का विश्लेषण करते हुए यह निष्कर्ष निकाला था कि पहाड़ों में दस मीटर चौड़ी सड़क उपयुक्त नहीं है। इसके कारण बहुत नुकसान हुआ है। जंगल कटे हैं, ढलान कमजोर हुई, कई भूस्खलन हुए और लोगों की जान गई। इसलिए पहाड़ों में कम चौड़ाई वाली सड़कें बनानी चाहिए। मतलब वो तो उनके विशेषज्ञ थे। उन्होंने पांच साल के अध्ययन का विश्लेषण कर यह सिफारिश की थी। लेकिन उसको अहमियत नहीं ही गई। ऐसे में सवाल उठता है कि क्यों? उन्होंने अपनी ही पूरी जानकारी और रिपोर्ट को नजरअंदाज क्यों कर दिया, न कमेटी को बताया, न किसी को, न राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) को। अब हम देख रहे हैं कि लगातार घटनाएं हो रही हैं।

### क्या पहाड़ों का बचाएंगे जंगल

चोपड़ा कहते हैं कि इन दिनों हो रही प्राकृतिक आपदाओं को रोकना है तो सबसे पहले, हमें अपने जंगलों को सुरक्षित करना होगा। उन्होंने कहा कि जंगलों को फैलाना और संरक्षित करना हमारी पहली जिम्मेदारी है। दूसरी जिम्मेदारी यह है कि हम प्रकृति के नियमों का उल्लंघन न करें। प्रकृति की सीमाएं बाध्य हैं और हमने उन्हें काफी हद तक समझा है। उदाहरण के तौर पर इंडियन रोड कांग्रेस का मानना है कि 30 डिग्री ढाल से ज्यादा सड़क काटना नहीं चाहिए। अगर हम सत्तर डिग्री ढाल काट रहे हैं, तो इसका पालन करना चाहिए। इंडिया रोड्स कांग्रेस भारत का मुख्य पेशेवर संस्थान है जो सड़क और हाइवे निर्माण, डिजाइन, रखरखाव और सड़क परिवहन से जुड़ी तकनीकी मानकों और दिशा-निर्देशों को निर्धारित करता है। इसे 1934 में स्थापित किया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य भारत में सड़क निर्माण की गुणवत्ता, सुरक्षा और दक्षता सुनिश्चित करना है। 2020 में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई थी। जस्टिस नरीमन ने आदेश दिया कि अब सभी सड़कें 5.5 मीटर होंगी। जहां की सड़क 10 मीटर से ज्यादा हो गई है, वहां सुरक्षा दीवार बनानी होगी। हाल ही में भूवैज्ञानिक डॉक्टर नवीन जुयाल और डॉक्टर हेमंत ध्यानी ने पूरे भागीरथी इको-सेंसिटिव जोन का अध्ययन कर हर किलोमीटर की रिपोर्ट तैयार की है। विशेषज्ञों ने रिपोर्ट दी है, उस पर काम करना है या नहीं करना, आपका अधिकार है। लेकिन हम कहेंगे कि आपको करना चाहिए।

### जागरूक होती जनता

अब पहली बार लग रहा है कि लोग अपने हिमालय को लेकर जागरूक हो रहे हैं। पांच अगस्त को जिस धराली में भयावह हादसा हुआ। उसके पीछे देवदार का जंगल है। पहले स्थानीय लोग कहते थे कि सड़क निकल जाए तो ठीक है, लेकिन अब कई लोग चाहते हैं कि जंगल बचा रहे। देवदार के पेड़ यदि लगाए जाते हैं, तो भूस्खलन कम होता है क्योंकि उनकी जड़ें गहरी होती हैं। इससे यह पेड़ बड़ी चट्टानों को रोकते हैं।

प्रसंगवश

## पराली समस्या से निपटने बहुमुखी रणनीति की जरूरत

सुप्रीम कोर्ट ने, जाड़ों की बुआई या रबी की फसल की तैयारी के लिए अपने खेतों में आग लगाने वाले किसानों पर मुकदमा चलाने की संभावना का सुझाव दिया है। पराली जलाने का दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा में वायु प्रदूषण में बड़ा योगदान है, खासकर अक्टूबर और नवंबर में, जब दक्षिण-पश्चिम मानसून लौट चुका होता है और प्रतिकूल मौसमी स्थितियां वाहनों, उद्योग, कूड़ा दहन और कृषि अपशिष्ट से निकलने वाले विषाक्त कणीय पदार्थ उत्सर्जनों को वहीं पर रोके रखती हैं। कृषि से कणीय पदार्थ प्रदूषण के कारण और उसे कम करने के तरीके ज्ञात हैं, लेकिन लंबे समय से बरकरार इस समस्या से निपटने के लिए केंद्र ने आधे-अधूरे मन से ही प्रयास किये हैं। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) , एक केंद्रीय निकाय जिसके पास पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान तक जाने की शक्ति है, का गठन एक सकारात्मक कदम था और इस बात की स्वीकृति था कि एक राज्य में वायु प्रदूषण को दूसरे राज्यों के सहयोग के बिना नहीं संभाला जा सकता। हालांकि, यह चार वर्ष पुराना वैधानिक निकाय राजनीतिक दबाव से मुक्त होकर अपनी शक्तियों का इस्तेमाल कर पाने में नाकाम रहा है। इसके हालिया आदेश का उदाहरण लें, जिसमें 'जीवन-समाप्त' वाहनों को 1 जुलाई से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में पेट्रोल-डीजल बेचने पर रोक लगायी गयी थी। दिल्ली में जनाक्रोश तथा उसके राजनीतिक नेताओं के , मुख्यतः तकनीकी आधार पर और सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप से इसके क्रियान्वयन को इस साल नवंबर तक टालना पड़ा, वह भी एनसीआर के उन हिस्सों से शुरुआत करते हुए जो दिल्ली नगरपालिकाओं का हिस्सा नहीं हैं। पराली जलाने के मामले में भी, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) न्यायपालिका को यह नहीं समझा पाया है कि पराली दहन का कारण बात न मानने वाले किसान, पंजाब व हरियाणा द्वारा सीमित प्रवर्तन और कृषि अर्थशास्त्र की संरचना थे। हाल के वर्षों में, यह सामने आया है कि पंजाब ने खेतों में आग लगाये जाने में कमी का दावा किया है, जबकि असल में यह बढ़ रहा था। सीएक्यूएम ने इसका खुलासा न करना बेहतर समझा।

किसी मसले का मूल्यांकन करने और उससे निपटने के लिए पारदर्शी प्रणाली के अभाव में तथा कल्पित राजनीतिक नतीजों से भयभीत होने के नाते, यह आश्चर्य की बात नहीं है कि किसानों को जेल भेजने जैसे सुझाव दिये जा रहे हैं ताकि दूसरों में डर पैदा हो। किसानों के खिलाफ कोई सख्त कदम उठाना संवेदनशीलता की दृष्टि से उचित भी नहीं कहा जा सकता है। इसलिए अधिकारी किसी संभावित आक्रोश से बचने के लिये दंडात्मक कार्रवाई से बचने का प्रयास कर सकते हैं। ऐसे में वे कोई सुरक्षित रुख अपना सकते हैं। निस्संदेह, किसी ऐसी सख्त कार्रवाई से पहले ही प्राकृतिक आपदा की मार झेल रहे किसानों की स्थिति और बिगड़ सकती है। ऐसे हालात में किसानों से टकराव की बजाय सहयोग को प्राथमिकता बनाना तार्किक कहा जा सकता है। आर्थिक विकल्प, दंड से बेहतर काम करेगा। दूसरी ओर किसानों को पराली के प्रबंधन के लिए प्रोत्साहित करने की जरूरत है। हम उन्हें सशक्त बनाकर इस संकट का तार्किक समाधान निकाल सकते हैं। सरकार प्रयास करे कि पराली का उपयोग उद्योगों द्वारा जैव ईंधन के रूप में एक उत्पादक विकल्प के तरह किया जाए। हमारे देश के ऊर्जा उत्पादन में बायोमास के उपयोग को बढ़ावा देने से जमीनी स्तर पर बदलाव लाया जा सकता है। पराली आधारित बॉयलरों को अपनाने वाले उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिये पूंजीगत सब्सिडी सराहनीय पहल बन सकती है। सर्दियों में भीषण ठंड से बचने के लिये पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ किसानों की भलाई सुनिश्चित करने वाले पर्यावरण अनुकूल कदम उठाना भी जरूरी है। पराली का निस्तारण करने वाली मशीनों की खरीद के लिये किसानों को प्रोत्साहित किया जा सकता है। मशीनों की खरीद में सब्सिडी तथा ग्राम पंचायत स्तर पर सहकारिता के आधार पर इनके उपयोग से भी सार्थक परिणाम मिल सकते हैं। इस दिशा में किसानों को जागरूक करने के लिये अभियान चलाए जाने जरूरी हैं। उन्हें बताया जाना चाहिए कि पराली जलाने से जहां खेतों की उर्वरता पर प्रतिकूल असर पड़ता है, वहीं इससे उठने वाला धुआं उनके व परिवार के लिये भी घातक है।

> **कृषि से कणीय पदार्थ प्रदूषण के कारण और उसे कम करने के तरीके ज्ञात हैं, लेकिन लंबे समय से बरकरार इस समस्या से निपटने के लिए केंद्र ने आधे-अधूरे मन से ही प्रयास किये हैं।**

॥गीता॥



**श्लोक**

**विद्याविनयोपेतो हरति न चेतांसि कस्य मनुजस्य।**
**कांचनमणिसंयोगो नो जनयति कस्य लोचनानन्दम॥**

**भावार्थ**

विद्यावान और विनयी पुरुष किस मनुष्य का चित्त हरण नहीं करता। सुवर्ण और मणि का संयोग किसकी आँखों को सुख नहीं देता।

जीवन दर्शन

## खुश होने के लिए कोई कारण होना जरूरी नहीं

सहज रूप से भी खुश हुआ जा सकता है। इसके लिए कोई कारण होना जरूरी नहीं। यही तो मनुष्य का मौलिक स्वभाव है। खुशी महज एक क्षणिक भावना नहीं है, बल्कि यह कई महत्वपूर्ण बदलावों को जन्म देती है, जो हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं। खुशी हमारी दूसरी भावनाओं से बहुत अलग है। यह लंबे समय से इच्छित काम को पूरा करने से जुड़ी है, जिसका नतीजा हमारी उम्मीदों से बढ़कर होता है।

खुशी अक्सर जीवन से संतुष्टि की व्यापक भावना को दर्शाती है। खुशी से एक ऐसी सच्ची मुस्कान पैदा होती है, जो अनैच्छिक होती है और हमारी आंखों तक पहुंचती है। खुशी हमारे शरीर में भी कई तरह के बदलाव लाती है। मसलन, खुश होने पर हमारी सांसें तेज हो जाती हैं, दिल की धड़कन बढ़ जाती है, और पूरा शरीर गर्म महसूस होता है। ये अनुभूतियां एड्रेनालाइन के स्राव के कारण होती हैं, जिससे हम जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए मानसिक रूप से अधिक तैयार महसूस करते हैं। दिलचस्प बात यह है कि खुशी यानी आनंद एक गुण



भी है और अवस्था भी। यानी, जहां हममें से कुछ लोग इसे किसी सुखद परिस्थिति की वजह से अनुभव करते हैं, वहीं कुछ लोगों में अकारण भी इसी अवस्था में रहने की क्षमता होती है। कुछ शोध बताते हैं कि यह क्षमता आनुवंशिक होती है, और अनुमान है कि लगभग 30 फीसदी लोगों में 'जेनेटिक प्लास्टिसिटी' नामक क्षमता होती है। यानी वे अपने बाहरी वातावरण से असमान रूप से प्रभावित होते हैं और आनंद उत्पन्न करने की तकनीकें सीखने के बाद, उन्हें इसका अनुभव करना आसान लग सकता है।

इस प्रकार, सकारात्मक अनुभवों के लिए उनकी आनुवंशिक प्रवृत्ति अधिक आनंद का कारण बन सकती है। खुशी की भावना को बढ़ाने के कई तरीके हो सकते हैं। मसलन, दूसरों के साथ कुछ बांटने से हमें ज्यादा खुशी का अनुभव हो सकता है और ऐसा सिर्फ इसलिए नहीं है कि दूसरों की संगति से हमारी खुशी बढ़ती है। दोस्तों और परिवार के साथ समय बिताना भी खुशी बढ़ा सकता है। इसलिए अगर आप अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में कुछ बदलाव चाहते हैं, तो दोस्तों के साथ डिनर पार्टी का आयोजन करें, जहां आप सब मिलकर खाना तैयार करें। दूसरों के साथ दौड़ते या टहलते समय, हमें अकेले दौड़ने या टहलने की तुलना में ज्यादा आनंद का अनुभव होता है। खुशी की भावना को बढ़ाने का एक सरल तरीका यह है कि आप अपनी भावनाओं को कागज पर लिखने की आदत डालें। खुशी की अनुभूति अद्भुत है, लेकिन यह हमारे जीवन की एकल भावना नहीं है। इसलिए जरूरी है कि हम अपनी बाकी सभी भावनाओं से घिरे होने के बावजूद भी खुश रहना सीखें।

**जोलांटा बर्क**

# प्रदेश के दिग्गजों के रवैये से भाजपा हाईकमान खुश नहीं

## कई नेताओं के व्यवहार से कार्यकर्ताओं में पनप रहा असंतोष, आलाकमान चिंतित

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** अमूमन भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मान करने वाली पार्टी मानी जाती है, लेकिन सूबे के कुछ नेता बेलगाम हो गए हैं। इन्हें नियंत्रित करने के लिए हाईकमान ने प्रयास शुरू कर दिए हैं, ताकि ऐसे नेताओं को लेकर कार्यकर्ताओं में पनप रहे असंतोष को खत्म किया जा सके। बीते दिनों मुख्यमंत्री निवास पर राष्ट्रीय संगठन महामंत्री शिवप्रकाश की मौजूदगी में हुई बैठक में इन मुद्दों को लेकर मंथन किया गया और नेताओं को हाईकमान के संदेश से अवगत कराया गया। पिछले कुछ महीनों से भोपाल से लेकर दिल्ली तक कुछ नेताओं और मंत्रियों को लेकर खबर पहुंच रही है कि उन्हें विधायकों से लेकर कार्यकर्ताओं तक को तरजीह नहीं दी जाती। जिससे कार्यकर्ता उपेक्षित समझ रहा है। संघ के मंचों पर भी इस तरह की उपेक्षा को लेकर बातचीत भी होती आ रही है। इसने केन्द्र में बैठे आलाकमान को चिंतित कर दिया है। भाजपा की नब्ज समझने वालों का कहना है कि भले ही भाजपा ने मप्र में वर्ष 2023 में बहुमत से ज्यादा सीटें जीतकर सरकार बना ली हो, लेकिन अभी भी वर्ष 2018 के चुनाव में पार्टी को मिली हार का सबक याद है, जिससे वह कार्यकर्ताओं को नाराज नहीं करना चाहता। जानकारों का यह भी कहना है कि इस बार मध्यप्रदेश में सत्ता और संगठन का नेतृत्व पूरी तरह से नए हाथों में है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कम समय में जनता के बीच अपनी पहुंच बनाई है, लेकिन अभी संगठन के मुखिया के तौर पर निर्वाचित हुए हेमंत खंडेलवाल को तेजी से कदमताल करना होगा। ऐसी स्थिति में कार्यकर्ताओं की बातें सीधे संगठन तक नहीं पहुंच पा रही हैं। इसकी वजह से कार्यकर्ता अपने आपको उपेक्षित समझने लगा है। कार्यकर्ताओं और नेतृत्व के बीच ऐसा कोई नेता नहीं है, जो उनकी बातों को सुने और उसे नेतृत्व तक पहुंचाए। कहा तो यह भी जा रहा है कि इसका लाभ कुछ बेलगाम हो चुके नेताओं द्वारा उठाया जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि जो रिपोर्ट दिल्ली पहुंची है,उसमें मालवा, मध्य, विंध्य, निमाड़ और बुंदेलखंड से आने वाले नेताओं को लेकर टिप्पणी की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इन क्षेत्रों के नेताओं ने अपना कद इतना बड़ा कर लिया है कि वहां पर न तो दूसरी पंक्ति का कोई नेतृत्व उभर पा रहा है और न ही वहां पर उनकी इच्छा के बिना कोई फैसले ही लिए जा रहे हैं, जिससे दूसरे नेता और कार्यकर्ताओं को मजबूरी में इन दिग्गज नेताओं के आगे-पीछे घूमना पड़ रहा है। जानकारों का कहना है कि हाईकमान इस बात को लेकर भी परेशान है कि यदि भविष्य इन नेताओं के स्थान पर दूसरी पंक्ति को आगे बढ़ाना पड़े, तो वहां सक्षम चेहरा कहां से लाया जाएगा।





### वर्चस्व की लड़ाई से भी पार्टी परेशान

कुछ दिग्गजों के क्षेत्र में पार्टी में गुटबाजी है। यहां पर वर्चस्व की लड़ाई के चलते बड़े नेता एक दूसरे की अंदरुनी तौर पर जड़ें काटने में लगे हुए हैं, जो पार्टी के लिए आने वाले समय में मुसीबत बन सकती है। इस पर पार्टी तत्काल प्रभाव से रोक लगाना चाहती है।

### विजयवर्गीय को सौंपी जिम्मेदारी

पिछले दिनों पार्टी हाईकमान ने नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को दिल्ली बुलाया था, जहां उनकी केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के अलावा दूसरे वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात हुई। नेतृत्व ने उन्हें कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और मंत्रियों के बीच बढ़ रही दूरी को कम करने की जिम्मेदारी सौंपी है। विजयवर्गीय मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में इस दिशा में काम करेंगे।

### सीएम भी कई बार चेता चुके

कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों से सतत संपर्क और उन्हें महत्व देने को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कई बार मंत्रियों को हिदायत दे चुके हैं। सीएम कार्यकर्ताओं और आमजन से मिलकर उदाहरण पेश करते हैं, लेकिन कुछ वरिष्ठ नेता अपने अहंकार को कम नहीं होने देते।

### शिवप्रकाश ने बताई हाईकमान की मंशा

पिछले दिनों सीएम हाउस में हुई बैठक में प्रदेश के दो उपमुख्यमंत्री सहित सात दिग्गज मंत्री और संगठन अध्यक्ष व संगठन महामंत्री की मौजूदगी में इस मुद्दे पर सीधे चर्चा हुई। राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने हाईकमान की चिंता से अवगत कराया और कहा कि मध्यप्रदेश में कार्यकर्ता किसी भी स्थिति में निराश, उपेक्षित, उदास या हताश नहीं होना चाहिए, क्योंकि इन्हीं की दम पर भाजपा प्रदेश की जनता के विश्वास पर खरी उतर सकती है।

## कटनी गोल्ड खदान में जल्द शुरू होगा खनन

**विसं, भोपाल।** कटनी के स्लीमनाबाद के इमलिया गोल्ड ब्लॉक की खदान से जल्द ही स्वर्ण खनन शुरू हो जायेगा। सोमवार को कलेक्टर आशीष तिवारी और प्रोस्पेक्ट रिसोर्स मिनरल्स प्रायवेट लिमिटेड कम्पनी के डायरेक्टर अविनाश के मध्य गोल्ड ब्लॉक की माइनिंग लीज का एमओयू हुआ। मध्यप्रदेश का कटनी जिला वैश्विक स्वर्ण खनन मानचित्र पर प्रतिष्ठित हो गया है। कलेक्टर तिवारी ने बताया कि ई-नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से प्रोस्पेक्ट रिसोर्स मिनरल्स प्रायवेट लिमिटेड कम्पनी नरीमन प्वाइंट मुम्बई को 50 वर्ष की अवधि के लिये स्लीमनाबाद क्षेत्र के ग्राम इमलिया में 6.510 हेक्टेयर क्षेत्र का खनि पट्टा प्रदान किया गया है। श्री तिवारी ने बताया कि इमलिया गोल्ड माइंस में उत्खनन कार्य शुरू होने से स्थानीय स्तर पर बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे। साथ ही जिले को क्षेत्रीय स्तर पर अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा।

# जीएसटी कटौती की दरें समृद्धि लाएंगी: सीएम

## जीएसटी रिफार्म की जानकारी देने डॉ. यादव पहुंचे चौक बाजार, लोगों से किया संवाद

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व्यापारियों और ग्राहकों को जीएसटी रिफार्म की जानकारी देने सोमवार को राजधानी स्थित चौक बाजार पहुंचे और व्यापारियों से सीधे संवाद किया। इस मौके पर सीएम ने कहा कि नई जीएसटी कटौती दरें जनता के जीवन में बचत और समृद्धि लेकर आई हैं। सीएम दोपहर में राजधानी की प्रसिद्ध कंर्फ्यू वाली मंदिर चौराहे पहुंचे, जहां उन्होंने शारदीय नवरात्र की घट स्थापना के अवसर पर मंदिर में दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद सीएम ने दुकानों में व्यापारियों से संवाद करते हुए कहा कि स्वदेशी वस्तुओं को अपनाकर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी सहभागिता निभाएं। उन्होंने चौक बाजार में भ्रमण के दौरान सामाजिक संगठनों और जनता से भी मुलाकात और संवाद किया। सीएम ने स्वदेशी को बढ़ावा देने कुर्ता पैजामा खरीदा और यूपीआई से दुकानदार को भुगतान किया। इस मौके पर सीएम ने कहा कि हम स्वदेशी के मंत्र के भरोसे दुनिया के सामने पूरी शक्ति के साथ खड़े हो सकते हैं। स्वदेशी के भरोसे ही हमारा देश आजाद हुआ और अब हम स्वदेशी के आधार पर विश्व में नंबर-1 बनेंगे। हम हर चीज मेक इन इंडिया खरीदें। हमारा भाव है कि यहीं बना हुआ उत्पाद यहीं बिके, यहां से बने उत्पाद दुनिया में निर्यात हों। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत का स्वप्न केवल संकल्प नहीं, बल्कि जल्द ही साकार होने वाला यथार्थ है। इसके लिए देश के हर नागरिक को बराबर का सहयोगी और साथी बनना होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी आम जनता के साथ सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने जीएसटी घटाकर व्यापारियों के साथ ही आम जनता को दीपावली का उपहार दिया है। स्वदेशी ही देश और प्रदेश के विकास का मूल आधार है। स्वदेशी हमारी आजादी के दौर का कारगर हथियार था। अब इसी स्वदेशी को अपनाकर भारत दुनिया की चौथी से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने जीएसटी कटौती से पहले आयकर सुधारों से आम जनता को राहत दी है। डॉ. यादव ने सभी व्यापारी बंधुओं से गर्व से कहो-यह स्वदेशी है का उद्घोष कराया। भोपाल चेंबर ऑफ कामर्स द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. यादव को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया। इस मौके पर कुछ महिलाओं द्वारा मुख्यमंत्री को मिठाई खिलाई गई।



### सांसद-विधायक भी घूमे साथ में

जीएसटी की नई दरों के संदर्भ में बाजार में पैदल भ्रमण से जनजागरण तथा व्यापारिक, सामाजिक संगठनों एवं आमजनों से संवाद कार्यक्रम के दौरान भोपाल सांसद आलोक शर्मा, विधायक दक्षिण-पश्चिम भगवान दास सबनानी, भोपाल महापौर मालती राय, सहित जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न व्यापारी एवं वाणिज्यिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। संवाद कार्यक्रम के दौरान विभिन्न व्यावसायिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

# कांग्रेस के आंदोलनों में जनता की गैर भागीदारी से प्रदेश प्रभारी परेशान

## जब जनता हमसे जुड़ेगी तब सरकार को मजबूती से जबाव दे पाएंगे

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी इस बात को लेकर परेशान हैं कि कांग्रेस के आंदोलनों में जनता की वैसी भागेदारी नहीं हो पा रही है, जो कभी कांग्रेस को मजबूत बनाती थी। उनका मानना है कि वोट चोर गद्दी छोड़ आंदोलन में जनता का जुड़ाव नहीं है, बल्कि यह केवल कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन तक सीमित हो गया है। सोमवार को प्रदेश कांग्रेस के दफ्तर में हरीश चौधरी ने जिलाध्यक्षों से कहा कि यह हमारी कमजोरी है कि अब कांग्रेस का संगठन पहले जैसा नहीं बचा। हम लगातार कमजोर हुए हैं, जो अब हम सभी कांग्रेसियों के लिए चुनौती जैसा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी संगठन की कमजोरी की बात को स्वीकार कर चुके हैं। हमारे आंदोलन में जिस दिन कार्यकर्ताओं के साथ आमजनता की भागेदारी होगी, उस दिन हम मजबूत होंगे और सत्ताधारी दल भाजपा व सरकार को मजबूती से जनविरोधी नीतियों को लेकर बेनकाब कर पाएंगे। उन्होंने जिलाध्यक्षों से कहा कि भोपाल से लेकर दिल्ली तक की नजर हर जिला संगठनों पर है। हमें जनता का विश्वास हासिल करना है,इस लक्ष्य को लेकर जिलाध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय हो जाए। चौधरी ने कहा कि हमें इस बात को ध्यान रखना है कि कहीं भी आपसी टकराहट जैसी स्थिति निर्मित नहीं हो। जिलाध्यक्षों की जिम्मेदारी है कि उन्हें हर छोटे बड़े कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ सामंजस्य बनाकर पार्टी संगठन को मजबूत बनाने के काम में जुटना है।

### तीन संभाग के जिलाध्यक्ष पहुंचे पीसीसी




संगठन सृजन अभियान के बाद जिलाध्यक्षों को साथ वन टू वन का सिलसिला दूसरे दिन भी जारी रहा। ग्वालियर-चंबल और इंदौर संभाग में आने वाले जिलों के संगठन अध्यक्षों से चौधरी ने सीधे संवाद किया। इस मौके पर पीसीसी चीफ जीतू पटवारी भी मौजूद रहे। चौधरी ने अध्यक्षों से उनकी नियुक्ति के बाद से अब तक का अपडेट लिया। उन्होंने अध्यक्षों से पूछा कोई एक काम ऐसा बताएं, जो उन्होंने पिछले एक महीने में किया हो और उससे आम जनता का जुड़ाव हुआ हो।

### गरीबों का पैसा उद्योगपतियों की जेब में डाला

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि सरकार इतने सालों तक गरीब जनता का पैसा उद्योगपतियों की जेब में डालती रहे। यह पैसा सरकार को वापस करना चाहिए और जनता से माफी भी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार गरीबों की जेब से पैसे न निकाले यह बात राहुल गांधी ने कही थी और अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को समझ में आ गया है कि राहुल गांधी सही कह रहे हैं। पटवारी ने कहा कि जिन उपभोक्ताओं ने 28 प्रतिशत की दर से जीएसटी का भुगतान किया है,उन्हें अतिरिक्त राशि वापस मिलनी चाहिए।

# पोते की चाह में 4 माह की पोती के मुंह में ठूसा गमछा

## दादी ने पोटली बांधकर कुएं में फेंका, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जागरण, सिवनी मालवा।** हम कितने भी आधुनिकता के दावे कर लें, लेकिन आज भी दकियानूसी लोग लड़कियों को अभिशाप मानते हैं। कई बार ऐसी घटनाएं सामने आती हैं, जो मानवता को शर्मसार करती हैं। सिवनी मालवा तहतील के ग्राम बेरखेड़ी में 4 माह की मासूम बच्ची की हत्या ने रोंगटे खड़े कर दिए, जिस क्षेत्र में कन्याओं को देवी स्वरूप में पूजा जाता हो वहां एक मासूम बच्ची की जान उसी की दादी ने सिर्फ इसलिए ले ली, क्योंकि वह पोता चाहती थी।

19 सितंबर को ४ माह की बच्ची की लाश मिली तो पुलिस जांच में जुट गई। छानबीन के बाद बता चला कि बच्ची की हत्या उसकी दादी मीनाबाई अश्वारे ने की थी। पुलिस ने दादी को गिरफ्तार कर लिया है। एसडीओपी महेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि 27 मई को जन्मी बच्ची के पैदा होने के बाद से पोते की चाहत में मीनाबाई खुश नहीं थी। बच्ची कृतिका आंगन में झूले पर सो रही थी। मां मीरा घर के पीछे बर्तन धो रही थी, तभी मौका देख मीनाबाई ने बच्ची के मुंह में गमछा ठूंस दिया। सांस थमते ही शव को पोटली में बांधकर सूखे कुएं में फेंक दिया। बच्ची के गायब होने के बाद पूरा गांव तलाश में जुट गया। खोजबीन में ग्राम कोटवार, बच्ची के दादा निर्भय सिंह ने कुएं में पोटली देखी थी, लेकिन मीना ने यह कहकर उसे निकालने से रोक दिया था कि उसमें माहवारी के गंदे कपड़े रखे हैं। बाद में पुलिस ने जब पोटली खोली तो उसमें बच्ची का शव मिला। बच्ची के पिता शुभम अश्वारे ने बताया कि वह काम पर गया हुआ था। तभी घर से सूचना मिली की बच्ची गायब हो गई है। उसके बाद हमने बहुत ढूंढा, पर वो नहीं मिली। जिस पोटली में लाश मिली वह तीन दिन तक कुएं में पड़ी रही। सिवनी-मालवा थाना प्रभारी राजेश दुबे ने बताया कि फोरेंसिक विशेषज्ञ की सलाह पर दो चिकित्सकों की टीम ने जिला चिकित्सालय में पोस्टमॉर्टम किया। पीएम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि बच्ची के मुंह में 24 सेंटीमीटर लंबा और 10 सेंटीमीटर चौड़ा गमछे का टुकड़ा मिला। एसडीओपी श्री चौहान ने बताया कि पीएम के बाद जब यह स्पष्ट हुआ कि बच्ची की हत्या दमघोंट कर की गई है। पुलिस ने जब परिजनों से पूछताछ की तो मीनाबाई का व्यवहार और हावभाव से स्पष्ट था कि वह कुछ छिपा रही है। इस बीच पुलिस ने एक तरकीब खेली और मीना बाई से पूछताछ में यह बताया कि आरोपी का फोटो उनके कैमरे में आ गया है जिसके बाद मीना बाई ने पुलिस के आगे घुटने टेक दिए और अपना जुर्म कबूल कर लिया।

# मृत प्रोफेसर अजमेर बघेल को दी नियुक्ति!

## 28 असिस्टेंट प्रोफेसर को दिए आदेश

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग ने असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा-2017 से चयनित 28 प्रोफेसरों, ग्रंथपालों और क्रीड़ा अधिकारियों की परिवीक्षा अवधि खत्म कर दी है। इन सभी को अब स्थायी रूप से नियुक्त कर दिया गया है। हैरानी की बात यह है कि इस सूची में अलीराजपुर कॉलेज में अंग्रेजी विषय के असिस्टेंट प्रोफेसर रहे स्वर्गीय डॉ. अजमेर सिंह बघेल का भी नाम शामिल है, जिनका कुछ समय पहले निधन हो चुका है। डॉ. बघेल की नियुक्ति 21 दिसंबर 2019 को हुई थी और दो साल की परिवीक्षा पूरी होने के बाद उन्हें 21 दिसंबर 2021 को नियमित कर दिया गया था। उनके निधन के बाद भी विभाग ने उनकी परिवीक्षा समाप्त करने का आदेश जारी किया है। विभाग का मानना है कि इस आदेश से उनके परिवार को सेवा से जुड़े सभी लाभ प्राप्त करने में आसानी होगी। हालांकि, कई प्रोफेसरों का कहना है कि जब विभाग को प्रो. बघेल के निधन की जानकारी थी, तो उन्हें अन्य लोगों की सूची में शामिल करने की बजाय अलग से आदेश जारी किया जाना चाहिए था। यह आदेश उच्च स्तर के अधिकारियों और मंत्रियों की स्वीकृति के बाद जारी होता है, इसलिए यह एक गंभीर लापरवाही मानी जा रही है। यह आदेश अवर सचिव वीरन सिंह भलावी द्वारा जारी किया गया है। विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार सभी ने दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली है, जिसके बाद अब उन्हें नियमित सेवाकाल का लाभ मिलेगा। सूची में रीवा, जबलपुर, ग्वालियर, सागर, धार, रतलाम, अलीराजपुर सहित विभिन्न जिलों के नाम शामिल हैं। भोपाल से दो असिस्टेंट प्रोफेसर नीता माहोर गीतांजलि पीजी कालेज और नरेश बाबू मल्लमपाटी गीतांजलि कालेज की परिवीक्षा अवधि समाप्त की गई है।

## पात्र को ही मिलेगा श्रम योजनाओं का लाभ-कुर्रे

**विसं, भोपाल।** नागरिकों के हितों की रक्षा एवं श्रमिक कल्याणकारी योजनाओं के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए श्रम विभाग द्वारा सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश जारी किए गए हैं। संबल योजना अथवा निर्माण श्रमिक कल्याण मंडल योजना में पंजीयन कराने अथवा आर्थिक लाभ प्राप्त करने हेतु कोई भी व्यक्ति यदि गलत तथ्य या भ्रामक सूचना देकर धोखाधड़ी करता पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत उचित कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

# नवरात्रि के पहले दिन ही प्रॉपर्टी की खरीद में उछाल, हुईं 350 रजिस्ट्री

## 500 स्लॉट की हुई थी बुकिंग, पंजीयन विभाग को 8 करोड़ रुपए की आय

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** नवरात्रि के पहले दिन जिले में प्रॉपर्टी की खरीदी और बिक्री में बड़ा उछाल देखने को मिला। पहले दिन रजिस्ट्री करवाने के लिए एडवांस में करीब 500 स्लॉट की बुकिंग की गई, लेकिन शाम तक करीब 350 रजिस्ट्रियां ही दर्ज की जा सकीं, जिससे पंजीयन विभाग को करीब करीब 8 करोड़ की आय हुई, लेकिन पंजीयन के लिए बनाए गए संपदा 2.0 सॉफ्टवेयर का सर्वर डाउन होने के चलते लोगों को परेशानी हुई। बता दें कि पंजीयन विभाग ने दशहरे तक करीब 8 हजार रजिस्ट्री व 100 करोड़ रुपए की आय का लक्ष्य रखा है। पहले दिन करीब 8 फीसदी लक्ष्य हासिल किया गया। सर्वर डाउन होने की समस्या से निपटने के लिए अतिरिक्त सर्वर के साथ तकनीकी टीम को तैयार रहने को कहा गया, ताकि काम को तेज गति से पूरा किया जा सके। बता दें कि भोपाल में बैरसिया, परी बाजार और आईएसबीटी पर पंजीयन कार्यालय स्थित हैं। अधिकारियों ने त्योहार को देखते हुए कर्मचारियों के अवकाश पर भी रोक लगा दी है। दशहरे तक कर्मचारी शनिवार और रविवार को भी काम पर रहेंगे। स्लॉट बुकिंग अधिक होने के चलते कार्यालय में देर तक काम लिया जा सकता है। बता दें कि गणेशोत्सव के बाद प्रॉपर्टी का बाजार स्थिर हो गया था। पितृपक्ष में लोगों ने प्रॉपर्टी के सौदे तो किए थे, लेकिन रजिस्ट्री के लिए नवरात्रि के शुभ मुहूर्त का इंतजार कर रहे थे।



### सुबह से ही रजिस्ट्री कार्यालय में उमड़े लोग

जिले के तीनों पंजीयन कार्यालय में रजिस्ट्री के लिए लोग सुबह से ही उमड़ गए। सुबह 10 बजे से ही लोग रजिस्ट्री कराने के लिए पहुंच गए और शाम 7 बजे तक तीनों पंजीयन कार्यालयों में भीड़ रही। सबसे ज्यादा नए प्लॉट और फ्लैट की रजिस्ट्री दर्ज की गई। ज्यादातर लोगों को संपदा 2.0 सॉफ्टवेयर के बारे में जानकारी न होने के चलते रजिस्ट्री में देरी हुई। जानकारी न होने के चलते पंजीयन के दौरान ओटीपी जनरेट करने और आधार व मोबाइल नंबर अपडेट करने में देरी हुई। बता दें कि संपदा 2.0 सॉफ्टवेयर में यह प्रावधान किया गया है कि यदि किसी कारण से गवाह नहीं पहुच पाता है, तो वह आधार फेस व मुद्रा एप्लीकेशन से अपना सत्यापन ऑनलाइन डिजिटल ही कर देगा।

### दीपावली तक जारी रहेगा प्रॉपर्टी में बूम का सिलसिला

नवरात्रि के पहले दिन से प्रॉपर्टी की खरीदी में बढ़त का यह सिलसिला अब धनतेरस व दीपावली तक जारी रहेगा। वरिष्ठ पंजीयक स्वपनेश शर्मा के अनुसार लोग नवरात्रि के अवसर पर रजिस्ट्री के लिए इंतजार करते हैं। अब दशहरे तक इसी तरह रोजाना रजिस्ट्री होंगी। दशहरे के बाद धनतेरस व दीपावली पर भी बड़ी संख्या में रजिस्ट्री होती है, जिसके लिए पंजीयन विभाग द्वारा पूर्व में ही तैयारी कर ली जाती है और लोगों को रजिस्ट्री के संबंध में होने वाली औपचारिकताओं की जानकारी भी दे दी जाती है।

**लापरवाही** एनजीटी की रोक के बाद भी 479 पेड़ काटने के लिए किए चिह्नित

# 132 पेड़ों की अनुमति, पीडब्ल्यूडी ने काटे 800 पेड़

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** राजधानी भोपाल का ग्रीन कवर पिछले दो सालों में 25.33 फीसदी तक कम हो गया है। इसके बावजूद भी पेड़ों को काटने और काटे गए पेड़ों के एवज में नया पौधरोपण न करने की लापरवाही की जा रही है। दरअसल कोलार के सीआई तिराहे से शाहपुरा तक बनाई गई फोरलेन सीसी रोड को बनाने के लिए पीडब्ल्यूडी ने 132 पेड़ों की कटाई की अनुमति लेकर 800 से ज्यादा पेड़ काट दिए। इस मामले में विभाग ने रहवासियों के विरोध को भी दरकिनार कर दिया। मामले में शाहपुरा निवासी लॉ स्टूडेंट सान्निध्य जैन ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में पर्यावरण से हो रही खिलवाड़ के खिलाफ याचिका दायर की। इस लापरवाही पर एनजीटी ने विभाग द्वारा चिन्हित 479 पेड़ों की कटाई पर तत्काल रोक लगाने और काटे गए पेड़ों के एवज में 10 गुना अधिक 8000 पेड़ लगाने के आदेश जारी किए थे। साथ पर्यावरण क्षतिपूर्ति के एवज में 23 लाख 70 हजार रुपए का जुर्माना भी अधिरोपित किया था, लेकिन पीडब्ल्यूडी के ठेकेदार ने पेड़ लगाने की जगह आसपास के निर्माण को पक्का कर दिया और जिन 479 पेड़ों के काटने पर रोक लगाई गई थी। उन्हें भी काटने की तैयारी कर ली। न्यायालय के आदेश की अवहेलना होने पर सान्निध्य ने अब उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर कर पेड़ों को बचाने की गुहार लगाई है। सान्निध्य की ओर से अधिवक्ता अंशुल गुप्ता, कीर्ति दुआ और आदित्य टेंगुरिया ने सर्वोच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति नरसिम्हा और अतुल चंदुरकर के समक्ष तथ्य रखे। जिनसे सहमत होकर न्यायालय ने राज्य शासन से जवाब तलब किया है। बता दें कि शहर का ग्रीन कवर लगातार कम हो रहा है। इंडिया स्टेट ऑफ फॉरेस्ट 2023 की रिपोर्ट की मानें तो भोपाल की हरियाली 25.33 फीसदी तक कम हुई है।

### बिना चिह्नित किए काट दीं झाड़ियां

कटाई के दौरान पीडब्ल्यूडी ने केवल बड़े पेड़ों को काटने की ही अनुमति ली थी। इस दौरान सड़क किनारे लगे शीशम सहित अन्य पेड़ों की झाड़ियां बिना चिन्हित किए ही काट दी गईं। इनके लिए पूर्व में कोई भी क्षतिपूर्ति राशि जमा नहीं कराई गई थी। इस मामले में पीडब्ल्यूडी के ईई आरपी गुप्ता के अनुसार जो 132 पेड़ चिन्हित किए गए थे। उन्हें काटने की फॉरेस्ट और नगर निगम से अनुमति ली गई थी और नगर निगम में क्षतिपूर्ति राशि जमा की गई थी। इसके बाद यह पेड़ काटे गए हैं। स्टे के बाद हमारे द्वारा एक भी पेड़ नहीं काटा गया। अन्य चिन्हित 479 पेड़ मनीषा मार्केट से शैतान सिंह चौराहे के बीच के हैं। उनके ट्रांसप्लांटेशन पर विचार किया जा रहा है। लेकिन विभाग ने बाद में इन पेड़ों को काटने की भी तैयारी कर ली।

### पेड़ों की कटाई पर एनजीटी ने जताई थी चिंता

पेड़ों की कटाई को लेकर पिछले वर्ष एनजीटी की बैंच ने चिंता भी जाहिर की थी। बैंच ने पर्यावरण असंतुलन पर चिंता जाहिर कर कहा था कि इन सभी पेड़ों के कटने से इस क्षेत्र की जैव विविधता के साथ पर्यावरण को भारी नुकसान होगा। वाहनों के धुएं और धूल के कारण वातावरण में पीएम 2.5 और पीएम 10 कणों में बढ़ोत्तरी होगी। भूजल स्तर में तेजी से गिरावट होगी। मौसम में असंतुलन से शहर में भविष्य में अतिवृष्टि के चलते बाढ़ आना, भयंकर गर्मी और शीतलहर जैसी स्थितियां बनेंगी। पेड़ कटने से प्रकाश संस्लेषण सहित अन्य क्रियाएं प्रभावित होंगी, जिससे शहर में ऑक्सीजन की आपूर्ति में भी कमी आएगी।

# प्रियंका के अभियान में स्पीकर तोमर की दिमनी सीट

## कांग्रेस नए सिरे से रणनीति बनाकर एक-एक बूथ को मजबूत करेगी

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर का विधानसभा क्षेत्र दिमनी कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के नए अभियान का हिस्सा होगी। जहां कांग्रेस नए सिरे से रणनीति बनाकर एक-एक बूथ को मजबूत बनाने के लिए काम करेगी। दिमनी के अलावा देश के दूसरे प्रांतों की चार अलग-अलग विधानसभा सीटों को भी इस अभियान के तहत चुना गया है। गौरतलब है कि कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने हर बूथ मजबूत अभियान की शुरुआत की है। जिसमें उन विधानसभा सीटों को चुना गया है, जो कम मतो के अंतर से कांग्रेस से हाथ से खिसकी थी, यानि कि वहां पर कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा था। अभियान के तहत प्रथम चरण में देश के पांच राज्यों से एक-एक विधानसभा क्षेत्रों का चयन किया गया है। मध्यप्रदेश के दिमनी के अलावा छत्तीसगढ़ की कांकेर, उत्तर प्रदेश की बांसगांव, राजस्थान की विराटनगर और हरियाणा की अलवर विधानसभा सीट इस अभियान का हिस्सा होगी। बताया गया है कि कांग्रेस इस अभियान के तहत कम मार्जिन से हारने वाली सीटों को लेकर अलग से प्लान तैयार करेगी। इन प्रत्येक विधानसभा की जिम्मेदारी दूसरे राज्यों के नेताओं को दी जाएगी। जिनकी देखरेख में अभियान के तहत काम किया जाएगा।इसके तहत मतदान केंद्रों पर बूथ रक्षक बनाए जाएंगे। इसके अलावा इन सीटों पर मतदाता सूची का वेरिफिकेशन, वोटर लिस्ट में गड़बड़ी समेत कई जानकारियां एकत्रित की जाएंगे। जानकारों की माने तो प्रियंका गांधी हर दिन सभी चिन्हित विधानसभा सीटों की जानकारी लेगी और वहां भेजे गए प्रभारी नेता को अपना मार्गदर्शन भी देगी।





### गोपाराम मेघवाल को दी गई जिम्मेदारी

बताया गया है कि अभियान के तहत प्रियंका गांधी के 'प्रोजेक्ट टॉप 5' में मध्य प्रदेश की दिमनी विधानसभा सीट को चुना गया है। इस सीट से विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर विधायक हैं। प्रियंका गांधी ने इस सीट की जिम्मेदारी राजस्थान की सिवाना विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक गोपाराम मेघवाल को दी है। ये बूथ रक्षक 25 सितंबर तक गोपाराम मेघवाल को अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे।

### हर मतदान केंद्र पर बनेंगे बूथ रक्षक

इन विधानसभा सीटों पर 10-10 बूथों के क्लस्टर बनाए जाएंगे। हर कलस्टर पर एक बूथ रक्षक की तैनाती की जाएगी। जो मतदाता सूची में खामिया, गड़बड़ी समेत हार के कारणों का पता लगाएंगे। बताया गया है कि इस अभियान को लेकर प्रियंका गांधी ने एक टीम बनाई है, जिसके द्वारा टीम बूथ रक्षक को प्रशिक्षण दिया जाएगा। ये बूथ रक्षक अपने कलस्टर की बूथ समितियों के सदस्यों को गाइड करेंगे। जो सुनिश्चित करेंगे कि मतदान केंद्रों पर कितने मतदाताओं के नाम गलत जुड़े हुए हैं। कहीं कोई गड़बड़ी तो नहीं है।

## प्रोफेसरों की भर्ती में हो रहे विलंब पर आज प्रदर्शन

**भोपाल।** मप्र लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) द्वारा आयोजित सहायक प्राध्यापक परीक्षा 2022 में चयनित अभ्यर्थियों से संबंधित कई समस्या सामने आ रही हैं। जिन विषयों के अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन पूर्ण हो चुका है। उनमें से कुछ ही विषयों के अभ्यर्थियों को नियुक्ति दी गई है। जबकि अन्य को अभी तक नियुक्ति आदेश नहीं प्राप्त हुए हैं। कई विषयों का भौतिक सत्यापन कार्य अब तक लंबित है। इससे अभ्यर्थी गहन असमंजस और चिंता की स्थिति में बना हुआ है। इस संबंध में सरकार का ध्यान आकर्षित कराने और शीघ्र समाधान की मांग को लेकर मंगलवार को सुबह दस बजे चयनित अभ्यर्थी नीलम पार्क में एकत्रित होकर सीएम डॉ. यादव उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार को वल्लभ भवन में ज्ञापन सौंपेंगे।



चेन्नई में तिरुपति कोडाई उत्सव के दौरान भक्तगण तिरुमाला तिरुपति मंदिर में बड़ी छतरियां ले जाते हुए। इन छतरियों को तिरुमाला तिरुपति मंदिर तक ले जाएंगे, जहां इनका उपयोग धार्मिक मूर्तियों को छाया देने के लिए किया जाएगा।

# पूर्वोत्तर दूर नहीं, न सड़क मार्ग से और न ही दिल से, दिल्ली को आपके द्वार लाए : मोदी

## प्रधानमंत्री ने 5100 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं का किया अनावरण

**ईटानगर, जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस विकास का कामों को हाथ तक नहीं लगाती, यह उनकी पुरानी आदत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की इस आदत से पूर्वोत्तर को बहुत नकुसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि हमने यहां के 8 राज्यों को अष्टलक्ष्मी माना है। ईटानगर के इंदिरा गांधी पार्क में 5,100 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का अनावरण करने के बाद एक रैली को संबोधित किया। उन्होंने जीएसटी सुधारों की सराहना की और कहा कि नवरात्रि के पहले दिन से कम दरें लागू होने से लोगों को इस त्योहारी सीजन में दोहरी सौगात मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह जानते थे कि पूर्वोत्तर का विकास दिल्ली से नहीं किया जा सकता इसलिए उन्होंने मंत्रियों और अधिकारियों को इस क्षेत्र में अधिक बार भेजा और वह स्वयं यहां 70 से अधिक बार आए।

### आगे बढ़ रहा अरुणाचल : मोदी



पीएम ने कहा कि जिन परियोजनाओं का उन्होंने अनावरण किया, वे डबल इंजन सरकार के दोहरे लाभ का उदाहरण हैं। उन्होंने कहा, अरुणाचल आगे बढ़ रहा है। आज घोषित नई बिजली परियोजनाएं राज्य को एक प्रमुख बिजली उत्पादक राज्य बनाएंगी, हजारों रोजगार पैदा करेंगी और सस्ती बिजली उपलब्ध कराएंगी। चाहे शिक्षा में सुगमता हो, व्यापार में सुगमता हो, यात्रा में सुगमता हो या इलाज में सुगमता हो, हमारी डबल इंजन सरकार हर नागरिक के जीवन को आसान बनाने के लिए काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने शि योमी जिले में यारजेप नदी पर दो प्रमुख जलविद्युत परियोजनाओं और तवांग में एक कन्वेंशन सेंटर की आधारशिला रखी। कुल 186 मेगावाट क्षमता वाली तातो-1 परियोजना का विकास अरुणाचल प्रदेश सरकार और नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (नीपको) की ओर से संयुक्त रूप से 1,750 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा।

### नॉर्थईस्ट से पल्ला झाड़ लेती थी कांग्रेस

पीएम ने कहा, कांग्रेस की पुरानी आदत है कि विकास का जो भी काम मुश्किल होता है, उस काम को वह कभी हाथ ही नहीं लगाती। इस आदत से पूर्वोत्तर को बहुत नुकसान हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस की पूर्व सरकारें जो सीमा से सटे गांव थे, उन्हें 'लास्ट विलेज' कहकर पल्ला झाड़ लेती थीं। सीमावर्ती क्षेत्रों से लोगों का पलायन होता गया।

### सीमावर्ती गांवों की उपेक्षा हुई

पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की सभी सरकारों ने सीमावर्ती गांवों की उपेक्षा की, जिसके कारण इन क्षेत्रों से लोगों का पलायन हुआ। उन्होंने कहा कि 'वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम' के जरिए अरुणाचल के 450 से ज्यादा सीमावर्ती गांवों में अब सड़कें, बिजली, इंटरनेट और पर्यटन सुविधाए उपलब्ध हैं और ये गांव पर्यटन के नए केंद्र बन रहे हैं। प्रधानमंत्री ने यह भी घोषणा की कि उड़ान योजना के तहत राज्य के दूरदराज के इलाकों में हेलीपोर्ट विकसित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नवरात्र के पहले दिन जीएसटी सुधारों की शुरुआत के साथ, इस त्योहारी सीज़न में लोगों को दोहरी सौगात मिलेगी। आज देश भर में अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार लागू हो गए हैं और जीएसटी बचत उत्सव शुरू हो गया है।

### पूर्वोत्तर के लिए दिल्ली दूर नहीं

उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर अब दिल्ली सरकार के लिए दूर नहीं है और पिछले दशक में केंद्रीय मंत्रियों ने इस क्षेत्र का 800 से अधिक बार दौरा किया है और अक्सर दूरदराज के इलाकों में रातें भी बिताई हैं। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री के तौर पर मैं 70 से अधिक बार पूर्वोत्तर आ चुका हूं। पिछले सप्ताह ही मैं मिजोरम, मणिपुर और असम गया था। पूर्वोत्तर अब दूर नहीं है, न सड़क मार्ग से और न ही दिल से। दिल्ली अब आपसे दूर नहीं है। हम दिल्ली को आपके दरवाजे तक ले आए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश का पहला सूर्योदय देखने वाले इस राज्य को अब दशकों की उपेक्षा के बाद विकास की पहली किरण भी मिल रही है। पीएम मोदी ने कहा, अरुणाचल की यह भूमि उगते सूर्य की धरती के साथ देशभक्ति के उफान की भी धरती है। जैसे तिरंगे का पहला रंग केसरिया है, वैसे ही अरुणाचल का पहला रंग भी केसरिया है। हर व्यक्ति शौर्य और शांति का प्रतीक है।

### नामुमकिन को मुमकिन बनाते हैं मोदी : उपराष्ट्रपति

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नामुमकिन को भी मुमकिन कर दिखाते हैं। इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी के विदेशी नेताओं के साथ गर्मजोशी भरे संबंधों पर भी रोशनी डाली। उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग समेत वैश्विक नेताओं का विशेष उल्लेख किया। प्रधानमंत्री के भाषणों पर आधारित दो पुस्तकों के विमोचन समारोह को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि अमेरिका द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाने के बावजूद ट्रंप ने हमेशा मोदी को अपना करीबी मित्र बताया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति के मतभेदों के बीच भी चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के प्रधानमंत्री मोदी से मजबूत रिश्ते हैं।

# पाक एयरफोर्स ने अपने लोगों पर बरसाए बम

## महिलाओं-बच्चों समेत 30 की मौत

**इस्लामाबाद, जेएनएन।** पाकिस्तानी वायुसेना ने रविवार रात 2 बजे अपने ही देशवासियों पर चीन के जे-17 विमानों से 8 लेजर-गाइडेड बम गिराए। पाकिस्तानी वायुसेना ने यह हमला खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के तिराह घाटी के एक गांव पर किया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस हवाई हमले में करीब 30 लोग मारे गए, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं।

इस हमले से जुड़े कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं, लेकिन उनकी पुष्टि नहीं हो पाई है। सेना का कहना है कि इन हमलों का टारगेट तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) का बम बनाने वाला ठिकाना था। लोकल पुलिस ने मीडिया को बताया कि टीटीपी के दो कमांडर, अमान गुल और मसूद खान बम बनाकर मस्जिदों में छिपा रहे थे। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दावा किया गया है कि पाकिस्तानी एयरफोर्स के हमले में करीब 30 लोगों की मौत हुई है। हालांकि इन वीडियोज की पुष्टि नहीं हुई है। इलाके के लोगों का कहना है कि सरकार और सेना पुख्ता जानकारी के बिना हमले कर रही है, जिससे आम लोग मर रहे हैं। पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग ने इस घटना की तुरंत और निष्पक्ष जांच की मांग की है। आयोग ने बयान में कहा- सरकार का काम है कि वह हर नागरिक के जान की रक्षा करे, लेकिन वह ऐसा करने में बार-बार नाकाम रही है।



## संक्षिप्त समाचार

### बेहतर होता पीएम हमारे राज्य के दर्जे की बात करते : फारुख



**श्रीनगर, जेएनएन।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर के राज्य के दर्जे की बहाली का मुद्दा फिर उठाया है। उन्होंने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने राष्ट्र के नाम संबोधन में इस बारे में बात करनी चाहिए थी। पीएम मोदी ने रविवार शाम को अपने संबोधन में लोगों को जीएसटी सुधारों के लाभों के बारे में बताया था। नई जीएसटी दरें सोमवार से लागू हो गईं। अब्दुल्ला ने कहा, आप जीएसटी की बात कर रहे हैं। बेहतर होता अगर आप अपने भाषण में हमारे राज्य के दर्जे की बात करते। फारूक अब्दुल्ला से पूछा गया कि एनसी को सुप्रीम कोर्ट से कैसे फैसले की उम्मीद है, जहां इस मामले पर याचिका अक्टूबर के दूसरे सप्ताह में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। इस पर अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू-कश्मीर का हर नागरिक उम्मीद कर रहा है कि राज्य का दर्जा बहाल होगा।

### फिर होगा सिंगर जुबिन गर्ग का पोस्टमॉर्टम : बिस्वा



**गुवाहाटी, जेएनएन।** सिंगर जुबिन गर्ग का दूसरी बार पोस्टमार्टम किया जाएगा। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सोमवार को ऐलान किया है। इससे पहले उन्होंने मंगलवार शाम को गर्ग के अंतिम संस्कार की बात कही थी। सिंगापुर में शुक्रवार को समुद्र में बिना लाइफ जैकेट के तैरने के दौरान सिंगर की डूबने से मौत हो गई थी। खबर है कि सिंगापुर सरकार की तरफ से जारी रिपोर्ट में उनकी मौत की वजह डूबना बताई गई थी। असम के मुख्यमंत्री ने कहा, एक वर्ग के लोगों की मांग के बाद, जुबिन गर्ग के शव का दूसरा पोस्टमार्टम मंगलवार को गुवाहाटी के अस्पताल में किया जाएगा।

# घर में ही घिरे ट्रंप, विदेश नीति पर एक्सपर्ट्स ने उठाए सवाल

**वाशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिकी विदेश विभाग (स्टेट डिपार्टमेंट) के अधिकारियों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका दावा है कि उनका प्रशासन न केवल अमेरिकी कूटनीति को कमजोर कर रहा है, बल्कि सुधारों के नाम पर इसे पूरी तरह नष्ट करने पर तुला हुआ है। रिपोर्ट्स के अनुसार, 60 से अधिक राजदूत पद अभी भी खाली हैं, जिससे कूटनीतिक प्रयास बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कूटनीतिज्ञों को निर्देश दिया जा रहा है कि वे ट्रंप की पक्षपाती नीतियों के विरुद्ध कोई मत न दें, यही कारण है कि अमेरिकी विदेश नीति में पारदर्शिता का स्तर लगातार गिर रहा है।

**वाशिंगटन की वैश्विक प्रतिष्ठा पर बट्टा:** ट्रंप प्रशासन ने दक्षता बढ़ाने के बहाने स्टेट डिपार्टमेंट में व्यापक कटौती की है, लेकिन आलोचकों का मानना है कि इससे वाशिंगटन की अंतरराष्ट्रीय साख धूमिल हो रही है। विभाग के कर्मचारी चिंतित हैं कि ये नीतियां अमेरिकी हितों को गंभीर क्षति पहुंचा रही हैं। पूर्व अधिकारियों ने इसे अमेरिकी कूटनीति का अंत तक करार दिया है। ट्रंप प्रशासन से अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। वास्तव में ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के आठ महीने पूरे हो चुके हैं। सत्ता ग्रहण करने से पूर्व उन्होंने अमेरिकियों से भारी-भरकम वादे किए थे, जिनमें कूटनीति में सुधार भी शामिल था। लेकिन पोलिटिको की रिपोर्ट के मुताबिक, सूत्रों का कहना है कि वे उलटे इसे ध्वस्त कर रहे हैं, इतनी बुरी तरह कि अमेरिका का वैश्विक प्रभाव ही कम हो रहा है।




### आधे से ज्यादा अमेरिकी राजदूत पद खाली

पोलिटिको ने विदेश विभाग के दर्जन भर अधिकारियों, पूर्व राजनयिकों और अन्य अमेरिकी अधिकारियों से बात की। नाम न बताने की शर्त पर उन्होंने खुलासा किया कि ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के आठ महीने बीत चुके हैं, फिर भी आधे से ज्यादा अमेरिकी राजदूत पद खाली हैं। विभाग के अधिकांश शीर्ष पदों पर अस्थायी अधिकारियों को रखा गया है, जो अक्सर कम अनुभवी और अन्य पृष्ठभूमि के हैं। अमेरिकी राजनयिकों को लगभग हाशिए पर धकेल दिया है, क्योंकि वे प्रशासन के उन आदेशों को लागू करने में असमर्थ हैं जो उन्हें भ्रामक लगते हैं।

### राजनयिकों में असहायता की भावना

कई राजनयिकों ने माना कि वे न केवल असहाय महसूस कर रहे हैं, परिस्थितियों के आगे हार मान चुके हैं। ट्रंप द्वारा नियुक्त राजनीतिक अधिकारी उनकी सलाह न लें, तो कोई समस्या नहीं। लेकिन योजना लागू करने का आदेश वे देंगे, उसके कानूनी और तार्किक परिणामों से तो उन्हें निपटना पड़ेगा। अधिकारियों और राजनयिकों के अनुसार, ट्रंप प्रशासन विदेश सेवा को अंतरराष्ट्रीय संबंधों में एक मामूली, दुर्बल शक्ति में बदल रहा है।

# जयशंकर-पीयूष गोयल अमेरिका में, मार्को रुबियो समेत कई नेताओं से की मुलाकात



**न्यूयार्क, जेएनएन।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को न्यूयॉर्क में अपने अमेरिकी समकक्ष मार्को रुबियो के साथ महत्वपूर्ण वार्ता की। 80वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के सत्र के दौरान आयोजित इस बैठक में दोनों नेताओं ने उत्साहपूर्वक एक-दूसरे का अभिवादन किया और हाथ मिलाया। यह मुलाकात अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत की रूसी तेल खरीद के प्रतिक्रिया में भारतीय उत्पादों पर शुल्क बढ़ाने से उत्पन्न व्यापारिक विवाद के बाद उनकी पहली आमने-सामने की बातचीत थी। हाल के दिनों में दोनों देशों के संबंधों में कुछ उतार-चढ़ाव देखने को मिले थे।

**आधिकारिक घोषणा का इंतजार:** इस लंबे इंतजार वाली बैठक के आधिकारिक विवरण अभी जारी नहीं किए गए हैं, लेकिन व्यापारिक दृष्टिकोण से इसे अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार, चर्चा में अमेरिका द्वारा रूस से तेल आयात के चलते लगाए गए 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क (जिससे कुल शुल्क 50 प्रतिशत तक पहुंच गया) और एच-1बी वीजा जैसे संवेदनशील विषयों पर गहन विचार-विमर्श हुआ।

**अमेरिका में भारतीय प्रतिनिधिमंडल:** इसके अलावा, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल भी वॉशिंगटन डीसी में अपने अमेरिकी समकक्षों के साथ बातचीत करेंगे, जिससे व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिशों को तेज़ किया जा सके। पीयूष गोयल न्यूयॉर्क में यूएसटीआर जेमिसन ग्रीर से मुलाकात करेंगे।

# कार्की ने मंत्रिमंडल में 5 मंत्री किए शामिल



**काठमांडु, जेएनएन।** नेपाल की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने रविवार को अंतरिम सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार करते हुए पांच नए मंत्रियों को शामिल किया, जिससे कैबिनेट की संख्या नौ हो गई। कार्की की सिफारिश पर राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने अनिल कुमार सिन्हा, महावीर पुन, संगीता कौशल मिश्रा, जगदीश खरेल और मदन परियार को नए मंत्रियों के रूप में नियुक्त किया। राष्ट्रपति कार्यालय के सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार, सिन्हा को उद्योग और वाणिज्य मंत्रालय, पुन को शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, मिश्रा को स्वास्थ्य एवं जनसंख्या, खरेल को सूचना एवं संचार तथा परियार को कृषि मंत्रालय सौंपा जाएगा।

# डिजिटल अरेस्ट कर रिटायर्ड बैंकर से ठगे 23 करोड़



**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली में भारत का सबसे बड़ा डिजिटल अरेस्टिंग का मामला सामने आया है, जिसने पुलिस और जांच एजेंसियों को भी हैरत में डाल दिया है। इस वारदात का शिकार रिटायर बैंकर नरेश मल्होत्रा बन हैं, जो साउथ दिल्ली के गुलमोहर पार्क में रहते हैं। उन्हें एक दो दिन या हफ्ते भर नहीं, बल्कि पूरे महीनेभर से ज्यादा वक्त तक डिजिटल अरेस्ट करके रखा और उनकी जिंदगीभर की कमाई के 23 करोड़ रुपये ठग लिए गए। बुजुर्ग नरेश मल्होत्रा कोठी में अकेले रहते हैं। उनकी बेटियों की शादी हो गई है। दो बेटे अलग रहते हैं। 4 पोते भी हैं। पत्नी की मौत हो चुकी है। शातिर साइबर अपराधियों ने 1 अगस्त से 16 सितंबर तक पूर्व बैंकर मल्होत्रा को डिजिटल अरेस्ट रखा? मल्होत्रा ने बताया कि उनकी एक सर्जरी हुई थी और उसके बाद 4 जुलाई को अस्पताल से डिस्चार्ज हो गए थे। आराम कर रहे थे। 1 अगस्त की शाम 4 बजे खुद को एयरटेल हेडक्वाटर से बताने वाली महिला का कॉल आया। बोली आपका लैंडलाइन नंबर कोंप्रोमाइज हो गया है, उससे मुंबई में एक-एक नंबर खुल गया है और बाइक्ला में आपके आधार से बैंक एकाउंट खोले गए हैं और उसी से पुलवामा केस में 1300 करोड़ की टेरर फंडिंग हुई है। एनआईए एक्ट के आधार पर आपको अरेस्ट किया जाएगा। शाम को प्रोपर्टी को सीज कर लिया जाएगा। अब आपको मुंबई पुलिस हेडक्वाटर से कनेक्ट कर रहे हैं।

# फिलीपींस में भ्रष्टाचार के खिलाफ 50 हजार लोग जुटे, तोड़फोड़ की






**मनीला, जेएनएन।** फिलीपींस में रविवार को लोगों ने भ्रष्टाचार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़प हुई। प्रदर्शन के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़प हुई। लोगों मे पुलिस पर पत्थर, बोतलें और फायर बम फेंके। रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस ने अब तक 200 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस हिंसा में करीब 70 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। कुछ प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर नारे लिखे, खंभे गिराए, शीशे तोड़े और एक होटल में तोड़फोड़ की। पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए आंसू गैस का छोड़े। प्रदर्शनकारियों ने सांसदों और अधिकारियों पर बाढ़ राहत से जुड़े प्रोजेक्ट्स में घूसखोरी करने का आरोप लगाया है। सरकार का अनुमान है कि पिछले दो सालों में भ्रष्टाचार से देश को लगभग 83 हजार करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। जबकि, ग्रीनपीस नामक एनजीओ ने दावा किया है कि ये नुकसान 1.3 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा है।

### बोले-हमारे पैसे लौटाओ दोषियों को जेल भेजो

यह घोटाला जुलाई में सामने आया था। जब मॉनसून और तूफानों ने कई शहरों को नुकसान पहुंचाया, जिससे 1 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए थे। फिलीपींस में हर साल एवरेज 20 तूफान आते हैं। जो इसे प्राकृतिक आपदाओं के लिए सबसे संवेदनशील देशों में से एक बनाता है। मनीला के एक पार्क में सुबह के प्रदर्शन में शामिल हुए 58 साल के मैनुअल डेला सेर्ना ने गुस्से में कहा, ये लोग जनता का पैसा लूट रहे हैं और अधिकारी प्राइवेट जेट में उड़ते हैं और आलीशान बंगलों में रहते हैं। प्रदर्शनकारी लूटे गए पैसे की वापसी और दोषियों को जेल भेजने की मांग कर रहे हैं।

# डीयू चुनाव की ईवीएम सुरक्षित रखें : हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ के छात्रों द्वारा प्रेसिडेंट पद के लिए मतदान प्रक्रिया को रद्द करने की मांग वाली याचिका पर दिल्ली विश्वविद्यालय को नोटिस जारी किया है। न्यायालय ने दिल्ली विवि के चुनाव आयुक्त को चुनाव में इस्तेमाल की इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन को सुरक्षित रखने का निर्देश दिया है। यह याचिका डूसू प्रेसिडेंट पद के लिए हुई वोटिंग प्रक्रिया को रद्द करने की मांग को लेकर दाखिल की गई है। उच्च न्यायालय ने यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि मतदान और मतगणना के लिए उपयोग की जाने वाली ईवीएम, सभी कागजी कार्रवाई और दस्तावेज़ ताले में सुरक्षित स्थान पर हों। ईवीएम में छेड़छाड़ के आधार पर प्रेसिडेंट पद के लिए मतदान प्रक्रिया को रद्द करने और रद्द करने के निर्देश देने की मांग करते हुए एक रिट याचिका दायर की गई है।

# बीजेपी नेता और बेटे पर दर्ज एफआईआर निरस्त

## मजिस्ट्रेट के आदेश को बताया एकतरफा

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** बीजपी नेता घनश्याम सिंह राजपूत और उनके बेटे विशाल की अपील मंजूर करते हुए भोपाल जिला अदालत के सेशन कोर्ट ने न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत के आदेश को निरस्त कर दिया है। न्यायिक मजिस्ट्रेट ने सौरभ शरण द्वारा दायर परिवाद पर घनश्याम सिंह और विशाल पर कोलार थाने में बीएनएस की धारा 318(3), 336(3), 338, 340(2) एवं 61(2) बीएनएस के तहत एफआईआर दर्ज कराई थी। घनश्याम और विशाल का कोलार क्षेत्र में 18 हजार वर्ग फीट कृषि भूमि का विवाद सौरभ शरण से चल रहा था। आरोप है कि सौरभ शरण ने घनश्याम सिंह राजपूत की जमीन पर कब्जा कर तहसीलदार से अपने पक्ष में आदेश भी करा लिया था। इसकी जानकारी घनश्याम को मिली तो उन्होंने एसडीएम कार्यालय में अपील की थी। एसडीएम कोर्ट ने कहा कि दोनों पक्षों को सुनकर आदेश किया जाए। इस प्रकरण की सुनवाई चल ही रही थि कि सौरभ शरण और सहयोगी अजय त्रिपाठी ने प्राइवेट परिवाद दायर कर आरोप लगाया कि घनश्याम सिंह राजपूत ने भाजपा के लेटर हेड का दुरुपयोग किया है। इसी आधार पर न्यायिक मजिस्ट्रेट ने 8 सितंबर को घनश्याम सिंह व उनके पुत्र विशाल सिंह का पक्ष जाने उनके खिलाफ कोलार थाना को आपराधिक प्रकरण दर्ज करने के आदेश दिए थे। कोलार पुलिस ने भी कोर्ट के आदेश पर एफआईआर दर्ज कर ली थी।

### पटवारी और सहयोगी रिश्वत लेते गिरफ्तार

**भोपाल।** लोकायुक्त की इंदौर यूनिट ने नेपानगर तहसील के ग्राम डाबलीखुर्द में पटवारी और उसके सहयोगी को 3000 की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। आवेदक औंकार राठौर ने पुश्तैनी भूमि की ऋण पुस्तिका में नाम दर्ज कराने तहसील कार्यालय नेपानगर में आवेदन दिया था। पटवारी प्रियंका ठाकुर और उसके सहयोगी नंदू कोली ने 4000 की रिश्वत मांगी थी। दोनों ने आवेदक से पहले ही 1000 रुपए वसूल लिए थे। सोमवार को लोकायुक्त की टीम ने पटवारी प्रियंका ठाकुर के कहने पर नंदू कोली को 3000 की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

## अवसर — अमेरिका के एच-1बी वीजा में फीस वृद्धि के बीच चीन लाया के-वीजा

# टैलेंटेड युवाओं के लिए चीन ने खोली सरहद

### चीन में बिना नौकरी ऑफर के भी कर सकेंगे वीजा के लिए आवेदन

**बीजिंग, जेएनएन।** अमेरिका ने प्रोफेशनल्स के लिए एच-1बी वीजा की फीस करीब 6 लाख से बढ़ाकर 88 लाख कर दी है। इस बीच चीन ने नया 'के-वीजा' शुरू करने का ऐलान किया है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक के-वीजा साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, मैथ (स्टीम) से जुड़े युवाओं और स्किल्ड प्रोफेशनल्स के लिए है। यह 1 अक्टूबर, 2025 से जारी होगा। इन सब्जेक्ट्स में रिसर्च कर रहे कैंडिडेट भी के-वीजा के लिए आवेदन कर सकेंगे। खास बात यह है कि चीनी कंपनी से नौकरी का ऑफर न होने पर भी इस वीजा के लिए आवेदन कर सकेंगे। अमेरिका ने 21 सितंबर से एच-1बी वीजा फीस बढ़ा दी है। इससे प्रोफेशनल्स को अमेरिका जाने में मुश्किलें होंगी। ऐसे में चीन के के-वीजा को एच-1बी का विकल्प माना जा रहा है।



### चीनी कंपनी में नौकरी के बिना भी आवेदन कर पाएंगे

जेड-वीजा में किसी चीनी कंपनी की नौकरी मिलनी जरूरी है और वीजा सिर्फ उसी कंपनी के लिए वैध होता है। नौकरी बदलने पर नया वीजा लेना पड़ता है। के-वीजा के साथ ऐसा कोई नियम नहीं होगा। शिक्षा और अनुभव के आधार पर सीधे आवेदन किया जा सकता है। के-वीजा फीस के बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। वहीं, जेड वीजा की फीस हर देश के नागरिकों के लिए अलग-अलग होती है।

### भारतीय नागरिकों के लिए 2.9 हजार रुपए फीस

भारतीय नागरिकों के लिए यह 2.9 हजार रुपए, अमेरिकी नागरिकों के लिए 2.3 हजार रुपए, कनाडाई नागरिकों के लिए 8.5 हजार रुपए और ऑस्ट्रेलियाई नागरिकों के लिए 5.5 हजार है। इसके अलावा वीजा आवेदन प्रक्रिया में सर्विस चार्ज भी जोड़ा जाता है, जिसकी कीमत भारतीयों के लिए 2 से 3 हजार के बीच होती है।

### विदेशी टैलेंट के लिए 2 प्रोग्राम लॉन्च किए

रिपोर्ट्स के मुताबिक चीन 2035 तक दुनिया की तकनीकी ताकत बनना चाहता है। इसके लिए उसे विदेशी विशेषज्ञों और कुशल लोगों की जरूरत है। इस मकसद को पूरा करने के लिए चीन ने दो प्रोग्राम लॉन्च किए हैं। टैलेंटेड यंग साइंटिस्ट प्रोग्राम-यह एशिया और अफ्रीका के 45 साल तक के शोधकर्ताओं को चीन में काम करने और रिसर्च करने के लिए है। आउटस्टैंडिंग यंग साइंटिस्ट फंड प्रोजेक्ट यह 40 साल तक के टॉप क्लास वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को चीन आने और वहां काम करने के लिए है। चीन के मुख्य विश्वविद्यालय और शोध संस्थान बेहतरीन स्टूडेंट्स और रिसर्चर्स को लाने के लिए उन्हें अच्छी सैलरी और बोनस भी दे रहे हैं।

### ब्रिटेन में भी वीजा फीस खत्म करने की तैयारी

इस बीच ब्रिटेन भी हाई स्किल्ड लोगों के लिए वीजा फीस खत्म करने पर विचार कर रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक जिन लोगों ने दुनिया के टॉप 5 यूनिवर्सिटी में पढ़ाई की है या फिर कोई बड़ा इंटरनेशनल अवार्ड जीता है, उनकी पूरी वीजा फीस माफ हो जाएगी। फिलहाल, ब्रिटेन के ग्लोबल टैलेंट वीजा की आवेदन फीस 766 पाउंड (करीब 90 हजार) है। 26 नवंबर के बजट से पहले इसे खत्म करने का ऐलान हो सकता है।

# काल्कि-2 से बाहर होने के बाद दीपिका को मिली हॉलीवुड फिल्म?

**मुंबई, जेएनएन।** बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण इन दिनों लगातार खबरों में बनी हुई हैं। कुछ समय पहले यह रिपोर्ट सामने आई थी कि उन्हें संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'स्पिरिट' से बाहर कर दिया गया है। दीपिका की बढ़ी हुई डिमांड और काम को लेकर रखी गई शर्तों की वजह से मेकर्स ने यह कदम उठाया। इसके बाद हाल में नाग अश्विन की काल्कि 2898एडी2 से भी उनका नाम हटा दिया गया। लगातार दो बड़े प्रोजेक्ट्स हाथ से निकलने के बाद दीपिका पादुकोण के हाथ हॉलीवुड प्रोजेक्ट लगने की खबर है। दरअसल, हॉलीवुड एक्टर विन डीज़ल ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया था। इस पोस्ट में उन्होंने कई प्रोजेक्ट्स का जिक्र किया। इसके बाद से ही खबरें हैं कि एक्सएक्सएक्स फ्रेंचाइजी की अगली फिल्म का हिस्सा एक बार फिर दीपिका पादुकोण बन सकती हैं। 2017 में दीपिका ने हॉलीवुड डेब्यू इसी फ्रेंचाइजी की फिल्म एक्सएक्सएक्स -रिटर्न ऑफ जेंडर केज से किया था। इस फिल्म में उनकी और विन डीजल की ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री को ऑडियंस ने काफी पसंद किया था।



## संक्षिप्त खबरें

### मॉनीटरिंग समिति की बैठक 24 को

**रीवा।** अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत गठित जिला स्तरीय सतर्कता और मॉनीटरिंग समिति की बैठक 24 अक्टूबर को आयोजित की जा रही है। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर प्रतिभा पाल करेंगी। बैठक कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में सुबह 11 बजे से आरंभ होगी। जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग कमलेश्वर सिंह ने समिति के सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

### उद्यान विभाग में किराये के वाहन की जरूरत

**रीवा।** सहायक संचालक उद्यान कार्यालय में मासिक दर पर किराये के वाहन की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति 29 सितंबर को शाम 5 बजे तक कार्यालय में अपने दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी उद्यान कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

### स्वच्छोत्सव की गतिविधियाँ पोर्टल पर दर्ज कराएं: कमिश्नर

**रीवा।** संभाग के सभी जिलों में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा पखवाड़े के दौरान स्वच्छोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कमिश्नर बीएस जामोद ने इस संबंध में निर्देश देते हुए कहा है कि जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रत्येक ग्राम पंचायत में स्वच्छता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित कराएं। प्रत्येक कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों तथा आमजनता की भागीदारी सुनिश्चित करें। जिले के प्रमुख धार्मिक स्थलों, नदियों के प्रमुख घाट तथा अन्य महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों पर सार्वजनिक रूप से साफ-सफाई कराएं। इन कार्यक्रमों से जुड़े फोटोग्राफ्स तथा विवरण स्वच्छता सेवा डॉट जीओभी डॉट इन पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड कराएं।

### आदि कर्मयोगी अभियान का क्रियान्वयन कराएं: कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने एसडीएम तथा जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को आदि कर्मयोगी अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि अभियान से जुड़े अधिकारियों-कर्मचारियों को जिला और विकासखण्ड स्तर पर प्रशिक्षण दिया जा चुका है। ग्राम पंचायत स्तर पर नोडल अधिकारी तैनात करके आदि कर्मयोगी अभियान का प्रशिक्षण दें। प्रत्येक ग्राम पंचायत में नोडल अधिकारी आदि कर्मयोगी कार्यशाला का आयोजन करें। ग्राम पंचायतों में 2 अक्टूबर को आयोजित होने वाली विशेष ग्राम सभा में नोडल अधिकारी आदि कर्मयोगी अभियान में किए गए कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।

### दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान का प्रथम चरण 3 अक्टूबर से

**रीवा।** शासन के निर्देशों के अनुसार जिले भर में 2 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान चलाया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बताया कि अभियान के प्रथम चरण में 2 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक पशु चिकित्सा अधिकारी तथा गौ सेवकों द्वारा 10 अथवा 10 से अधिक दुधारू पशु रखने वाले पशुपालकों से व्यक्तिगत रूप से संपर्क किया जाएगा। इन पशुपालकों को उन 10 नस्ल के गाय-भैंस की जानकारी एवं शासन की पशुपालन को बढ़ावा देने वाली योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। अभियान से जुड़े अधिकारियों को राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी को पर्यवेक्षक बनाया गया है। अभियान की मॉनीटरिंग के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, एसडीएम तथा जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है।

### संभागीय टीएल बैठक आज

**रीवा।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद 23 सितम्बर को सुबह 11 बजे से कमिश्नर कार्यालय में टीएल पत्रों की समीक्षा करेंगे। बैठक में सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण, ई आफिस, संभागीय समीक्षा बैठक के निर्देशों में की गई कार्यवाही तथा कृषि आदान एवं धान उपार्जन की तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारियों से उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

### नि:शुल्क लिवर जांच शिविर कामता मेडिकल में आज

**रीवा।** नि:शुल्क फाइब्रोस्केन जांच (लिवर जांच) शिविर का आयोजन मंगलवार सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक न्यू बस स्टैंड स्थित ए ब्लॉक, समदड़िया कामता मेडिकल में किया जा रहा है। शिविर में महानगरों में लगभग 4000 से 5000 रुपए की होने वाली जांच पूर्णत: नि:शुल्क की जाएगी। फाइब्रोस्केन जांच बिना चीर फाड़ के लिवर की सर्वोत्तम जांच है, इस जांच से लिवर की कठोरता, फैटी लिवर और लिवर की संपूर्ण स्थिति का पता लगता है और समय रहते लिवर से संबंधित अनेक गंभीर बीमारियों व उन बीमारियों के दुष्परिणाम से बचा जा सकता है।

### सांसद खेल प्रतियोगिता के लिए पंजीयन 30 सितम्बर तक

**रीवा।** जिले में ग्राम पंचायत, विकासखण्ड और जिला स्तर पर सांसद खेल महोत्सव प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। फिट इंडिया कार्यक्रम के तहत आयोजित इस प्रतियोगिता में कबड्डी, फुटबॉल, वालीबॉल तथा क्रिकेट की प्रतियोगिताएं होंगी। इस संबंध में संभागीय खेल अधिकारी एमके धौलपुरी ने बताया कि प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए खिलाड़ियों का ऑनलाइन पंजीयन किया जा रहा है। पंजीयन की अंतिम तिथि 22 सितम्बर तय की गई थी। अब इस तिथि को 30 सितम्बर तक बढ़ा दिया गया है।

### वरिष्ठ संघ प्रचारक अजयपाल सिंह का निधन



**रीवा।** गढ़ निवासी संघ प्रचारक अजयपाल सिंह का निधन हो गया। राजेश ने बताया कि स्व. अजयपाल सिंह गढ़ के पूर्व सरपंच स्व. नरेन्द्र सिंह के चचेरे भाई थे। उनके निधन पर अर्जुन सिंह, अरविन्द सिंह, अनंगपाल सिंह, अभयराज सिंह, अरुण सिंह, अवधराज सिंह, अनिल सिंह, अभिषेक सिंह, सुनील सिंह, वीरेन्द्र सिंह, राजेश सिंह, प्रभाकर सिंह, योगेन्द्र सिंह, शत्रुघ्न सिंह, राजेन्द्र सिंह, दिलीप सिंह सहित शुभचिंतकों ने दुख व्यक्त कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### कार्यशाला का आयोजन 28 को

**रीवा।** किशोर न्याय अधिनियम 2015 एवं सायबर अपराध व सायबर सुरक्षा विषय पर के मोहन सभागार संचालक लोक अभियोजन के मुख्य आतिथ्य में एक दिवसीय संभागीय कार्यशाला कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में 28 सितंबर को सुबह 10.30 बजे से आयोजित की गई है। सहायक निदेशक जिला अभियोजन संचालनालय ने संबंधितों से कार्यशाला में उपस्थिति की अपेक्षा की है।

### 1268 किसानों को बांटी गयी 179.295 मीट्रिक टन यूरिया

**रीवा।** जिले के डबल लॉक केन्द्रों तथा सहकारी समितियों से किसानों को यूरिया खाद दी जा रही है। वितरण केन्द्रों में किसानों को ऋण पुस्तिका के आधार पर टोकन दिया जाता है। टोकन में दर्ज दिनांक को किसान निर्धारित मात्रा में खाद संबंधित केन्द्रों से प्राप्त कर रहे हैं। जिले में 22 सितम्बर को डबल लॉक केन्द्रों के माध्यम से 1268 किसानों को 179.295 मीट्रिक टन यूरिया खाद का वितरण किया गया।

---

**प्राध्यापकों के बाद अब अतिथि विद्वानों में भी अटैचमेंट का खेल**

# शासन का आदेश लेकर मॉडल साइंस कॉलेज पहुंची महिला अतिथि विद्वान, प्राचार्य ने विभाग को लिखा पत्र

### सीधी जिले के मड़वास कॉलेज से अग्रणी कॉलेज रीवा में दो माह के लिए अटैच किए जाने का संबंधित है आदेश

**जागरण,रीवा।** दूर-दराज जिलों में स्थानांतरित प्राध्यापक व सहायक प्राध्यापक सहित अन्य नियमित स्टाफ ही अभी तक अटैचमेंट का लाभ ले रहा था, अब यह सुविधा अतिथि विद्वानों को भी मिलने लगी है। यह सुविधा शासन स्तर से दी गई है की मामला कुछ और है, यह तो जांच में ही सामने आएगा लेकिन बीते शनिवार को यह मामला चर्चा का विषय बना रहा। दरअसल शनिवार को मॉडल साइंस कॉलेज रीवा में सीधी जिले के शासकीय कॉलेज मड़वास में सेवा दे रहीं रसायन शास्त्र विषय की महिला अतिथि विद्वान डॉ.पूजा गर्ग एक आदेश लेकर पहुंचीं, इस आदेश में उन्हें शासकीय कॉलेज मड़वास से मॉडल साइंस कॉलेज रीवा में दो माह सेवा के लिए अटैच किया गया है, पहली बार किसी अतिथि विद्वान के लिए जारी किया गया इस प्रकार का आदेश देख प्राचार्य हैरान हो गए। उन्होंने महिला अतिथि विद्वान से कहा भी कि इस प्रकार का कोई आदेश शासन स्तर से उन्हें नहीं मिला है। इतना ही नहीं, प्राचार्य ने महिला द्वारा दिए गए अटैचमेंट के आदेश को लेकर शासन को पत्र भी लिख दिया। विभागीय अधिकारी से उन्होंने इस संबंध में जानकारी मांगी है कि क्या इस प्रकार का आदेश उच्च शिक्षा विभाग से जारी किया गया है। जवाब की प्रत्याशा में प्राचार्य डॉ.रवीन्द्र नाथ तिवारी ने महिला अतिथि विद्वान को ज्वॉइन तो करा लिया है लेकिन उन्होंने कहा है कि विभागीय वैरीफिकेशन के बाद ही इससे जुड़ी आगे की कार्यवाही की जाएगी। वहीं इस प्रकार के आदेश को लेकर कहा जा रहा है कि अतिथि विद्वानों में इस प्रकार के अटैचमेंट का कोई नियम नहीं है। इतने लंबे समय के लिए उन्हें कार्य स्थल से कहीं नहीं भेजा जा सकता।



कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा म.प्र.
सतपुड़ा भवन, भोपाल
ई-मेल- hc.guestfaculty@mp.gov.in

पत्र क्रमांक 255/114/आउशि/अति.वि./2024 द्वारा डॉ. पूजा गर्ग, अति.वि (रसायन शास्त्र) को शासकीय महाविद्यालय मड़वास, जिला-सीधी म.प्र. से शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय, रीवा में आगामी 02 माह के लिये कार्य करने हेतु निर्देशित किया जाता है।

(आयुक्त, उच्च शिक्षा द्वारा अनुमोदित)

(डॉ.अनिल राजपूत)
विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल

पत्र क्रमांक 256/114/आउशि/अति.वि./2024 भोपाल, दिनांक 18/09/2025
प्रतिलिपि:-
1- अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा रीवा संभाग, रीवा म.प्र.।
2- प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय मड़वास, जिला-सीधी।
3- प्राचार्य शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय जिला-रीवा।

विशेषकर्तव्यस्थ अधिकारी
उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल

### इसलिए संदिग्ध है आदेश

महिला अतिथि विद्वान डॉ.पूजा गर्ग द्वारा मॉडल साइंस कॉलेज प्राचार्य को दिया गया आदेश इसलिए संदिग्ध माना जा रहा है क्योंकि जो आदेश उन्होंने दिया है, उस आदेश में प्रतिलिपि एडी रीवा, मॉडल साइंस कॉलेज प्राचार्य रीवा सहित प्राचार्य शासकीय कॉलेज मड़वास को दी गई है, लेकिन वह उनके पास अभी तक पहुंची नहीं है। प्राचार्य द्वारा लगातार मेल चेक कराया गया लेकिन न ही मेल में इस प्रकार का आदेश आया है और न ही उनके पास हार्ड कॉपी आई है। एडी कार्यालय में भी इस प्रकार का कोई आदेश नहीं पहुंचा है। वहीं महिला अतिथि विद्वान स्वयं शासन स्तर से ऐसा जारी आदेश लेकर पहुंची, इसे भी गलत माना जा रहा है। इसलिए यह आदेश पूरी तरह से संदिग्ध माना जा रहा है और इसकी जांच में प्राचार्य जुट गए हैं।

### आदेश में मानी जा रही कई त्रुटियां

चर्चा में आदेश में कई त्रुटियां बताई जा रही हैं। बताया गया कि महिला अतिथि विद्वान डॉ.पूजा गर्ग द्वारा जो प्रतिलिपि दी गयी है, उसमें कई त्रुटियां भी हैं, ऐसे आदेश शासन स्तर से जारी होते हैं। आदेश में किसी प्रकार का डिस्पैच नंबर नहीं है। इतना ही नहीं, आदेश में ऊपर पत्र क्रमांक 255/114/आउशि/अति.वि./2024 का हवाला दिया गया है, वहीं नीचे पत्र क्रमांक 256/114/आउशि/अति.वि./2024 लिखा हुआ है। जबकि वर्ष 2025 चल रहा है तो 2024 की जगह 2025 लिखा हुआ होना चाहिए। वहीं बताया जा रहा है कि आदेश में डाली गई तारीख व जारीकर्ता अधिकारी के हस्ताक्षर में तारीख में भी छेड़छाड़ प्रतीत हो रही है। जानकारों का कहना है कि आदेश में 255/114/आउशि/अति.वि./2024 का हवाला दिया गया है लेकिन यह पत्र क्रमांक का आदेश है कहां, यह सामने नहीं आया है।

रसायन शास्त्र विषय की महिला अतिथि विद्वान डॉ.पूजा गर्ग एक आदेश लेकर पहुंची थीं, उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग से जारी किया गया है और उन्हें दो माह के लिए शासकीय कॉलेज मड़वास से मॉडल साइंस कॉलेज रीवा में अटैच किया गया है। ऐसा कोई आदेश हमारे कॉलेज में शासन स्तर से नहीं आया है। इस संबंध में शासन को पत्र लिखा गया है और जानकारी मांगी गई है।

**डॉ.रवीन्द्रनाथ तिवारी, प्राचार्य**
**मॉडल साइंस कॉलेज रीवा**

****************

महिला अतिथि विद्वान द्वारा आदेश दिया गया था, इस आदेश में उनको शासकीय कॉलेज मड़वास से मॉडल साइंस कॉलेज रीवा में दो माह के लिए अटैच किया गया है। उन्हें रिलीव कर दिया गया है।

**डॉ.आईपी प्रजापति, प्राचार्य**
**शासकीय कालेज मड़वास सीधी**

---

# हिन्दी भाषणों की नहीं, आत्मा की भाषा है : कुलगुरु

### एपीएसयू के हिंदी विभाग में आयोजित की गई व्याख्यान माला




**जागरण,रीवा।** हिन्दी पखवाड़ा अन्तर्गत 'हिन्दी का विश्व और विश्व की हिन्दी' विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कुलगुरु अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि एवं मुख्यवक्ता प्रो. संतोष कुमार भदौरिया इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रयागराज रहे। विशिष्ट अतिथि प्रो. सुरेन्द्र सिंह परिहार कुलसचिव एपीएसयू रहे। स्वागत उद्बोधन प्रो. दिनेश कुशवाह द्वारा दिया गया। विशिष्ट अतिथि प्रो. सुरेन्द्र सिंह परिहार ने कहा कि विविधताओं के इस देश में व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम हिन्दी है। मुख्य अतिथि एवं मुख्यवक्ता प्रो. संतोष कुमार भदौरिया ने कहा कि हिन्दी हमारी ताकत है बहुलतावादी संस्कृति को धारण करने वाले इस देश की भाषा हिन्दी है और वह हिन्दी हमे बताती है कि हमारे अन्न हमारा मन होती है। कुलगुरु डॉ.राजेन्द्र कुड़रिया ने कहा कि हिन्दी भाषणों की भाषा नहीं है वह आत्मा की भाषा है, आत्मसम्मान की भाषा है। इसलिए हिन्दी हमारी संस्कृति है। उन्होंने हिन्दी भाषा के विस्तार को रेखांकित करते हुए पचेरी भाषा का भी उल्लेख किये एवं चिन्ता जाहिर की कि जब माँ नहीं रहेगी तो हम अपनी मातृ भाषा में किससे बात करेंगे। आयोजक प्रो.दिनेश कुशवाह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## सुकन्या, आधार एवं पीएलआई का लगाया गया कैम्प



**जागरण,रीवा।** रीवा संभाग में 11 स्कूलों में एक साथ कैम्प लगाया गया। भारतीय डाक विभाग के सहयोग से सुकन्या समृद्धि योजना एवं पीएलआई शिविर एवं आधार कॉर्ड मेला आयोजित किया गया। कैम्प में बड़ी संख्या में अभिभावकों ने भाग लिया। शिविर के दौरान लगभग 37 बच्चियों के सुकन्या समृद्धि योजना के खाते-खोले गए, वहीं 107 बच्चों के आधार कॉर्ड बनाएं गए। रीवा डाक संभाग के अधीक्षक आरके तिवारी ने बताया कि डाकघर में डाक परिमंडल भोपाल की ओर से सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में चल रहे सुकन्या रक्षा अभियान में पात्र सुकन्याओं की समृद्धि के लिए अधिकाधिक खाते खोलने जाने हैं। इस संबंध में आरके तिवारी अधीक्षक डाकघर रीवा संभाग ने कहा कि इस अनोखी योजना में खाता खुलवाना और इसके फायदे लेना बड़ा ही आसान है।

## परिवहन विभाग ने 21 वाहनों पर की चालानी कार्यवाही




**रीवा।** राज्य के परिवहन आयुक्त के विशेष निर्देशानुसार, सभी व्यावसायिक वाहनों में अनिवार्य रूप से लगाए जाने वाले अग्निशमन यंत्र (फायर एक्सटिंग्विशर) और फर्स्ट एड बॉक्स पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप की जांच कर चालानी कार्रवाई तत्काल प्रभाव से शुरू कर दी गई है। यह पहल वाहनों की दृश्यता बढ़ाने और दुर्घटना के समय आपातकालीन उपकरणों की आसानी से पहचान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है। परिवहन विभाग ने बताया कि केंद्र सरकार के मोटर वाहन नियम, के तहत रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप का उपयोग वाहनों की सुरक्षा के लिए अनिवार्य है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि पीयूसी (पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल) और व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस (वीएलटीडी) के साथ यह नई आवश्यकता पूरी की जानी चाहिए। सभी व्यावसायिक वाहन मालिकों को जल्द ही अपने वाहनों में यह अनुपालन सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया है। गैर-अनुपालन पर 500 से 1000 रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा। विभाग की टीमें अब सड़कों पर विशेष चेकिंग अभियान चला रही हैं, जिसमें 167 वाहनों का निरीक्षण किया जाकर 21 वाहनों पर चालानी कार्यवाही कर 23500 रुपये का शमन शुल्क अधिरोपित किया गया।

---

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश आज ऊंचाइयों के शिखर पर : डिप्टी सीएम

### अटल कुंज में प्रबुद्ध संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**रीवा।** अटल कुंज भाजपा कार्यालय में सेवा पखवाड़ा के तहत प्रबुद्ध संवाद कार्यक्रम राजेन्द्र शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में व सांसद जनार्दन मिश्रा, राजेश पाण्डेय, नरेन्द्र प्रजापति के विशिष्ट आतिथ्य एवं भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला ने कहा कि आज हमारा देश प्रधानमंत्री के नेतृत्व में ऊंचाइयों के शिखर तक पहुंच चुका है। हमारा भारत एक समृद्धशाली एवं विकसित देश में गिना जा रहा है। हमें प्रधानमंत्री की बातों का अनुसरण करते हुए निरंतर आगे कार्य करते रहना है। सांसद जनार्दन मिश्रा ने कहा कि आज हम आत्मनिर्भर हैं, मजबूत है इसके श्रेय प्रधानमंत्री को जाता है। इसके साथ ही भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित डाक्यूमेंट्री फिल्म भी दिखाई गई। आभार विवेक गौतम द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल, पूर्व जिलाध्यक्ष कमलेश्वर सिंह, विद्याप्रकाश श्रीवास्तव, डॉ. अजय सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेन्द्र पाण्डेय, पूर्व विधायक पंचूलाल प्रजापति, ममता गुप्ता, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अनिल पटेल, कार्यक्रम संयोजक विवेक गौतमसहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दन्त चिकित्सा का पीजी कोर्स शीघ्र शुरू होगा

**जागरण,रीवा।** श्यामशाह मेडिकल कॉलेज में छात्रों को एक नई सौगात मिलने जा रही है। यहां पीजी में दंत चिकित्सा पीजी कोर्स शुरु हो ने जा रहा है। इसको लेकर प्रस्ताव भी कॉलेज प्रबंधन ने शासन को भेज दिया है। इस संबंध में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा को चिकित्सा के क्षेत्र में एक और सौगात शीघ्र ही मिलेगी। मेडिकल कॉलेज में दन्त चिकित्सा का पोस्ट ग्रेजुएट पाठ्यक्रम शीघ्र ही शुरू होगा। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज में दन्त चिकित्सा के वरिष्ठ चिकित्सक हैं किंतु यहां पीजी का पाठ्यक्रम नहीं है। मेडिकल कॉलेज द्वारा तत्संबंध में प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया है। मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया से अनुमति दिलाकर शीघ्र ही पीजी पाठ्यक्रम शुरू किया जायेगा। विद्यार्थी पोस्ट ग्रेजुएट कर दांत के रोगियों को समुचित चिकित्सा सेवा दे सकेंगे साथ ही नगरीय व ग्रामीण स्वास्थ्य केन्द्रों में भी दन्त चिकित्सकों के पदों की पूर्ति भी सुनिश्चित हो सकेंगी।

## विवि कर्मचारी संघ चुनाव में प्रत्याशियों ने नामांकन भरा

**जागरण, रीवा।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के तृतीय एवं चतुर्थ कर्मचारी संघ के चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी की देखरेख में विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, संयुक्त सचिव, संगठन सचिव, प्रचार सचिव एवं कोषाध्यक्ष के लिए प्रत्याशियों द्वारा अपने नामांकन दाखिल किये गये। इसके बाद नामांकन पत्रों की जांच की गई और सभी प्रत्याशियों के नामांकन वैध पाये गये। विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पद के लिए डॉ. बुद्धसेन पटेल एवं सतेन्द्र सिंह ने नामांकन दाखिल किया है। उपाध्यक्ष पद के लिए सिर्फ राहुल पाण्डेय ने ही नामांकन भरा है जिससे वे निर्विरोध निर्वाचित किये जाएंगे। इसके अलावा महासचिव पद के लिए अरुण कुमार विश्वकर्मा, रमेश कुमार तिवारी, कैलाश त्रिपाठी, संयुक्त सचिव पद के लिए आनन्द बहादुर सिंह, रविशंकर शुक्ल, संगठन सचिव पद के लिए योगेश्वर प्रसाद वर्मा, अनिल कुमार शुक्ला, प्रचार सचिव पद के लिए रजनीश कुमार शुक्ला, डॉ. शर्मिला देवी कोल, कोषाध्यक्ष पद के लिए राकेश कुमार त्रिपाठी, अनुज कुमार पटेल तथा कार्यकारणी सदस्य के लिए कई लोगों ने नामांकन भरा है। 23 सितंबर को नामांकन पत्रों की वापसी का समय निर्धारित किया गया है। इसी दिन अपरान्ह 3.00 बजे के बाद उम्मीदवारों की अंतिम सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 24 सितंबर को 11.00 बजे से 2.00 तक मतदान किया जाएगा। इसके पश्चात मतगणना की जाकर परिणामों की घोषणा की जाएगी।

---

# अधिकारी तथ्यहीन जानकारी देंगे तो होगी कार्यवाही : सांसद

### पीएम सूर्यघर योजना से हर पंचायत में सोलर सिस्टम लगाएं



**रीवा।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में जिला समन्वय एवं विकास समिति दिशा की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि सभी अधिकारी बैठक में तथ्यपूर्ण जानकारी दें। गत बैठक की तुलना में शासन की योजनाओं में प्रगति का विवरण बैठक में प्रस्तुत करें। अधिकारी यदि भ्रामक और तथ्यहीन जानकारी देने की कोशिश करेंगे तो उनके विरुद्ध कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। गरीबों का उत्थान और जनकल्याण सरकार और प्रशासन की साझी जिम्मेदारी है। सभी अधिकारी इसका ठीक से निर्वहन करें। समूह नलजल योजनाओं की प्रगति बहुत धीमी है। जल जीवन मिशन तथा पीएचई विभाग के अधिकारी दिसम्बर माह तक पानी की टंकियों का निर्माण कराकर पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करें। एकल नलजल योजनाओं में भी पानी की आपूर्ति का सर्वे कराकर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। समूह नलजल योजनाओं से पुरानी नलजल योजना की टंकियों को भी पानी दिया जाएगा। इसके लिए समन्वित प्रयास करें। संचालित नलजल योजनाओं का सत्यापन कराकर संबंधित विधायकगणों तथा जनपद अध्यक्षों को सूची प्रस्तुत करें। सांसद ने कहा कि अक्षय ऊर्जा के लिए प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना अत्यंत लाभकारी है। इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करें तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत में इस योजना से सोलर सिस्टम स्थापित कराएं। शहरी क्षेत्र में एसडीएम हितग्राहियों के आवासीय पट्टे स्वीकृत करें जिससे उन्हें आवास योजना का लाभ मिल सके। कल्याणी बहनों को भी शासन के मापदण्डों के अनुसार आवास योजना का लाभ दें। बैठक में सांसद ने कहा कि बिजली विभाग की आरडीएसएस योजना से रीवा और मऊगंज जिले में 271 फीडरों में स्वीकृत फीडर सेपरेशन का कार्य केवल 103 फीडरों में पूरा हुआ है। शेष 157 फीडरों में दिसम्बर माह तक फीडर सेपरेशन का कार्य पूरा कराएं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में फेज 4 में नए गांवों और छूटे हुए मजरे टोलों के नाम सर्वे सूची में शामिल करें। इस संबंध में विधायकों द्वारा प्रस्तावित बसाहटों का सत्यापन कराकर डीपीआर मंट गांव के नाम शामिल करें। जिले में 50 हजार मुनगे के पौधे रोपे जाएंगे। पोषण वाटिका, पोषण वन, आंगनवाड़ी केन्द्र तथा शाला परिसरों में 29 और 30 सितम्बर को समारोहपूर्वक मुनगे के पौधे रोपित कराएं। बैठक में सांसद ने उच्च शिक्षा विभाग की रूसा योजना से शहर के तीन महाविद्यालयों में आवंटित राशि से किए गए कार्यों की समीक्षा की।

### विधायकों ने उठाए सवाल

बैठक में विधायक सिरमौर दिव्यराज सिंह ने पंचायतों को हस्तांतरित नलजल योजनाओं के सुचारु संचालन, समूह नलजल योजना से जुड़े निर्माण कार्यों तथा फीडर सेपरेशन के संबंध में सुझाव दिए। विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति तथा जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल ने प्रधानमंत्री आवास योजना, बिजली की आपूर्ति एवं पेयजल की आपूर्ति में कठिनाई से जुड़े मुद्दे उठाए। बैठक में राजेश पाण्डेय ने समूह नलजल योजना, फीडर सेपरेशन एवं पौधारोपण के संबंध में सुझाव दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना से अब तक एक लाख 42 हजार 256 परिवारों को पक्के आवास दिए जा चुके हैं। वर्तमान में 6572 आवास निर्माणाधीन हैं। बैठक में जिला खेल अधिकारी एमके धौलपुरी ने सांसद कप खेल प्रतियोगिता की जानकारी दी। परियोजना अधिकारी जिला पंचायत संजय सिंह ने बैठक में मुनगा पौधारोपण की कार्ययोजना की जानकारी दी। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे, विधायक प्रतिनिधिगण, जनपद अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# शहीद किसान साथी की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी : आराधना

### जेपी छिजवार में राघवेंद्र सिंह की मनाई गई पुण्यतिथि




**रीवा।** संयुक्त किसान मोर्चा एवं शहीद राघवेंद्र सिंह किसान संघर्ष समिति के तत्वाधान में जेपी गोलीकांड में शहीद किसान राघवेंद्र सिंह का शहादत दिवस जेपी छिजवार गांधी प्रतिमा के समक्ष किसान मजदूर संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लक्ष्मीकांत त्रिपाठी ने किया एवं बतौर मुख्य अतिथि किसान संघर्ष समिति की प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट आराधना भार्गव उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि आराधना भार्गव ने अपने उद्बोधन में कहा कि जेपी गोलीकांड में शहीद किसान साथी की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। शहीद राघवेंद्र सिंह किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह शंखू ने अगली रणनीति बताई। कार्यक्रम में मोर्चे के नेता भैयालाल त्रिपाठी किसान सुब्रतमणि गिरजेश सिंह सेंगर मास्टर बुद्धसेन पटेल जिपंस लालमणि त्रिपाठी शोभनाथ कुशवाहा रामानुज तिवारी मानसिंह उमेश पटेल विश्वनाथ चोटीवाला संतकुमार पटेल अनिल सिंह पिंटू सुग्रीव सिंह राकेश कुमार सिंह पुष्पेंद्र सिंह एडवोकेट प्रदीप बंसल फौजी यदुवंश प्रताप सिंह अशोक सिंह सौखीलाल तिवारी रोहित तिवारी तेजभान सिंह अनिल मिश्रा हरिहर प्रसाद पटेल डॉ हीरालाल पटेल अभयराज सिंह रामनरेश सिंह नंदकुमार सिंह दिनेश पटेल सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## 5000 क्षमता वाले छात्रावास का हो निर्माण



**रीवा।** शिक्षा संबंधी मुद्दों को लेकर छात्रों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। पहला ज्ञापन ओ.बी.सी. (पिछड़ा वर्ग) छात्रों की ओर से मुख्यमंत्री के नाम सौंपा गया, जिसमें छात्रावास निर्माण, छात्रवृत्ति एवं शिक्षण शुल्क वापसी सहित कई मांगें शामिल रहीं। वहीं दूसरा ज्ञापन श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय रीवा के पैरामेडिकल संकाय के छात्र-छात्राओं द्वारा सौंपा गया, जिसमें छात्रवृत्ति पोर्टल सत्र 2023-24 को तत्काल खोले जाने की मांग की गई। ज्ञापन में मांग की गई कि रीवा संभाग में 5000 क्षमता वाले छात्रावास के निर्माण की मांग की।

# छोटी-छोटी बीमारियों को नजरअंदाज न करें

### प्रार्थना हॉस्पिटल में लगा विशेष नि:शुल्क जांच शिविर



**रीवा।** प्रार्थना हॉस्पिटल में सोमवार को विशेष नि:शुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लायंस क्लब ग्रेट एवं वी क्लब ग्रेट के वरिष्ठ अधिकारी एवं सदस्यगण बड़ी संख्या में मौजूद रहे। शिविर में विभिन्न विभागों के नामचीन और अनुभवी डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं नि:शुल्क प्रदान कीं। अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल कुंदर ने मरीजों की हड्डी और जोड़ से जुड़ी समस्याओं का समाधान किया, गायनी विभाग से डॉ. सोनल अग्रवाल ने महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधी जांच की, वहीं मेडिसिन विभाग से डॉ. संदीप पटेल ने सामान्य रोगों की विस्तृत जांच की। बच्चों के इलाज के लिए पीडियाट्रिक्स विभाग से डॉ. के.के. तिवारी मौजूद रहे तो जनरल सर्जरी विभाग से डॉ. एल.एम. सिंह ने अपनी विशेष सेवाएं दीं। गैस्ट्रोलॉजी विभाग से डॉ. लवकुश तिवारी ने पेट और पाचन संबंधी बीमारियों की जांच की, ईएनटी विभाग से डॉ. पिंकी सिंह ने कान, नाक और गले के रोगियों को राहत पहुंचाई, वहीं प्लास्टिक सर्जन डॉ. सिद्धार्थ सिंह बघेल ने अपनी विशेषज्ञता साझा की। इसके साथ ही टीबी एवं चेस्ट रोग विभाग से डॉ मुकेश तिवारी पल्मोनरी/एलर्जी चेस्ट एवं स्लीप विशेषज्ञ ने फेफड़े संबंधी बीमारियों की जांच की और यूरोलॉजी विभाग से डॉ. प्रवीण सोनी ने मूत्र संबंधी रोगों का परीक्षण किया। डॉ नितिन प्रकाश कुलश्रेष्ठ न्यूरो सर्जन ने मरीजों का जांच उपरांत परामर्श प्रदान किया । इस अवसर पर सभी डॉक्टरों ने सामूहिक रूप से रीवा के नागरिकों से अपील की कि छोटी-छोटी बीमारियों को नजरअंदाज न करें और समय पर डॉक्टर से परामर्श लेकर सही इलाज करवाएं, क्योंकि उपेक्षित बीमारी आगे चलकर गंभीर रूप ले सकती है। प्रार्थना हॉस्पिटल में आयोजित यह शिविर न केवल मरीजों के लिए संजीवनी साबित हुआ बल्कि समाज को जागरूक करने का भी एक सशक्त माध्यम बना।

# मऊगंज के साथ सौतेला व्यवहार कर रहे सांसद : सुखेन्द्र सिंह बन्ना

## स्वीकृति के बाद भी लटका दिया गया रीवा-मिर्जापुर रेल लाइन का सर्वेक्षण कार्य



**आंचलिक डेस्क।** पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा रीवा-मिर्जापुर रेल लाइन का सर्वेक्षण कार्य 2016 में स्वीकृत किये जाने के बाद 2025 में अचानक लटका दिये जाने पर कांग्रेस के पूर्व विधायक सुखेन्द्र सिंह बन्ना ने इसका ठीकरा सांसद जनार्दन मिश्रा पर फोड़ते हुए कहा कि सांसद द्वारा मऊगंज जिले के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। श्री सिंह अपने निवास में पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि उनके प्रयास से पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा रीवा-मिर्जापुर रेल लाइन का सर्वेक्षण कार्य स्वीकृत किया गया था। पमरे जबलपुर के तत्कालीन महाप्रबुंधक रमेश चन्द्रा द्वारा 2016 में उन्हें पत्र लिख सूचित भी किया था। और पत्र के माध्यम से बताया गया था कि रीवा-मिर्जापुर रेल लाइन का सर्वेक्षण कार्य प्रगति पर है। इसे 2018 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है लेकिन वर्तमान में पमरे के एक पत्र से पता चलता है कि यह कार्य लटक गया है। पमरे के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी विभूति शर्मा द्वारा विगत 15 सितंबर को लिखे गये पत्र से पता चलता है कि रीवा-मिर्जापुर रेल लाइन का सर्वेक्षण कार्य एवं गणना 2017 में प्रचलित विधि द्वारा की गई थी। वर्तमान में इस विधि से करना घाटे का सौदा है। लिहाजा रेलवे बोर्ड द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार इसे नई विधि द्वारा किये जाने की आवश्यकता है। यह कार्य फायनल लोकेशन सर्वे द्वारा ही किया जा सकता है। अभी इसकी स्वीकृति प्राप्त नहीं हुई है। यदि रेलवे बोर्ड इसे स्वीकृति कर देता है तो पुनः सर्वेक्षण किया जा सकता है। पूर्व विधायक श्री बन्ना ने कहा कि रीवा-मिर्जापुर रेल लाइन का सर्वेक्षण कार्य को रोकना मऊगंज के साथ सौतेला व्यवहार है। यह सांसद के इशारे पर किया गया है। इसके खिलाफ वे रेल रोको एवं जेल भरो आंदोलन करेंगे।

# ग्राम पंचायत कोटरकला के निर्माण कार्यों पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप

**त्योंथर ब्यूरो ।** जनपद पंचायत त्योंथर अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटरकला में सरपंच/पंचायत सचिव और संबंधित उपयंत्री पर मिली भगत के आरोप लगे हैं। स्थानीय जनों ने संवाददाता को आरोप लगाते हुए बताया कि ग्राम पंचायत अंतर्गत कराए गए सभी निर्माण कार्यों में निर्धारित मापदंडों को दरकिनार करते हुए घटिया सामग्री का उपयोग करते हुए गुणवत्ता हीन निर्माण कराया गया है जिसमें संबंधित उपयंत्री की मिली भगत से इनकार नहीं किया जा सकता है। ग्राम पंचायत वासियों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर संवाददाता को बताया है कि यदि सभी निर्माण कार्यों की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तो मौके पर स्थल परीक्षण में निर्माण कार्यों में घटिया सामग्री का उपयोग सहित गुणवत्ता हीन निर्माण कार्य पाया जाएगा। स्थानीय जनों ने निर्माण कार्यों के उच्चस्तरीय जांच कर दोषी पाए जाने पर कार्यवाही की मांग की है।

# किसानों की समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय किसान मजूदर महासंघ से सौंपा ज्ञापन

## 13 सूत्रीय मांग ज्ञापन में हैं शामिल



**मऊगंज ब्यूरो।** किसानों की समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ जिला इकाई मऊगंज ने राष्ट्रपति, राज्यपाल मप्र शासन एवं कलेक्टर मऊगंज के नाम संबोधित ज्ञापन संयुक्त कलेक्टर मऊगंज ए.पी. द्विवेदी को 22 सितंबर को सौंपा। ज्ञापन में ज्ञापन में केन्द्र सरकार, राज्य सरकार एवं जिला स्तर के मुद्दों को शामिल किया गया। जिसमें स्वामी नाथन आयोग की सिफारिशें लागू किये जाने, किसानों के संपूर्ण कर्ज माफ किये जाने, राष्ट्रीय मुक्त व्यापार समझौता निरस्त किये जाने, नकली खाद बीज पर पूर्ण रोंक लगाने, सूख रहे आम के वृक्षों को सुरक्षित करने, अवारा पशुओं को व्यवस्थित करने, अमृत सरोवर तालाबों में हुये भ्रष्टाचार की जांच करवाने, मऊगंज-बरहटा फीडर अंतर्गत एक विद्युत सब स्टेनशन बनवाने, जंगली जानवरों जैसे जंगली सुअर, नीलगाय से पहाड़ी क्षेत्रों की फसल को होने वाले नुकसान की रोकथाम करने, वर्ष 2009-10 से 2015-16 तक सर्वे सिंचाई द्वारा बनाये गये सिंचाई बांधो की मरम्मत करवाने, सेवा सहकारी समिति नौढ़िया को धान पंजीयन केन्द्र बनाये जाने, रकरी, पचपहरा के त्रुटिपूर्ण नक्शे को शीघ्र सुधरवाये जाने, नौढ़िया भठ्ठा टोला, ढनगन, मैरहा, टोला के नक्शे को त्रुटिपूर्ण नक्शे में शामिल किये जाने संबंधी 13 बिन्दुओं का ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह सेंगर, संरक्षक दीनानाथ मिश्रा, मार्गदर्शक राकेश रतन सिंह, उपाध्यक्ष वाई.पी. सिंह, जिला महामंत्री गिरीश पटेल, मीडिया प्रभारी पंकज सिंह, रामउजागर पटेल, बृजकिशोर पटेल, राजन सिंह पटेल, रामजी पटेल, श्याललाल, राजमणि पटेल, राममणि पटेल, तरूणेन्द्र शेखर पटेल, शंभू प्रसाद पटेल, उदया प्रकाश पटेल, विनोद पटेल, अमरीश पटेल, सरस्वकी पटेल, विकास विश्वकर्मा, रामदयाल कुशवाहा, नीरज कुमार सिंह, इन्द्रपति पटेल, रामायण पटेल, मुकेश पटेल, रजनीश पटेल, पवन पटेल, राजकुमार पटेल, राकेश सिंह सेंगर, पुष्पेन्द्र पटेल, हीरालाल पटेल, देवेन्द्र पटेल सहित अन्य कृषकगण मौजूद रहे। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर ने ज्ञापन को संज्ञान में लेकर उच्च स्तर पर प्रेषित करने एवं जिला स्तर पर समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया।

# उत्कृष्ट विद्यार्थी एवं शिक्षक हुए सम्मानित

## शगुन इवेंट हाल मऊगंज में हुआ आयोजन पूर्व विधायक लक्ष्मण तिवारी रहे मुख्य अतिथि



**हनुमना, नि.प्र.।** हनुमान नगर से 30 किलोमीटर दूर जिला मऊगंज में 21 सितंबर 2025 को शगुन इवेंट हाल मऊगंज में एक भव्य एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट शिक्षकों एवं मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान किया गया जिनके अथक प्रयासों से शिक्षा जगत निरंतर नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक लक्ष्मण तिवारी रहे, जिन्होंने अपने उद्बोधन में शिक्षा के महत्व एवं शिक्षक विद्यार्थी के आदर्श संबंधों पर सारगर्भित विचार व्यक्त किये। पूर्व विधायक द्वारा पुरोहित पंडितों कथा वाचकों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया तथा शगुन पैलेस मऊगंज में सभी सेवानिवृत्ति सभी कर्मचारियों, पूर्व जन प्रतिनिधियों को शाल श्रीफल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सरपंच सहकारी समिति अध्यक्ष एवं जनपद सदस्य इंद्रमणि द्विवेदी मुन्ना( झरी)हनुमना ने की। संपूर्ण मऊगंज जिले के शिक्षक, विद्यार्थी, विद्यालय संचालक एवं अतिथि शिक्षक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी उत्कृष्ट शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनके योगदान को सराहा गया। स्थानीय लोगों ने संवाददाताओं को बताया कि यह समारोह केवल सम्मान का अवसर नहीं था बल्कि एक प्रेरणा स्रोत भी रहा, जिसने यह संदेश दिया कि शिक्षा ही समाज की सबसे सशक्त धरोहर है और शिक्षक उसकी अमर ज्योति।

# स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान : नईगढ़ी में मेगा महिला स्वास्थ्य शिविर आज

## निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, परामर्श और उपचार की सुविधा होगी उपलब्ध

**नईगढ़ी, नि.प्र.।** महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण को केंद्र में रखते हुए 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' (17 सितंबर से 2 अक्टूबर) तथा आठवें राष्ट्रीय पोषण माह (17 सितंबर से 16 अक्टूबर) के अंतर्गत आज 23 सितंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नईगढ़ी में विशाल मेगा महिला स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर ग्रामीण अंचलों की महिलाओं के लिए स्वास्थ्य जागरुकता और उपचार का बड़ा अवसर साबित होगा। शिविर में महिलाओं के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, परामर्श और उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं, किशोरियों और बुजुर्ग महिलाओं से इसमें भाग लेने की अपील की गई है। बीएमओ डॉ. आर.के. पाठक ने संवाददाता को बताया कि इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि छोटी-बड़ी समस्याओं की समय रहते जांच होने पर गंभीर बीमारियों से बचाव संभव है। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम मौजूद रहेगी, जो महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न समस्याओं का परामर्श और उपचार करेगी।

### सर्जिकल मामलों के लिए भी विशेषज्ञ डॉक्टर होंगे उपलब्ध

साथ ही बच्चों और अन्य सर्जिकल मामलों के लिए भी विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध रहेंगे। डॉ. पाठक ने कहा कि जिन महिलाओं का पहले से इलाज चल रहा है, वे अपने स्वास्थ्य रिकॉर्ड और दवाइयों के पर्चे साथ लेकर आएं, ताकि चिकित्सक उनकी स्थिति को सही ढंग से समझकर मार्गदर्शन कर सकें। कार्यक्रम के दौरान ब्लड डोनेशन कैंप भी आयोजित किया जाएगा। डॉ. पाठक ने कहा रक्तदान महादान है। हमारी दी गई थोड़ी-सी सहायता किसी जरूरतमंद को नई जिंदगी दे सकती है। उन्होंने युवाओं और सभी सक्षम लोगों से इस पुण्य कार्य में शामिल होने की अपील की। रेडक्रॉस सोसायटी उपशाखा नईगढ़ी के चेयर मैन उमाशंकर त्रिपाठी ने जानकारी दी कि यह शिविर सेवा पखवाड़ा सप्ताह के अंतर्गत मध्य प्रदेश शासन के निर्देश और कलेक्टर मऊगंज के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य केवल जांच और उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज में स्वास्थ्य जागरुकता और सहयोग की भावना को भी प्रोत्साहित करेगा।

# हिन्दी फीचर फ़िल्म अन्याय का अन्त आज होगी रिलीज

**चाकघाट, नि.प्र.।** त्योंथर क्षेत्र के कलाकारों को लेकर बनाई गई फिल्म अन्याय के अंत का आज 23 सितंबर को त्योंथर में शुभारंभ किया जाएगा। त्योंथर क्षेत्र के समाजसेवी एवं युवा नेता राज सिंह मजनू ने संवाददाता को बताया है कि बड़े पर्दे पर धूम मचाने हिन्दी फीचर फ़िल्म अन्याय का अन्त जिस खबर को ले कर त्योंथर क्षेत्र में खुशी का माहौल देखने को मिला है । यह फ़िल्म त्योंथर क्षेत्र के राज सिंह मजनू के द्वारा क्षेत्रीय कलाकारों के साथ कलाकारों के साथ मिल कर बनाया गया है। जिसके प्रड्यूसर वरिष्ठ समाजसेवी तथा त्योंथर क्षेत्र के नेता देवेंद्र सिंह है। यह अन्याय का अन्त नाम की फ़िल्म राज सिंह विचार क्रांती चैनल के बैनर के तले तैयार की गई है। जिसके कहानी कार निर्देशक डायरेक्टर वा निर्माता राज सिंह हैं। राज सिंह ने बताया की अन्याय का अन्त को रिलीज करने की पूरी तैयारी कर लीं गई है। संवाददाता को बताया गया कि इस फ़िल्म में एक अच्छा संदेश यह है कि अन्यायी कितना भी बड़ा हो उसका अन्त जरूर होता है। इसके साथ साथ ही फ़िल्म में कॉमेडी एक्शन रोमांस का बेहतर प्रदर्शन भी है। उन्होंने आगे कहा कि त्योंथर से फ़िल्म रिलीज करना एक मिशन है जिसके माध्यम से दूर दूर तक के शहरों में त्योंथर (रीवा) को पूरे विंध्य को विशेष ख्याती मिलेगी। राज सिंह ने बताया की क्षेत्र के गौरव को बढ़ाने के लिए और क्षेत्र के कलाकारों को कला प्रस्तुति का सुनहरा अवसर मिलेगा। इसी मंसा से आज 23 सितंबर को फ़िल्म रिलीज होने के साथ-साथ त्योंथरांचल उत्सव आयोजन के माध्यम से क्षेत्र के कलाकारों को कला प्रस्तुत करने का भी अवसर मिलेगा। यह कार्यक्रम पचामा त्योंथर अक्षत मैरिज गार्डन में प्रातः 10:00 बजे से प्रारंभ होगा। पहले क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा मंचीय कला का प्रदर्शन किया जाएगा उसके पश्चात फिल्म को बड़े पर्दे पर दिखाया जाएगा।

# सतना तथा त्योंथर का प्रभार एक ही एसडीओ को मिलने से आमजन को रही परेशानी

**त्योंथर ब्यूरो।** सतना जिले में पदस्थ अनुविभागीय अधिकारी वीरेंद्र सिंह खगर को रीवा जिले की तहसील त्योंथर में एसडीओ जल संसाधन विभाग उप खंड त्योंथर का प्रभारी बनाने से त्योंथर की जनता में आक्रोश है। लोगों ने संवाददाता को बताया कि रीवा जिले में एसडीओ है तब भी सतना में पदस्थ अधिकारी को प्रभारी बनाया गया है। त्योंथर तहसील से सतना जिले की दूरी लगभग 150 किलोमीटर होगी तथा दो स्थानों का प्रभार होने पर जिम्मेदारी निर्वहन में अधिकारी को परेशानी होगी जिसका खामियाजा क्षेत्रीय जनता को उठाना पड़ेगा। संवाददाता को लोगों ने बताया कि वीरेंद्र सिंह कभी कभार ही त्योंथर कार्यालय आ पाते हैं जिससे विभाग के अधिकारी/कर्मचारी स्वेच्छाचारी हो रहे हैं तथा जनता के काम में लालफीताशाही हावी होने के भी आरोप हैं। स्थानीय लोगों ने जांच के साथ पदभार बदलने तथा स्थायी नियुक्ति की मांग की है जिससे क्षेत्रीय जनों को हो रही परेशानी से निजात मिल सके।

# शांति और उत्साह पूर्वक मनाएं नवरात्रि पर्व : चाकघाट थाना प्रभारी

## चाकघाट थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न



**त्योंथर ब्यूरो।** शारदीय नवरात्रि पर्व को लेकर शहर से लेकर गांव-गलियों में दुर्गा पंडाल सज चुके हैं। इसके साथ ही भक्तों द्वारा दुर्गा प्रतिमाओं का स्थापना कर दिया गया है। इसी कड़ी में सोमवार को चाकघाट थाना परिसर में थाना प्रभारी बालकेश सिंह के उपस्थिति में शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई, जहां थाना प्रभारी द्वारा उपस्थित जनों से आसपास के दुर्गा पंडालों की जानकारी लेते हुए विभिन्न विषयों में विचार विमर्श किया। थाना प्रभारी द्वारा अपील करते हुए कहा कि शारदीय नवरात्रि का पर्व सभी शांति और उत्साह पूर्वक मनाएं। साउंड इत्यादि का उपयोग निर्धारित मापदंडों व समय के अनुसार उपयोग करें। किसी भी प्रकार से वाद-विवाद की स्थिति निर्मित नहीं हो एवं जरूरत पड़ने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें। थाना प्रभारी बालकेश सिंह द्वारा विसर्जन कार्यक्रम को लेकर भी चर्चा कर दिशा निर्देश दिए। इस दौरान नगर ग्राम रक्षा समिति अध्यक्ष मोहन सोनी, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल से आदर्श शुक्ला सहित विभिन्न जनों की उपस्थित रहीं है।

# गर्भवती महिला की डिलीवरी कराने ले जा रही ऑटो सड़क के गड्ढे में फंसी




## महिलाओं ने धक्का देकर निकलवाया लालगांव से गंगेव मार्ग वाया मठा घोपी सड़क एक साल में हुई जर्जर

**लालगांव, नि.प्र.।** पीडब्लयूडी विभाग के अंतर्गत बनी सड़क की हालात एक साल में ही जर्जर हो गयी है। संवाददाता को लोगों ने बताया कि ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया तथा जमकर अनियमितताओं के आरोप हैं। मामला लालगांव से गंगेव मार्ग वाया मठा घोपी होकर जाने वाली सड़क का है जिसका निर्माण पीडब्लयूडी विभाग के द्वारा ठेकेदार द्वारा किया गया है। इस मार्ग को जून 2024 में एक वर्ष पहले ही डामरीकरण कर बनाया गया जो कि घटिया निर्माण की भेंट चढ़ गया। कमियों को छिपाने के लिए अब ठेकेदार के दवारा गड्ढे मे गिट्टी की जगह मिट्टी डाली जा रही है। यह मार्ग लालगांव वाया घोपी होकर कम से कम 50वर्ष पुराना है । इस मार्ग की घोपी मे बहुत दर्दनाक स्थिति है। कोई वाहन तक नहीं निकल पा रहे है। संवाददाता को बताया गया कि ऑटो मे लेडीज को डिलेवरी के लिए गंगेव हॉस्पिटल ले जाते हुए एक ऑटो सड़क में डाली गयी मिट्टी के दलदल में फंस गई जिसे महिलाओ ने धक्का देकर निकालवाया। यह किसी एक वाहन की बात नहीं है आए दिन कोई न कोई वाहन इन गड्ढों में फंसता ही रहता है और इस तरह से वाहनों की लम्बी लम्बी कतारें लगी जाती हैं। क्षेत्रीय जनों ने सड़क निर्माण में बरती गई अनियमितता एवं भ्रष्टाचार की जांच कर दोषियों पर कार्यवाही की मांग उच्चाधिकारियों से की है।

# सांसद जनार्दन मिश्रा गुढ़ नगर में देंगे जीएसटी दरों में कटौती की जानकारी



**गुढ़ ( नि.प्र )।** रीवा संसदीय क्षेत्र के सांसद जनार्दन मिश्रा ने जीएसटी की दरों में कमी किए जाने के उपलक्ष्य में भारत के बचत उत्सव की बधाई व्यापारी भाइयों और उपभोक्ताओं को दी है। सांसद श्री मिश्रा ने संवाददाता को बताया कि नवरात्रि के पहले दिन से जीएसटी में कटौती होने से दवाइयों एवं दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुएं 90 प्रतिशत तक सस्ती हुई हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की गई इस पहल से आम जनता को बड़ी राहत मिली है। इसी संदर्भ में सांसद जनार्दन मिश्रा आज 23 सितम्बर दिन मंगलवार को दोपहर 1 बजे गुढ़ नगर के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में व्यापारियों एवं उपभोक्ताओं से मिलकर जीएसटी दरों में कमी की विशेषताओं की जानकारी देंगे। इस दौरान ग्राहकों को भी खरीदारी के समय जीएसटी की नई कम दरों के बारे में बताया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी मंडल गुढ़ के अध्यक्ष एड.अनंत कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए मंडल गुढ़ के सभी पदाधिकारियों, कार्यसमिति सदस्यों तथा मोर्चा-प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों से कार्यक्रम में सांसद के संपर्क में रहने का आग्रह किया है।

# रोजगार मेला 24 सितंबर को मऊगंज में

**मऊगंज ब्यूरो।** युवा संगम कार्यक्रम के तहत शासकीय महाविद्यालय देवतालाब में 24 सितंबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा। रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 8 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है। वेतन एवं भत्ते 8500 रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। वेतन एवं भत्ता विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग देय होगा। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा।

**ये कंपनिया देगीं रोजगार :** उप संचालक ने बताया कि रोजगार मेले में बजाज ऑटो प्रा.लि. पुणे महाराष्ट्र, आमधनी प्रा. लि. अपोलो टायर्स गुजरात, प्रभा बायोप्लांट्स प्रा. लि. रीवा, मिग्मा पैकट्रॉन प्रा. लि. इंदौर, आयसर ट्रक एण्ड बस पीथमपुर धार, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा. लि. रीवा, एचडीएफसी लाइफ इश्योरेन्स कंपनी लिमि. रीवा तथा प्रगतिशील बायोटेक प्रा. लि. रीवा में रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे।

# नौ दिवसीय शारदेय नवरात्रि पर्व का हुआ शुभारंभ

**जवा ब्यूरो।** नौ दिवसीय शारदेय नवरात्रि का शुभारंभ बहुत ही धूमधाम से हुआ। धर्मानुरागी भक्त जनों के द्वारा प्रमुख जवा डभौरा , अतरैला, पनवार, चौखंडी, रामबाग, पटेहरा सहित गांव गांव मे जगत जननी मां दुर्गा के पंडालों में मूर्ति की विधि विधान के साथ पूजन अर्चन कर स्थापना की जा चुकी है। भक्त जनों द्वारा मां दुर्गा के झांकी का दर्शन पूजन कर मां दुर्गा से सुख शांति को आशीर्वाद प्राप्त करें रहे हैं।

# ग्राम गड़रा में लोक कल्याण शिविर का आयोजन 26 को

**मऊगंज ब्यूरो।** लोक कल्याण शिविर 26 सितम्बर को ग्राम पंचायत रमनगरी के ग्राम गड़रा में आयोजित किया जाएगा। एसडीएम हनुमना रश्मि चतुर्वेदी ने लोक कल्याण शिविर से जुड़े संबंधित अधिकारियों को विभागान्तर्गत जनकल्याणकारी योजनाओं के स्टाल लगाकर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए हैं।

# हनुमना महारानी चौरा शीतला मंदिर में सुबह से भक्तों की लगी भीड़

## हनुमना में सैकड़ों स्थानों में विराजी गई हैं माता

**हनुमना, नि.प्र.।** मऊगंज जिले के हनुमना नगर परिषद के सभी वार्ड में नवरात्रि में मां के आगमन को लेकर माता के पंडाल को सुशोभित करने में मां के भक्तों ने पूरी ताकत झोंक दी। आयोजकों ने संवाददाता को बताया कि भक्तों की कड़ी मेहनत से 15 से 20 दिन के बाद आज पंडाल बनकर सुशोभित हो रहा है। हिंदू सनातन धर्म में मां की पूजा 9 दिन भक्तों द्वारा श्रद्धा भाव के साथ किया जाता है। नगर हनुमना में सैकड़ों पंडाल मां को विराजमान करने हेतु बने हुए हैं जिसमें से कुछ पंडाल अद्भुत कला के साथ पंडाल को संवारा और बनाया गया है। नगर हनुमना में कुछ पंडाल ऐसे बना दिए गए हैं कि ऐसा लग रहा है कि रीवा मिर्जापुर मार्ग में केदारनाथ का दूसरा स्वरूप हनुमना नगर में आ गया हो। ऐसे ही बद्रीनाथ के आकृति में पंडाल बनाए गए हैं। हनुमान नगर की शान वार्ड क्रमांक 9 में गांधी कमेटी दुर्गा मंदिर मैं गांधी कमेटी के अध्यक्ष और कार्यकर्ताओं द्वारा बहुत ही सुंदर मंदिर को सजाया गया और वार्ड क्रमांक 9 में रोड लाइट झालर चमक चमक लगाए गए हैं जो देखने में बहुत ही सुंदर लग रहे हैं। उसके पश्चात बड़े हनुमान जी मंदिर में बहुत ही मनमोहक पंडाल और रोड लाइट के साथ संवारा गया है। इसी तरह सीधी रोड में भी माता का पंडाल अच्छे सुंदर बने हुए हैं जो देखने में नगर की शोभा को सुशोभित कर रहे हैं

# योग केवल एक शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि एक गहरा जीवन दर्शन है : संतोष तिवारी

## ओंझापुर्वा में 45वां योग शिविर का हुआ आयोजन



**जवा ब्यूरो।** श्री नरसिंह हनुमान सेवा समिति अतरैला द्वारा सामूहिक योग निशुल्क शिविर का आयोजन ग्राम ओझापुर्वा स्थान स्कूल के पास में 45वां योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में योग शिक्षकसंतोष तिवारी, मंडल अध्यक्ष अतरैला शालिकराम साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता किशोर लाल मिश्रा, प्रमोद पांडेय बरेती, पवन कुमार मिश्रा विनय सिंह, राजा गुप्ता, फूलचंद मिश्रा, जितेन्द्र मिश्रा, श्रीराम तिवारी डब्बू मिश्रा सहित अन्य लोगों ने योग शिविर का लाभ उठाया। योग शिक्षक संतोष तिवारी ने कहा कि आज भी योग का बहुत महत्व है, योग करने से कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। साथ ही कहा कि अपने शरीर को स्वस्थ और निरोगी काया बनाने के लिए योग, सिर्फ एक शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि एक गहरा जीवन दर्शन है। यह मन, शरीर और आत्मा को एक साथ जोड़ता है और जीवन के प्रति एक सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में मदद करता है।

# एनडीआरएफ की टीम ने शिक्षकों व विद्यार्थियों को दिया आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण




**मऊगंज ब्यूरो।** आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन योजना के तहत उप महानिरीक्षक राष्ट्रीय आपदा मोचन बल मनोज कुमार शर्मा के निर्देशन में इंस्पेक्टर श्रीनिवास मीना के नेतृत्व में 11वाहिनी एनडीआरएफ वाराणसी की प्रशिक्षित एवं अनुभवी टीम द्वारा शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय देवतालाब में स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम के तहत शिक्षकों, छात्र एवं छात्राओं को आपदा न्यूनिकारण एवं प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया। टीम ने भूकम्प से बचाव, सड़क सुरक्षा, बाढ़ में बचाव के तरीके, बाढ़ की स्थिति में क्या करें और क्या न करें, सीपीआर देने की विधि, गले में फंसी बाहरी वस्तु के निकालने के तरीके, शारीरिक चोटों में रक्तस्त्राव को रोकने के तरिके एवं सांप के काटने का अस्पताल पूर्व उपचार, तात्कालिक स्ट्रेचर बनाना, लिफ्टिंग और मूविंग के तरीके, जल संरक्षण तकनीकें, अग्निशामक यंत्र का उपयोग, गरजना/बिजली चमकना, दामिनी ऐप, मौसम ऐप, भूकंप ऐप के इंस्टॉलेशन और उपयोग का प्रशिक्षण दिया। बचाव दल में संदीप सिंह, विकास कुमार, कमलेश तिवारी सोनू, रामनिरंजन, सोनू सिंह, विकास, पवन कुमार उपस्थित रहे।

# बांटी गयी 49 मीट्रिक टन खाद

**मऊगंज ब्यूरो।** मऊगंज जिले में 22 सितंबर को 275 किसानों को 49 मीट्रिक टन खाद का वितरण किया गया। डबल लाक केन्द्र मऊगंज में 125 किसानों को 14 मीट्रिक टन तथा हनुमना में 150 किसानों को 35 मीट्रिक टन खाद का वितरण किया गया।

# वेस्टइंडीज सीरीज : करुण नायर के प्रतिद्वंद्वी होंगे नीतिश, रिषभ पंत का टीम में चुना जाना मुश्किल

## दो टेस्ट मैचों की सीरीज 2 अक्टूबर से, पहला मुकाबला अहमदाबाद में, दूसरा मैच दिल्ली में होगा

जेएनएन, दुबई

वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम चुनने अजित अगरकर की अध्यक्षता वाली समिति की इस सप्ताह वर्चुअल बैठक होगी, तो सबसे बड़ा सवाल यही होगा कि इंग्लैंड में औसत प्रदर्शन के बावजूद क्या करुण नायर को मौका मिलेगा। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज रिषभ पंत सीरीज से बाहर हो सकते हैं। बैठक बुधवार या गुरुवार को ऑनलाइन होगी। यह भारत-ए और आस्ट्रेलिया-ए के बीच दूसरे अनौपचारिक टेस्ट का दूसरा या तीसरा दिन भी होगा। अंतिम एकादश में चयन के लिए करुण के सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी नीतिश रेड्डी होंगे, जो अब फिट हैं और भारत-ए टीम में भी हैं। पहले मैच में उन्हें अंतिम एकादश में नहीं चुना गया, लेकिन दूसरे मैच में खेल सकते हैं। भारत और वेस्टइंडीज के बीच पहला टेस्ट दो से छह अक्टूबर तक अहमदाबाद में खेला जाएगा, जबकि दूसरा टेस्ट दिल्ली में 10 से 14 अक्टूबर को होगा। इंग्लैंड के खिलाफ ओवल पर आखिरी टेस्ट में अर्धशतक जमाने वाले करुण ने सभी पारियों में अच्छी शुरुआत की। वह खराब फॉर्म में नहीं थे, लेकिन ज्यादा रन नहीं बना सके। इसके बाद उनकी ऊंगली में चोट लग गई और वह दलीप ट्रॉफी नहीं खेल सके। भारत-ए टीम के चयन के समय ही उन्हें फिट घोषित किया गया।

### इंग्लैंड दौरे पर चोटिल हुए थे पंत, बैकअप हो सकते हैं जुरेल

इस साल इंग्लैंड में एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के दौरान टीम के उपकप्तान रहे पंत को मेनचेस्टर में खेले गए चौथे टेस्ट के दौरान बाएं पैर में फ्रेक्चर हो गया था। पहली पारी में वह बाद में बल्लेबाजी के लिए आए, लेकिन ओवल में खेले गए अंतिम टेस्ट के लिए उनकी जगह पर एन जगदीशन को भारतीय दल में शामिल किया गया। पंत इस समय बेंगलुरु स्थिति बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में हैं। ऐसा समझा जाता है कि पंत को बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग का अभ्यास शुरू करने से पहले मेडिकल टीम से आगे की अपडेट का इंतजार है। वेस्टइंडीज सीरीज के बाद भारत को ऑस्ट्रेलिया में सफेद गेंद सीरीज भी खेलनी है। पंत की अनुपस्थिति में वेस्टइंडीज सीरीज के लिए जुरेल के भारत के लिए प्रमुख विकेटकीपर की भूमिका निभाने की उम्मीद है। जुरेल इस समय लखनऊ में हैं और ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ जारी दो अनौपचारिक टेस्ट मैचों की सीरीज में भारत-ए दल का हिस्सा हैं। एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में जुरेल ने अंतिम दो टेस्ट में विकेटकीपिंग भी की थी। ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ पहले अनौपचारिक टेस्ट में पारी की शुरुआत करने वाले जगदीशन ने भी जुरेल के साथ विकेटकीपिंग की थी। ऐसे में जगदीशन को चयनकर्ता वेस्टइंडीज सीरीज के लिए बैकअप विकेटकीपर के तौर पर भारतीय दल का हिस्सा बना सकते हैं।



### यशस्वी, राहुल, गिल का चयन तय

यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, बी साई सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल का चयन तय है, जबकि ध्रुव जुरेल विकेटकीपर होंगे, क्योंकि रिषभ पंत अभी तक फिट नहीं हुए हैं। अब देखना यह है कि भारत अतिरिक्त बल्लेबाज को उतारता है या रेड्डी की तरह बल्लेबाजी हरफनमौला को। सभी के फिट होने पर तीन विशेषज्ञ स्पिनर रविंद्र जडेजा, कुलदीप यादव और वॉशिंगटन सुंदर होंगे। तेज गेंदबाजों में मोहम्मद सिराज का खेलना तय है, जबकि जसप्रीत बुमराह को ब्रेक दिया जा सकता है। चयन समिति के प्रमुख अगरकर इस समय दुबई में हैं और कप्तान गिल तथा कोच गौतम गंभीर से बातचीत के लिए रुक गए हैं। अतिरिक्त बल्लेबाज के तौर पर देवदत्त पड्डिकल के नाम पर विचार किया जा सकता है। पहले ए टेस्ट में नाकाम रहे श्रेयस अय्यर को दूसरे मैच में रन बनाने होंगे। वह भी अगर वह खेलते हैं तो।






## मैदान से हटकर

### पाक क्रिकेटर रऊफ की पत्नी का विवादित पोस्ट

एशिया कप सुपर-4 में भारत की पाकिस्तान पर जीत के बाद विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा। पहले साहिबजादा फरहान का गन-स्टाइल सेलिब्रेशन, उसके बाद बाउंड्री पर फील्डिंग के दौरान हारिस रऊफ के घटिया इशारों से मामला गर्म था। अब हारिस रऊफ की पत्नी मुजना मसूद ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर विवादित पोस्ट साझा किया है। मैच के दौरान रऊफ इंडियन फैंस की ओर '6-0' का इशारा कर रहे थे। उस वायरल वीडियो में रऊफ 'विमान गिरने का इशारा' भी करते देखे गए थे, जिससे दर्शक भड़क उठे थे। अब रऊफ की पत्नी मुजना ने इंस्टाग्राम पर पति की एक तस्वीर स्टोरी पर शेयर की और कैप्शन में लिखा- मैच हार गए, लेकिन जंग जीत गए। हालांकि विवाद बढ़ता देख उन्होंने इसे डिलिट भी कर दिया गया। भारत में रऊफ की बीवी की पोस्ट पर जमकर रिएक्शन आ रहे हैं। मैच के दौरान भी एक क्षण ऐसा आया जब शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा की पाकिस्तानी गेंदबाजों शाहीन अफरीदी और हारिस रऊफ से कहासुनी हो गई। बता दें कि मुजना के पास फैशन डिजाइनिंग की डिग्री है। वह मॉडल, इन्फ्लूएंसर और टिकटॉक स्टार है। उनके इंस्टाग्राम पर 50 हजार से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। दिसंबर 2022 में पारंपरिक तरीके से उनका हारिस रऊफ के साथ निकाह हुआ। (जेएनएन)





## सिटी स्पोर्ट्स

### अतरायु शर्मा, सिया, आरुषि व माही ने पास की ब्लैक बेल्ट परीक्षा



**भोपाल, खेप्र।** अतरायु शर्मा, सिया व्यास, आरुषि शर्मा और माही नरवरिया ने ब्लैक बेल्ट परीक्षा पास कर ली है। कराते डू अकादमी द्वारा गुजराती समाज भवन में ब्लैक बेल्ट परीक्षा आयोजित की गई थी। यह खिलाड़ी ब्लैक बेल्ट कराटे अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक सेनसई हेमंत देशमुख से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे। खिलाड़ियों की की सफलता पर मप्र कराते एसोसिएशन के महासचिव जमाल अब्दुल नासिर एवं उपाध्यक्ष संजय थावईट ने बधाई दी।

### जूडो: कृष्णा-मानसी को स्वर्ण



**भोपाल, खेप्र।** शहर के कृष्णा मालवीय और मानसी पटेल ने 69वीं राज्य स्तरीय शालेय जूडो प्रतियोगिता में क्रमश : पुरुष और महिला वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं एक अन्य खिलाड़ी प्रतिज्ञा रजाक ने रजत पदक जीता। यह चैंपियनशिप इंदौर में आयोजित की गई थी। कृष्णा ने -90 किग्रा भारवर्ग में, जबकि मानसी ने -70 किग्रा भारवर्ग में सोने का तमगा हासिल किया। प्रतिज्ञा ने -63 भारवर्ग में चांदी का पदक हासिल किया। सभी खिलाड़ी मॉडल स्कूल में अध्ययनरत हैं। पदक विजेता खिलाड़ियों को विद्यालय की प्राचार्य रेखा शर्मा, उप प्राचार्य आरके श्रीवास्तव और खेल अधिकारी दीवान चंद्र मौली ने बधाई दी।

## खेल एक नजर

### 1 अक्टूबर को नुमाइशी फुटबॉल मैच के लिए भारत आएंगे बोल्ट

**मुंबई, जेएनएन।** महान फर्राटा धावक उसैन बोल्ट एक अक्टूबर को एक नुमाइशी फुटबॉल मैच के लिए भारत आएंगे। आठ ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता महानतम खिलाड़ियों में से एक बोल्ट महान फुटबॉल खिलाड़ियों, बॉलीवुड हस्तियों और अन्य जाने माने लोगों के साथ फुटबॉल मैच खेलेंगे। बोल्ट बेंगलुरू एफसी और मुंबई सिटी एफसी दोनों के लिए एक एक हाफ खेलेंगे। वह 30 सितंबर से शुरू हो रहे प्यूमा के दो दिवसीय जश्न के सिलसिले में यहां आ रहे हैं। इस मैच के लिए टिकट खरीदने होंगे। प्यूमा भारत के प्रबंध निदेशक कार्तिक बालागोपालन ने कहा कि हमारा मानना है कि खेलों में समुदायों को प्रेरित करने और एकजुट करने की ताकत है।

### फिडे विश्व कप के लिए दिव्या देशमुख को मिला वाइल्ड कार्ड

**नई दिल्ली, जेएनएन।** किशोर ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख को 31 अक्टूबर से 27 नवंबर तक गोवा में होने वाले फिडे विश्व कप 2025 के लिए वाइल्ड कार्ड दिया गया है। दिव्या को यह वाइल्ड कार्ड एक प्रतिभागी के अंतिम समय में नाम वापस लेने के बाद किया गया है। नागपुर की 19 साल की इस खिलाड़ी ने हाल ही में फिडे ग्रैंड स्विस में भाग लिया था। वह इस एकल-एलिमिनेशन प्रतियोगिता में 20 अन्य भारतीयों के साथ शामिल होंगी, जिसका नेतृत्व मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश करेंगे। फिडे ने कहा कि एक प्रतिभागी के अंतिम समय में नाम रद्द होने के बाद दिव्या को मौका दिया गया है। जू वेनजुन और होउ यिफान ने पहले ही निमंत्रण अस्वीकार कर दिया था। हर दो साल में होने वाले विश्व कप में दुनिया के 206 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी तीन सप्ताह तक मिनी-मैचों के नॉकआउट प्रारूप में मुकाबला करते हैं।

## दोनों टीमों के बीच मैच रात आठ बजे से, प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स पर

# एशिया कप : सुपर 4 में वापसी करने पर होंगी श्रीलंका और पाकिस्तान की नजरें

जेएनएन, अबुधाबी

सुपर 4 चरण में पहले मैच में मिली हार से उबरते हुए श्रीलंका और पाकिस्तान दोनों एशिया कप के इस अहम चरण में मंगलवार को अबूधाबी में होने वाले मुकाबले में जीत की राह पर वापसी करना चाहेंगे। इस मैच में जीत हासिल कर दोनों टीमें न सिर्फ टूर्नामेंट में वापसी करना चाहेंगी, बल्कि फाइनल के लिए अपना दावा भी पेश करना चाहेंगी। क्योंकि यहां से एक और हार फाइनल का रास्ता जरूर से ज्यादा कठिन कर सकती है। गत चैम्पियन श्रीलंका ग्रुप चरण में अपराजेय रही, लेकिन पहले सुपर 4 मैच में उसे बांग्लादेश ने चार विकेट से हराया। इससे टी-20 एशिया कप में उसके आठ मैचों के विजय अभियान पर रोक लगी और उसकी लय भी टूट गई। दूसरी ओर पाकिस्तानी टीम मैदान से बाहर की गतिविधियों के कारण अधिक चर्चा में रही। चिर प्रतिद्वंद्वी भारत ने उसे रविवार को एकतरफा मुकाबले में फिर हराया, जो इस बार के एशिया कप में उसकी भारत के हाथों लगातार दूसरी हार थी। भारत और बांग्लादेश के दो अंक है और बेहतर रनरेट के आधार पर सूर्यकुमार यादव की टीम शीर्ष पर है। श्रीलंका और पाकिस्तान तीसरे और चौथे स्थान पर हैं।



### इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर निगाहें

पतुम निसंका ने इस टूर्नामेंट में अब तक श्रीलंका के लिए सर्वाधिक 136 रन बनाए हैं, जिसमें दो अर्धशतक भी शामिल हैं। इस टूर्नामेंट में कम से कम 100 रन बनाने वाले बल्लेबाजों में सिर्फ अभिषेक शर्मा और मोहम्मद नबी का स्ट्राइक रेट ही निसंका से ज्याद है। अभिषेक ने जहां 208.43 के स्ट्राइक रेट से 173 रन बनाए हैं, वहीं नबी ने 171.42 के स्ट्राइक रेट से 108 रन बनाए हैं। वहीं निसंका के बल्ले से 136 रन 148.97 के स्ट्राइक रेट से निकले हैं।

पाकिस्तान के प्रमख तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी का गेंद के साथ प्रदर्शन पाकिस्तान के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। अफरीदी ने अब तक खेले चार मुकाबलों में केवल तीन विकेट ही चटकाए हैं और इस दौरान उन्होंने 7.71 की इकॉनमी से रन खर्च किए हैं। इन तीन विकटों में से दो विकेट उन्होंने यूएई के खिलाफ मुकाबले में लिए थे, मतलब अफरीदी दो मुकाबले में विकेटलेस रहे और यह दोनों ही मुकाबले भारत के खिलाफ खेले गए थे।

### हालिया प्रदर्शन

- श्रीलंका ने बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबले में स्कोरबोर्ड पर 168 रन बनाए थे। शानका के ऑलराउंड प्रदर्शन से अंत में मैच रोचक जरूर हो गया था, लेकिन सैफ हसन और तौहीद हृदोय के अर्धशतकों की बदौलत बांग्लादेश ने जीत हासिल कर ली। बांग्लादेश के खिलाफ शानका की अर्धशतकीय पारी के अलावा श्रीलंका के अन्य बल्लेबाज कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाए थे, ऐसे में इस मुकाबले में श्रीलंका को अपने बल्लेबाजी लाइन अप से काफी उम्मीदें होंगी।
- पाकिस्तान को अब तक इस टूर्नामेंट में दो हार नसीब हुई है और दोनों ही बार उसे भारत ने हराया है। कागज पर श्रीलंका की टीम मजबूत नजर आ रही है क्योंकि इस समय पाकिस्तान के बल्लेबाज और गेंदबाज अपनी सर्वश्रेष्ठ लय में नजर नहीं आ रहे हैं। भारत के खिलाफ सुपर-4 मुकाबले में साहिबजादा फरहान ने अर्धशतक लगाया और पाकिस्तान ने आक्रामक शुरुआत भी की, लेकिन मध्य ओवरों में पाकिस्तान की रफ्तार धीमी पड़ गई।

## पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीकी टीम घोषित

# डीकॉक ने वनडे से संन्यास वापस लिया, पाक दौरे से बावुमा बाहर

जेएनएन, जोहानिसबर्ग

क्विंटन डीकॉक ने वनडे क्रिकेट से संन्यास लेने के फैसले को पलट दिया है और उन्हें पाकिस्तान दौरे के लिए वनडे और टी-20 दोनों टीमों में शामिल किया गया है, साथ ही नामीबिया में एकमात्र टी-20 मैच के लिए भी उनको चुना गया है। दक्षिण अफ्रीका को हालांकि कप्तान तेम्बा बावुमा की सेवाएं नहीं मिलेंगी, जो पिंडली में खिंचाव के कारण टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की गदा हासिल करने के बाद दक्षिण अफ्रीका 12 से 24 अक्टूबर तक लाहौर और रावलपिंडी में दो टेस्ट मैचों की सीरीज से इस नए सत्र का आगाज करेगा। डीकॉक ने 2023 के वनडे विश्व कप के बाद 50 ओवर के क्रिकेट से संन्यास ले लिया था और दक्षिण अफ्रीका के लिए उनका आखिरी सीमित ओवरों का मैच बारबेडोस में 2024 का टी-20 विश्व कप फाइनल था। हालांकि उन्होंने आधिकारिक तौर पर टी-20 से संन्यास नहीं लिया, लेकिन उन्हें दक्षिण अफ्रीका की किसी भी टीम में शामिल नहीं किया गया था और पूर्व कोच रॉब वाल्टर उनकी दीर्घकालिक योजनाओं को लेकर अनिश्चित थे। इस बीच, वह हाल ही में समाप्त हुई सीपीएल सहित दुनिया भर की टी-20 लीगों में सक्रिय रहे हैं। वर्तमान मुख्य कोच शुकरी कॉनराड ने डीकॉक से बात की है और कहा है कि उन्होंने राष्ट्रीय टीम के लिए फिर से प्रतिबद्धता जताई है।



**टेस्ट टीम :** मारक्रम (कप्तान), बेडिंघम, बॉश, ब्रेविस, डीजोरजी, जुबैर, हार्मर, यानसेन, केशव महाराज (केवल दूसरा टेस्ट), मुल्डर, मुथुसामी, कगिसो रबाडा, रयान रिकेल्टन, ट्रिस्टन स्टब्स, प्रेनेलन सुब्रायन, काइल वेरेन।

**वनडे टीम :** ब्रीट्जके (कप्तान), बॉश, ब्रेविस, बर्गर, कोएत्जी, डिकॉक, डी जोरजी, फरेरा, फोर्टुइन, लिंडे, मफाका, एनगिडी, पीटर, प्रीटोरियस, सिनेथेम्बा केशिले।

**टी-20 :** डेविड मिलर (कप्तान), बॉश, ब्रेविस, नांद्रे बर्गर, गेराल्ड कोएत्जी, क्विंटन डिकॉक, डोनोवन फरेरा, रीजा हेंड्रिक्स, जॉर्ज लिंडे, क्वेना मफाका, लुंगी एनगिडी, नकाबा पीटर, लुआन-ड्रे प्रीटोरियस, एंडिले सिमलेन, लिजाद विलियम्स।

## जोहोर कप हॉकी में भारतीय जूनियर टीम की कप्तानी करेंगे डिफेंडर रोहित

**नई दिल्ली, जेएनएन।** डिफेंडर रोहित 11 अक्टूबर से मलेशिया में हो रहे सुल्तान जोहोर कप टूर्नामेंट में भारत की कप्तानी करेंगे और उनका लक्ष्य पिछली बार के कांस्य पदक से बेहतर प्रदर्शन करना होगा। टूर्नामेंट 18 अक्टूबर को खत्म होगा और यह 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में होने वाले जूनियर विश्व कप की तैयारी के लिए अहम होगा। भारत को 11 अक्टूबर को ब्रिटेन से खेलना है, जबकि 12 अक्टूबर को सामना न्यूजीलैंड से होगा। भारत और पाकिस्तान का सामना 14 अक्टूबर को होगा, जबकि ऑस्ट्रेलिया से 15 अक्टूबर को मैच है। राउंड रॉबिन चरण में आखिरी मैच 17 अक्टूबर को मलेशिया से खेलना है। राउंड रॉबिन चरण से शीर्ष दो टीमें 18 अक्टूबर को फाइनल खेलेंगी। भारत के कोच पीआर श्रीजेश ने कहा कि टीम अच्छी तैयारी कर रही है।

**टीम : गोलकीपर :** ब्रिकमजीत सिंह, प्रिंसदीप सिंह, **डिफेंडर :** रोहित (कप्तान), तालेम प्रियब्रत, अनमोल इक्का, आमिर अली, सुनील पीबी, रवनीत सिंह, **मिडफील्डर :** अंकित पाल, टीइंगेलम्बा लुवांग, अद्रोहित इक्का, अराइजीत सिंह हुंडल, रोशन कुजूर, मनमीत सिंह, **फॉरवर्ड :** अर्शदीप सिंह, सौरभ आनंद कुशवाहा, अजीत यादव, गुरजोत सिंह, **स्टैंडबाय :** विवेक लाकड़ा, शारदानंद तिवारी, टी किंगसन सिंह, रोहित कुल्लू, दिलराज सिंह।

# फुटबॉल में भी भारत ने पाकिस्तान को पटखनी दी, सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप में 3-2 से रौंदा

## गांगटे, गुनलेइबा और रहाम अहमद ने दागे गोल

**कोलंबो, जेएनएन।** क्रिकेट के बाद अब फुटबॉल टूर्नामेंट में भी भारतीय टीम ने पाकिस्तान को पटखनी दी। भारत ने सैफ अंडर-17 फुटबॉल चैंपियनशिप के बेहद रोमांचक मैच में चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को सोमवार को 3-2 से शिकस्त दी। मैच के दौरान पाकिस्तान के मोहम्मद अब्दुल्ला का विवादास्पद जश्न चर्चा का विषय बन गया। दोनों टीमों के सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करने के बाद यह मुकाबला औपचारिक हो गया था। भारत ने मैच के 31वें मिनट में डल्लालमुओन गांगटे के गोल से बढ़त बना ली। पाकिस्तान ने 43वें मिनट में अब्दुल्ला द्वारा पेनल्टी को गोल में बदलकर बराबरी की। गोल करने के बाद वह अपने साथियों के साथ एक अनोखे जश्न में चाय पीने की नकल करने लगा। उसका यह जश्न हालांकि पाकिस्तान के लिए ही भारी पड़ गया, क्योंकि भारत ने शानदार खेल दिखाते हुए अपनी श्रेष्ठता साबित कर दी। गुनलेइबा वांगखेइराकपम ने 63वें मिनट में गोल कर भारत को फिर से बढ़त दिला दी, लेकिन इसके सात मिनट बाद ही हमजा यासिर ने पाकिस्तान के लिए बराबरी का गोल दाग दिया। रहाम अहमद ने 73वें मिनट में गोल कर भारत को 3-2 से आगे कर दिया, जो निर्णायक साबित हुआ। भारत ने इसके बाद रक्षापंक्ति को मजबूत कर पाकिस्तान को बराबरी करने का मौका नहीं दिया।



■ अब्दुल्ला का यह विवादास्पद जश्न पाकिस्तान के क्रिकेटरों हारिस रऊफ और साहिबजादा फरहान द्वारा भारत के खिलाफ एशिया कप सुपर चार मैच के दौरान किए गए उकसाने वाले इशारों के ठीक एक दिन बाद आया। भारत ने एशिया कप का वह मैच छह विकेट से जीता था, जिसके बाद भारत की युवा फुटबॉल टीम ने श्रीलंका की राजधानी में रेसकोर्स इंटरनेशनल स्टेडियम में पाकिस्तान को शिकस्त दी।

# महिला क्रिकेटरों के टैटू से झलकती ताकत व प्रेरणा, किसी ने हनुमान, किसी ने बंगाल टाइगर तो किसी ने बनवाया बाज

## भारतीय टीम की खिलाड़ी दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा और रिचा घोष ने बनवाए टैटू

जेएनएन, नई दिल्ली

विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले सप्ताह आखिरी वनडे मैच में 72 रन बनाने वाली भारत की अनुभवी हरफनमौला दीप्ति शर्मा ने बताया कि विपरीत परिस्थितियों में बाएं हाथ पर बने हनुमानजी के टैटू से उन्हें ताकत और प्रेरणा मिलती है। दीप्ति ने कहा कि मैंने अपने बाएं हाथ पर हनुमानजी का टैटू बनवा रखा है। जब भी जीवन में उतार चढाव आते हैं, तो वह मुझे शक्ति देते हैं। भारत के लिए 80 वनडे में 1891 रन बनाने के साथ 91 विकेट ले चुकी दीप्ति ने जियो हाटस्टार के 'आफ द पिच' कार्यक्रम में कहा कि मैचों में भी जब मुझे समझ में नहीं आता कि क्या करूं तो उनके बारे में सोचती हूं। इससे मुझे शक्ति और आगे के बारे में सकारात्मक सोच मिलती है। दीप्ति के 72 रन के बावजूद भारतीय टीम 413 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए तीसरे वनडे में 43 रन से हार गई और सीरीज 1-2 से गंवा दी। अब भारत और श्रीलंका में होने वाले विश्व कप के पहले मैच में टीम इंडिया को 30 सितंबर को गुवाहाटी में श्रीलंका से खेलना है।



### राणा की पिंडली पर शेर और बाज का टैटू



स्पिनर स्नेह राणा ने भी दो टैटू बना रखे हैं, जिनमें से पहले पर 'विरोधी' और दूसरे पर 'तव धैर्यं तव बलम अस्ति' लिखा है। इस बारे में उन्होंने कहा कि हाल ही में मैंने एक टैटू बनवाया है, जिस पर विरोधी लिखा है, जिसके मायने हैं किसी मकसद से बागी। अगर हालात मेरे खिलाफ हैं, तो मैं उनसे पार पाना चाहती हूं। भारत के लिए 22 वनडे और 22 टी-20 खेल चुकी 31 वर्ष की इस खिलाड़ी ने कहा कि इसके अलावा एक और टैटू पर तव धैर्यं तव बलम अस्ति लिखा है, जो संयम रखने में मदद करता है। मैंने पिंडली पर शेर और बाज का टैटू भी बनवाया है। शेर साहस, नेतृत्व और स्वतंत्रता के लिए, जबकि बाज अपने तेज गेंदबाज और चौकस नजर के लिए।

### रिचा के हाथ पर बंगाल टाइगर



16 साल की उम्र में 2020 में भारत की विश्व कप टीम में जगह बनाने वाली हरफनमौला रिचा घोष ने बाएं हाथ पर बाघ (बंगाल टाइगर) का टैटू बनाया है। पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी की रहने वाली घोष ने कहा कि यह खास है, क्योंकि बंगाल टाइगर है और मैं भी बंगाल से हूं। उन्होंने कहा कि भारत के लिए खेलने से पहले बंगाल की अपनी एक सीनियर प्रतिभा राणा के साथ यात्रा करते समय उन्होंने मेरे हाथ पर बाघ का स्कैच बनाया। मैंने अपने परिवार से कहा कि अगर भारतीय टीम में मेरा चयन हो गया तो मैं स्थाई टैटू बना लूंगी।

## आज होंगी कई बैठकें

**रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में 23 सितंबर को विभिन्न बैठकों का आयोजन किया गया है। कलेक्ट्रेट में सुबह 11 बजे से स्वस्थ नारी सशक्त समाज कार्यक्रम के तहत जिले में अब तक हुई कार्य की प्रगति की समीक्षा की जायेगी। इसी क्रम में शाम 4 बजे से कलेक्टर द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली एवं खाद वितरण व उपार्जन से संबंधित कार्यों की समीक्षा की जायेगी।

## मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक आज

**रीवा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में मान्यता राजनैतिक दलों की बैठक 23 सितंबर को 3 बजे से कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित की गयी है। बैठक में आगामी निर्वाचक नामावली के गहन/संक्षिप्त पुनर्निरीक्षण के संबंध में की जाने वाली कार्यवाहियों पर चर्चा की जायेगी।

# रेत और गिट्टी की सप्लाई के नाम लाखों रुपए की ठगी का मास्टरमांइड पकड़ाया

## बैकुंठपुर पुलिस ने की कार्रवाई

**जागरण, रीवा।** सस्तेदर में रेत उपलब्ध कराने रेत व्यापारियों और अपने जान पहचान के लोगों से रुपए लेकर लाखों की ठगी करने वाला मास्टरमाइंड बैकुंठपुर पुलिस के हाथ लगा है। आरोपी ने रीवा और मऊगंज जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से दर्जनभर लोगों से लाखों रुपए की ठगी की थी। मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी शुभम सिंह उर्फ लल्ली, पिता अजय सिंह 19 वर्ष निवासी पल्हान थाना बैकुण्ठपुर रेत और गिट्टी की कम कीमत पर सप्लाई का झांसा देकर व्यापारियों से ठगी करता था। बैकुंठपुर थाना प्रभारी जेपी पटेल ने बताया कि वर्ष 2024 में आरोपी ने कई लोगों को ठगी का शिकार बनाया था। बताया गया



कि आनंद गौतम निवासी पाली से संसारपुर से 26 हजार रुपये, रामानंद पटेल निवासी रतहरा से रेत के नाम पर 50 हजार, शेष सिंह बघेल उर्फ संग्राम सिंह, ग्राम तेंदुन से बालू के नाम पर 46 हजार रुपए लिए लेकिन दिया कुछ नहीं। बैकुंठपुर थाना में आरोपी के खिलाफ अलग-अलग मामलों में धारा 420 भादवि के तहत मामले दर्ज थे। थाना सेमरिया में भी आरोपी के खिलाफ आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध हैं।






## वेब जीआईएस 1.0 पोर्टल बंद

**रीवा।** शासन द्वारा नवीन भू-लेख पोर्टल वेब जीआईएस 2.0 31 जुलाई 2025 से लागू कर दिया गया है। इसका संचालन यूआरएल वेब जीआईएस 2 डॉट एमपी भूलेख डॉट जीओभी डॉट इन/ से किया जा रहा है। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बताया कि वेब जीआईएस 1.0 पोर्टल अब बंद कर दिया गया है।

## 238 शीशी नशीली कफ सिरप के साथ दो गिरफ्तार

**रीवा।** अवैध नशीली कफ सिरप के साथ बाइक सवार दो युवकों को चोरहटा पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने करीब 40 हजार रुपए की 238 शीशी अवैध नशीली कफ सिरप जब्त की है। चोरहटा पुलिस ने गोड़हर खाली मैदान के पास दबिश दी। बाइक सवार दो युवक भागने का प्रयास किए लेकिन उन्हें दबोच लिया। युवकों के पास दीपक यादव उर्फ डीके पिता शिवनाथ यादव 23 वर्ष निवासी रमकुई थाना चोरहटा व राहुल द्विवेदी पिता देवमणि द्विवेदी निवासी तिघरा थाना चोरहटा से प्लास्टिक की बोरी में 238 शीशी अवैध नशीली कफ सिरप बरामद की गई। आरोपियों की मोटर साइकिल भी जब्त कर ली गई।






















जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालय:- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com